गणेश चतुर्थी आज



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 27 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 140 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

### गुजरात के अहमदाबाद में बोले पीएम नरेंद्र मोदी- जापान की मारुति सुजुकी कंपनी बन चुकी है भारत की ब्रांड अंबेसडर

## दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी, उस पर लिखा होगा-मेड इन इंडिया

#### क्या-क्या बोले प्रधानमंत्री मोदी

- भारत के पास लोकतंत्र की शक्ति है. भारत के पास डेमॉग्रफी का एडवांटेज है. हमारे पास स्किल्ड वर्कफोर्स का बहुत बड़ा पूल है. हमारे हर पार्टनर के लिए विन विन सिचुएशन है.
- सुजुकी जापान भारत में मैन्युफैक्टरिंग कर रही है और जो गाड़ियां बन रही है, वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही है. ये जापान और भारत की रिश्तों की मजबूती को दिखाती है. भारत को लेकर ग्लोबल कंपनियों के भरोसे को भी दिखाता है.
- मारुति सुजुकी जैसी कंपनियां मेक इन इंडिया की ब्रैंड ऐंबैसडर बन चुकी हैं. लगातार चार साल से मारुति भारत की सबसे बड़ी कार एक्सपोर्टर है.
- आज से ईवी एक्सपोर्ट को उसी स्तर पर ले जाने की शुरुआती हो रही है. दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी- उस पर लिखा होगी, मेड इन इंडिया.
- ईवी इको सिस्टम का सबसे क्रिटिकल पार्ट बैटरी है. कुछ समय पहले तक बैटरी पूरी तरह इंपोर्ट होती थी. ईवी मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने के लिए 2017 में टीडीएसजी बैटरी प्लांट की नींव रखी गई थी. 3 जापानी कंपनियां मिलकर भारत में पहली सेल बनाएंगी.
- कुछ साल पहले तक ईवी एक नए विकल्प के तौर पर देखा जाता था. यह कई समस्याओं का ठोस समाधान है. मैं सिंगापुर दौरे के दौरान कहा था कि हम पुरानी गाड़ियों, एंबुलेंस को हाइब्रिड ईवी में बदल सकते हैं. मारुति सुजुकी ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और एक हाइब्रिड ऐंम्बयुलेंस का प्रोटोटाइप तैयार किया है.

**एजेंसियां। अहमदाबाद**

गुजरात दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अहमदाबाद में सम्मानित किया गया. इस अवसर पर उन्होंने गुजरात स्थित टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी प्लांट में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन की शुरुआत की. यह प्लांट तोशिबा, डेंसो और सुजुकी का संयुक्त उद्यम है. इस दौरान सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष व प्रतिनिधि निदेशक तोशीहिरो सुजुकी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित थे. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी, उसपर लिखा होगा-मेड इन इंडिया.

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है. मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड हमारे उस लक्ष्य की ओर एक बड़ी छलांग है. आज से भारत में बनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स 100 देशों को एक्सपोर्ट की जाएंगी. साथ ही आज हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोल मैन्युफैक्चरिंग की भी शुरुआत हो रही है. उन्होंने कहा कि यह दिन भारत और जापान की दोस्ती को भी एक नया आयाम दे रहा है. मैं सभी देशवासियों, जापान और सुज़ुकी कंपनी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं. भारत की सफलता की कहानी के बीज करीब 13 साल पहले बोए गए थे. 2012 में जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब मैंने मारुति सुज़ुकी



को हंसलपुर में जमीन अलॉट की थी. विजन उस समय भी आत्मनिर्भर भारत का था, मेक इन इंडिया का था. हमारे तब के प्रयास आज देश के संकल्पों को पूरा करने में इतनी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं. इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने हंसलपुर प्लांट से मारुति सुजुकी की पहली ग्लोबल इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई. इसी दौरान उन्होंने हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन संयंत्र का भी उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री ने इसे भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक करार दिया.

**देश के राज्यों के लिए क्या बोले प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है. ऐसे समय में कोई भी राज्य पीछे नहीं रहना चाहिए. हर राज्य को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए. हिंदुस्तान आने वाले निवेशकों को इतना कन्फ्यूजन होना चाहिए कि वे सोचें, मैं इस राज्य में जाऊं या उस राज्य में. मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं, आइए, रिफॉर्म्स की स्पर्धा करें, प्रो डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें.

**भारत के पास प्रजातंत्र की शक्ति :** पीएम मोदी ने कहा, भारत के पास प्रजातंत्र की शक्ति है. भारत के पास प्रजातंत्र का फायदा है. हमारे पास कुशल कार्यबल का बहुत बड़ा पूल भी है इसलिए ये हमारे हर साथी के लिए जीत की स्थिति बनाता है. आज सुज़ुकी जापान भारत में मैन्युफैक्चरिंग कर रही है, और यहां बनी गाड़ियां वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं. यह भारत और जापान के रिश्तों की मजबूती का प्रतीक तो है ही, साथ ही भारत को लेकर ग्लोबल भरोसे को भी दर्शाता है.

#### ब्रीफ न्यूज

### सिफत कौर समरा ने निशानेबाजी में भारत को दिलाया गोल्ड

**नयी दिल्ली।** भारत की शूटर सिफत कौर समरा ने फिर भारत का नाम रौशन किया है. उन्होंने कजाकिस्तान के श्यामकेंट में आयोजित एशियाई निशानेबाजी में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया. सिफत ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है. फाइनल राउंड में सिफत ने 459.2 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया. वहीं चीन की यांग युजी ने 458.8 अंक हासिल कर दूसरा स्थान पर रही और सिल्वर मेडल अपने नाम किया है.

### मोदी-पुतिन का स्वागत करेंगे चीनी राष्ट्रपति

**बीजिंग।** ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएम नरेंद्र मोदी व रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में न्यौता देकर बड़ा संदेश दिया है. सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन में होगा. यह आयोजन अमेरिका को नई व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है. सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों में तनाव बढ़ा है. चीन यह दिखाना चाहेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और भारत को अलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं.

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर 5 श्रद्धालुओं की मौत

**कटरा।** जम्मू स्थित माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को भारी बारिश के बीच अर्धकुंवारी के पास पहाड़ी पर जोरदार धमाके के साथ अचानक लैंड स्लाईड हुई. भूस्खलन से इसके मलबे में कई लोगों के दबने की आशंका है. अब तक इस हादसे में पांच लोगों की मौत होने की सूचना है. कई श्रद्धालु घायल हैं, जिन्हें कटरा स्थित अस्पताल पहुंचाया गया. हादसा होते ही श्राइन बोर्ड और सुरक्षा बलों ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया. बारिश के बीच सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं को रस्सियों और बैरिकेडिंग की मदद से निकाल रहे हैं. खबर है कि जम्मू शहर के सुंजवां इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है.

### मानसून सत्र का तीसरा दिनः भोजनावकाश के बाद सदन में माहौल बदला

## सरकार ने झारखंड राज्य विवि समेत पांच बिल पारित कराए

**रांची। राजधानी रांची के मौसम की तरह भोजनावकाश के बाद झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही का माहौल भी बदल गया. जिस तरह राजधानी रांची में मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिली और मौसम सुहाना दिखा, उसी तरह भोजनावकाश के बाद विपक्ष ने सदन में शांतिपूर्ण व्यवहार किया. राज्य सरकार ने अपने सभी महत्वपूर्ण विधायी कार्य को संपन्न करा लिए. विपक्ष के मामूली विरोध के बीच सभी बिल ध्वनि मत से पारित होते चले गए. इस दौरान विपक्ष बिल्कुल शांत रहा.**

### 1. झारखंड राज्य विवि विधेयक, 2025

झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक इस अधिनियम के माध्यम से राज्य के विश्वविद्यालयों में बीसी, प्रोवीसी रजिस्ट्रार परीक्षा नियंत्रक और वित्तीय सलाहकार जैसे पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल के पास न होकर मुख्यमंत्री के पास होगा. विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों व गैर पदों पर बहाली और प्रमोशन का फैसला भी राज्य सरकार करेगी. सीनेट की अध्यक्षत प्रोसीसी या उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री करेंगे. इसमें सीनेट की बैठक वर्ष में दो बार होगी. इस पर चर्चा करते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव किया. कहा कि यह विधेयक राजनीति से प्रेरित है. शिक्षा राजनीतिकरण करने का प्रयास है. नवीन जायसवाल ने कहा कि इसमें राज्यपाल का पावर सीज करने का प्रयास है. कमेटी में कम से कम पांच सदस्य होने चाहिए. इसमें कार्यकर्ताओं को थर्ड और फोर्थ ग्रेड में नौकरी देने का उपाय किया गया है. मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि कुलाधिपति को विजिटर के रूप में नामित किया गया है. गुजरात में यह मॉडल पिछले 11 साल से सफल रहा है. विश्वविद्यालयों को राजनीति का आखाड़ा किसने बनाया यह सब जानते हैं. विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि राजनीति से प्रेरित इनकी भावना राज्य हित में नहीं है. इस विधेयक में तमाम बिंदुओं की समीक्षा की गई है. सीनेट की बैठक वर्ष में दो बार होना अनिवार्य है. इसे प्रवर समिति में भेजने की जरूरत नहीं है. ये है खास...

- विश्वविद्यालयों में बीसी, प्रोवीसी, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्तीय सलाहकार जैसे पदों पर नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री के पास होगा.
- विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों व गैर पदों पर बहाली और प्रमोशन का फैसला राज्य सरकार करेगी.
- सीनेट की अध्यक्षता प्रो-वीसी या उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री करेंगे.
- सीनेट की बैठक वर्ष में दो बार होगी.

### 2. झारखंड व्यावसाविक शिक्षण संस्थान शुल्क रेगुलेशन विधेयक 2025

निजी व व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के शुल्क संरचना में समानता लाने को लेकर यह विधेयक है. मेडिकल इंजीनियरिंग मैनेजमेंट जैसे पाठ्यक्रमों की फीस को तार्किक बनाना इसका उद्देश्य है. इसके तहत फीस दांया तय करने के लिए शुल्क नियामक समिति का गठन होगा. सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में व्यावसायिक शिक्षा के शुल्क निर्धारण का आदेश दिया वा ताकि निजी संस्थानों की मनमानी फीस उगाही पर रोक सके. ये है खास...

- निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की फीस को विनियमित करने के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा स्थापित किया जाएगा.
- शुल्क विनियमन समिति की स्थापना की जाएगी जो फीस संरचना को निर्धारित करेगी और मनमानी फीस को रोकने के लिए काम करेगी.
- छात्रों के लिए शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा.

### 3. झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025

झारखंड कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) विधेयक इस अधिनियम के लागू होने से 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले कोचिंग संस्थान इसके दायरे में आ जाएंगे. 1000 से ज्यादा बच्चे होंगे तो कोचिंग संचालकों को साइकोलोजिस्ट रखना होगा. ऐसे संस्थानों को जिला स्तर को कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा. अनियमित ढंग से बढ़ते कोचिंग सेंटर और मनमानी फीस वसूली जैसी विसंगतियों की रोकथाम के लिए सरकार ने यह विधेयक तैयार किया है. इसके लिए जिला स्तर पर डीसी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी और राज्य स्तर पर झारखंड स्टेट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन होगा. ये है खास...

- कोचिंग सेंटरों की निगरानी और विनियमन के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय नियामक प्राधिकरण स्थापित किए जाएंगे।
- सभी कोचिंग सेंटरों, विद्यार्थियों, ट्यूटर्स और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाताओं के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्रणाली लागू की जाएगी.
- कोचिंग सेंटरों को पंजीकृत मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा कैरियर मार्गदर्शन और मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं प्रदान करना अनिवार्य होगा.

### 4. प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण कल्याण) विधेयक 2025

यह कानून बनने के बाद राज्य के करीब 50 हजार गिंग वर्कर्स को दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य कल्याण योजनाओं का लाभ मिलेगा. इसके लिए गिंग वर्कर्स कल्याण बोर्ड और कल्याण कोष बनेगा. इनकी सेवा लेने वाले प्रतिष्ठानों को बोर्ड से उनका पंजीकरण कराना होगा. एग्रीगेटर को अपने वार्षिक टर्नओवर का 1 में 2% बोर्ड में जमा करना होगा. अनुदान, सीएसआर फंड में भी पैसे बोर्ड को मिलेंगे. इससे गिग वर्कर्स एवं उनके परिजनों को मदद दी जाएगी. ये है खास...

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अनुमोदनों और निरीक्षणों से छूट प्रदान की जाएगी.
- उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यह विधेयक लाया गया है.

### 5. झारखंड सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम छूट विधेयक

सरकार ने मूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) लगाने वालों को विशेष छूट देने का फैसला लिया है. इस अधिनियम के लागू होने के बाद ऐसे उद्योग लगाने के लिए तीन साल तक लाइसेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी. किसी प्रकार की कोई फीस या टैक्स भी नहीं देना होगा. इससे उद्योगपति प्रारंभिक चरणों में प्लांट लगाने और उद्योगों के विकास पर ध्यान दे सकेंगे. उन्हें लंबी अनुमोदन प्रक्रिया से छूट मिलेगी. ये है खास...

- गिग श्रमिकों के लिए सभ्य काम सुनिश्चित करने, न्यूनतम पारिश्रमिक स्थापित करने और सामाजिक सुरक्षा के लिए एक नियामक तंत्र लागू किया जाएगा.
- गिग श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रणाली लागू की जाएगी और उनके कल्याण के लिए काम किया जाएगा.

-पेज 2 भी देखें

#### विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित, मंत्री बोले

### लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश

**रांची ।** झारखंड के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए मंगलवार को विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया. मंत्री किशोर ने विधानसभा में आरोप लगाया कि यह संसदीय लोकतंत्र को कमजोर करने और गरीबों एवं दलितों को वंचित करने का प्रयास है. इसी क्रम में संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में सदन में प्रस्ताव रखा. उन्होंने कहा कि बिहार



विधानसभा चुनाव से पूर्व ही एसआईआर कराने की क्या जरूरत पड़ी. प्रस्ताव में झारखंड में एसआईआर नहीं कराने की उसमें बात कही गयी है. इसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया.


विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत होने से एसआईआर के विरोध में प्रस्ताव स्वत: पारित हो गया है. इसका प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने जमकर विरोध किया. उन्होंने कहा कि राज्य का डेमोग्राफी बदल रही है. सरकार रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को वोटर बनाने की कोशिश कर रही है. फर्जी वोटर बना कर लाभ लेने की कोशिश में है. लेकिन विरोध के बाद भी सदन से प्रस्ताव पारित हो गया.

### भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर होगा बड़ा असर

## ट्रंप सरकार ने आज से लगाया 50% भारी टैरिफ

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

अमेरिका 27 अगस्त 2025 से भारत से आयातित श्रम प्रधान वस्तुओं जैसे झींगा, वस्त्र, चमड़ा और आभूषण पर



50 प्रतिशत भारी टैरिफ लागू करने जा रहा है. इस कदम से भारत के अमेरिका को होने वाले करीब आधे निर्यात पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा. भारत और अमेरिका के बीच कुल यूएसडी 86 अरब के व्यापार में से ज्यादातर श्रम-प्रधान वस्तुओं पर यह टैरिफ लागू होगा. हालांकि, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोलियम जैसे कुछ महत्वपूर्ण उत्पाद इस टैरिफ से मुक्त रहेंगे. खबर के मुताबिक, यूएस सरकार की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह नया टैरिफ 27 अगस्त को आधी रात 12:01 बजे (ईस्टर्न डेलाइट टाइम) से प्रभावी होगा. फिलहाल भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले माल पर 25 प्रतिशत टैरिफ पहले से है, जिसमें अब रूस से कच्चे तेल और सैन्य उपकरण खरीदने पर लगे प्रतिबंध के तहत अतिरिक्त 25% जुड़ जाएगा.

#### टैरिफ को ले पीएम ने की बड़ी बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम अमेरिकी टैरिफ से निपटने की तैयारियों पर अहम बैठक बुलाई. इस बैठक में मोदी के साथ ही कई वरिष्ठ मंत्री और वित्त एवं कॉमर्स मिनिस्ट्री के बड़े अधिकारी मौजूद थे. इस बैठक के बाद सरकार बड़े ऐलान कर सकती है, जो भारतीय निर्यातकों को राहत देने के साथ-साथ वैकल्पिक बाजारों की तलाश में मददगार हों. यह बैठक मोदी की जापान और चीन की इस महीने होने वाली यात्रा से पहले हुई. सरकार निर्यातकों के लिए आर्थिक राहत और कामगारों के लिए पैकेज का ऐलान कर सकती है.

### जर्मनी के अखबार ने किया बड़ा दावा, कहा

## ट्रंप ने 4 बार लगाया फोन पीएम मोदी ने नहीं की बात

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से भारत पर 50% टैरिफ का ऐलान किया है तब से दोनों देशों के रिश्तों में तल्खियां बढ़ी हुई हैं. इस बीच जर्मनी के एक अखबार ने दावा किया है कि ट्रंप ने टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी को चार बार कॉल किया, लेकिन मोदी ने उनसे बात करने से मना कर दिया.

जर्मन न्यूज पेपर फैज ने दावा किया है कि भारत को डेड इकोनॉमी कहने पर पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से नाराज हैं. टैरिफ की वजह से 25 सालों के भारत-अमेरिका संबंधों में खटास आई है. अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया, जो ब्राजील के अलावा किसी दूसरे देश से सबसे अधिक है. अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर जुर्माना भी लगाया है. फैज का दावा है कि ट्रंप ने हाल के हफ्तों में चार बार मोदी को फोन किया,पर उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया.

#### ट्रंप से क्यों नाराज हैं पीएम नरेंद्र मोदी?

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को कहा, मुझे इसकी परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है. वे दोनों मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी को नीचे गिरा सकते हैं. हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है, उनके टैरिफ बहुत ऊंचे हैं, जो कि दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक हैं. जर्मनी के अखबार ने दावा किया है कि पीएम मोदी ट्रंप की इसी टिप्पणी से नाराज हैं. जर्मन न्यूज पेपर में दावा किया गया है कि ट्रंप ने इसके बाद कई बार पीएम मोदी को मनाने की कोशिश की. इसमें कहा गया कि भारत मौजूदा समय में बहुत ही सावधानीपूर्वक कदम उठा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी अमेरिकी कृषि व्यवसाय के लिए भारत के बाजार खोलने के ट्रंप के दबाव का भी विरोध कर रहे हैं.

### मेरे विचार : जितना मैंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देखा...जाना और समझा

## संघ को लेकर सुनियोजित तरीके से फैलायी गयी भ्रांति

**शाहनवाज हसन**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस को लेकर मुस्लिमों के



बीच यह भ्रांति एक सुनियोजित तरीके से फैलायी गयी कि संघ का उद्देश्य भारत के मुसलमानों को समाप्त करना है. राजनीतिक लाभ के लिए मुस्लिम समुदाय को देश में अलग थलग कर उन्हें अल्पसंख्यक बताया गया, ताकि वे देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज से दूर हो जाएं और उन्हें यह दर्शाया गया कि हिंदू समाज मुसलमानों का अस्तित्व बर्दाश्त नहीं कर सकता. इसका भारी नुकसान मुसलमानों को देशभर में उठाना पड़ा, वे अपने ही देश में दोयम दर्जे के नागरिक बन कर रह गये. मुसलमानों को शिक्षा से दूर करने का षड्यंत रचा गया और उन्हें दंगों का भय दिखा गया, जिसके फलस्वरूप उन्हें अपनी अलग बस्तियां बनानी पड़ीं, ताकि वे सुरक्षित रह सकें. पिछले 75 वर्षों में मुसलमानों के समक्ष स्वयं को सेकुलर बतानेवाले राजनीतिक दलों ने मुसलमानों के समक्ष उर्दू, मदरसे, वक्फ बोर्ड जैसे मुद्दों में उलझा कर रख दिया. वे शिक्षा एवं ज्ञान से पूरी तरह कट कर रह गये. धार्मिक शिक्षा को पेशा बना कर उन्हें पेट पालने के लिए मजबूर किया गया, ताकि उनका राजनीतिक रूप से शोषण किया जाता रहे.

एक पत्रकार के रूप में आरएसएस की कई संस्थाओं को मुझे करीब से समझने का अवसर मिला. मैं 1980 के दशक से संघ के प्रचारक रहे अपने पिता के अभिन्न मित्र डॉ. एसजे काले के साथ जमशेदपुर में सोनारी स्थित आश्रम जाया करता था, तब हम ईद और दीवाली साथ मनाया करते थे. हमने कभी मुसलमानों के प्रति हीन भावना उनमें नहीं देखी. वह हमारे यहां ईद के मौके पर बिना भोजन किये कभी नहीं जाते थे. संघ के कई वरीय प्रचारकों का मुझे सान्निध्य मिला. हमने साथ-साथ कई यात्राएं भी कीं. हम अक्सर देश एवं समाज के गम्भीर मुद्दों पर चिन्तन करते, धर्म के नाम पर रूढ़िवादियों के कॉक्स की चर्चा करते.

मेरा जन्म जमशेदपुर में हुआ, जिसे कभी दंगों के शहर के रूप में भी जाना जाता था. जमशेदपुर एवं दंगों का एक लम्बा इतिहास रहा है. 1964, 1979, 1992 और 2011 में जमशेदपुर में दंगे हुए. 2011 में दंगे के प्रयास को विफल बनाने में मेरे साथ कई स्वयं सेवकों ने बड़ी भूमिका निभायी. हमने मिल कर काम किया और मुस्लिम युवाओं के बीच नफरत की खेती करनेवालों के षड्यंत को असफल किया. तब शहर के वरीय पुलिस अधीक्षक रहे मित्र अमोल वर्णुकांत होमकर का भरपूर सहयोग मिला था.

संघ से जुड़े स्वयंसेवकों को मैंने कांग्रेस, राजद, झामुमो एवं अन्य राजनीतिक दलों में भी बड़ी संख्या में देखा है. संघ का जुड़ाव केवल एक राजनीतिक दल से है, यह प्रचारित किया जाता रहा है, जबकि संघ राष्ट्रीय हित के लिए गैर राजनीतिक संगठन के रूप में 'देश सर्वप्रथम' की भावना को लेकर कार्य कर रहा है.

### बड़ी खबरः नौसेना के हिस्सा बने आईएनएस उदयगिरि-हिमगिरि

## आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार

**एजेंसियां। विशाखापत्तनम**

भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है. विशाखापत्तनम में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया. रक्षा मंत्री ने कहा, दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है. भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है. भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति-समृद्धि भी बनाए रखती है.

राजनाथ सिंह ने कहा, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है. मैं इस मौके पर भारतीय नौसेना को बधाई



देता हूं. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण स्वदेशी तौर पर किया गया है. उन्होंने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं. इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं. ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे. उन्होंने कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था. हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा. हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है. इन युद्धपोतों के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना ने एक शताब्दी पूरी कर ली है. आज स्वदेशी एफ35 युद्धपोत भी लॉन्च किया गया है. एक देश के पास उड़ने वाला एफ-35 है और आपने तैरता हुआ एफ35 बनाया है, वह भी भारत में निर्मित.

# रिम्स-2 विवाद : गीताश्री समेत 85 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 की जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने 85 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है. यह कार्रवाई तब की गई, जब ग्रामीणों ने भूमि पर हो रहे निर्माण का विरोध किया और इस दौरान पुलिस पर हमला किया गया. कांके के सीओ अमित भगत ने थाना में लिखित शिकायत दी है, जिसके आधार पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है. शिकायत में कहा गया है कि उग्र भीड़ ने सरकारी काम में बाधा डाला, पुलिस पर जानलेवा हमला किया और निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया. पुलिस के मुताबिक, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पांच आंसू गैस के गोले छोड़े गए, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ. भीड़ ने हरवे-हथियार से पुलिस बल पर हमला किया. इस दौरान लगभग 127 एकड़ भूमि पर हो रहे निर्माण की घेराबंदी को तोड़ा गया और करीब 1300 सीमेंट के खंभों को क्षतिग्रस्त किया गया, जिससे भारी सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ.



**नारा लगाकर भीड़ को उकसाने का आरोप :** आरोप है कि पूर्व विधायक गीताश्री उरांव, देवेंद्र महतो, जगलाल पाहन, प्रेमसाही मुंडा और अन्य समर्थकों ने "मारो मारो पुलिस प्रशासन हाय हाय, झारखंड सरकार मुर्दाबाद" जैसे नारे लगाकर भीड़ को उकसाया. उनके उकसाने पर प्रदर्शनकारियों ने निर्माण स्थल में जबरन प्रवेश किया और ट्रैक्टर से हल चलाकर विरोध प्रदर्शन किया. इस घटना में चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी पहचान सिपाही महाबीर टोप्पो, ममता कुमारी, चिंतामणि और नेलेन पूर्ति के रूप में हुई है.

### किन-किन के खिलाफ दर्ज की गई है प्राथमिकी

पुलिस ने घटना की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की मदद से और प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिसकर्मियों की पहचान के आधार पर 85 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इनमें गीताश्री उरांव, देवेंद्र महतो, जगलाल पाहन, प्रेमसाही मुंडा, रितेश उरांव, निशा भगत, नेलशन भगत, आरती कुजूर, लक्ष्मीनारायण मुंडा, रीजा उरांव, बिरसा उरांव और किरपाल उरांव शामिल हैं. इसके अलावा विगल उरांव, जितनाथ बेदिया, किरण टोप्पो, विश्वकर्मा टोप्पो, छोटू उरांव, राधे टोप्पो, अमृत टोप्पो, विकास टोप्पो, दयामनी टोप्पो, राजू उरांव, पूनम देवी, विनीता टोप्पो, संजय टोप्पो, मनोज टोप्पो, कैलाश उरांव, महादेव उरांव, पूरनी देवी, मुन्नी देवी, स्पेश टोप्पो, विजय टोप्पो, शैलेंद्न टोप्पो, डुभम देवी, मनीषा टोप्पो, अमर टोप्पो, गीता टोप्पो, अशोक कुजूर, बंधन टोप्पो, बॉबी टोप्पो, प्रीती टोप्पो, पुष्पा खलखो और अमीत गाड़ी के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है. कांके थाना में दर्ज प्राथमिकी में छोटू टोप्पो, रोडित लिण्डा, सकील टोप्पो, अशोक टोप्पो, सतीश टोप्पो, लक्ष्मी नारायण मुंडा, अगर तिर्की, कलिका गाड़ी, मंजुला गाड़ी, डबलू मुंडा, फूलचंद्र तिर्की, अजय भूटकुवंर, फुलकेश्वर बैठा, अनुज मुंडा, अर्जुन गाड़ी, विशाल उरांव, बलक उरांव, रोहित कच्छप, विशाल मुंडा, अमर तिर्की, हर्षिता मुंडा, रामविलास महतो, रोबिन महतो, मनोज कुमार, सीताराम महतो, विनोद महतो, रामानंद टोप्पो, अशोक मागु, लाखो जसेंत, चांडूल एतवा, बंदीराम टोप्पो, सुकरा टोप्पो, नूतन टोप्पो, नीलम टोप्पो, ज्योति टोप्पा, पिंकी देवी, नेहा बांडो, विजय टोप्पो, विनोद टोप्पो और सगीता देवी का नाम भी शामिल है.

# जेटेट परीक्षा में देरी को लेकर फूटा गुस्सा, धरना-प्रदर्शन किया



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में जेटेट परीक्षा को लेकर लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया. परीक्षा फॉर्म भरे हुए एक वर्ष से अधिक हो चुके हैं लेकिन अब तक न तो परीक्षा आयोजित की गई है और न ही कोई स्पष्ट तिथि घोषित की गई है. इसी को लेकर मंगलवार को रांची में पुराने विधानसभा से अभ्यर्थियों ने नए विधान सभा टूटे मैदान तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च और धरना प्रदर्शन किया. प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मौजूदा झारखंड सरकार पर तीखे आरोप लगाए और जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों ने 'झारखंड सरकार होश में आओ', 'झारखंड सरकार मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए. छात्रों का कहना है कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है.
अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग है कि जेटेट परीक्षा का नोटिफिकेशन और परीक्षा तिथि शीघ्र जारी की जाए ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का अवसर मिल सके. उनका कहना है कि वर्षों से परीक्षा नहीं हो रही है जिससे शिक्षण क्षेत्र में नियुक्तियों पर भी असर पड़ा है. जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य गठन को 25 वर्ष हो चुके हैं परंतु हर साल नियमित रूप से परीक्षा नहीं हो रही है. झारखंड के लगभग हर विभाग में पद रिक्त हैं फिर भी सरकार परीक्षा आयोजित करने के प्रति उदासीन बनी हुई है. सरकार की नियुक्ति नियमावली को लेकर गंभीरता नहीं है. महतो ने आगे कहा कि सभी अभ्यर्थी पुराने विधानसभा से नए विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे और वहां धरना देकर सरकार का ध्यान युवाओं के रोजगार की ओर आकर्षित करेंगे. अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह आंदोलन और तेज होगा.

## नमन विक्सल ने उठाए मनरेगा पर रोक और किसानों के मुआवजे के मुद्दे



**रांची।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दे सदन में उठाए. उन्होंने बांसजोर 143 सड़क के पण्डरीपानी के पास बने 100-100 मीटर के पुल एवं पुलिया के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और भ्रष्टाचार का मामला उठाया. विधायक ने पूछा कि क्या उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का इस्तेमाल हुआ था और यदि हां, तो उसकी मरम्मत कब तक की जाएगी. इस पर एनएच विभाग की ओर से दिए गए जवाब को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से यह भी जानकारी मांगी कि क्या सरकार मनरेगा योजना के अंतर्गत पीसीसी कार्य की अनुमति देती है और क्या सिमडेगा जिले में इस कार्य पर रोक है. विभाग ने एक प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक और दूसरे का अस्वीकारात्मक रूप में दिया, जबकि उन्होंने दावा किया कि सिमडेगा में पीसीसी कार्य पर रोक थी. शून्यकाल के दौरान विधायक ने टीटांगर प्रखंड में भारी वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद होने का मुद्दा उठाया. उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पहले ही लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.

# सदन के अंदर व बाहर गूंजा वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा, धरे रह गए जनता के सवाल

सत्ता पक्ष

मॉनसून सत्र

विपक्ष





**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन भी प्रश्नकाल नहीं हो पाया. जनता के सवाल धरे गए. मंगलवार को भी सदन के अंदर और बाहर वोट चोर गद्दी छोड़, सूर्या हांसदा की सीबीआई जांच, अटल क्लीनिक और राज्यपाल के अधिकारों में कटौती का मामला गूंजता रहा. बुधवार को दिन के 11-07 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई. कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने हाथ में संविधान लिए कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में वोट का अधिकार दिया. आज वोट चोर वोट की चोरी कर रहे हैं. तीसरे दरवाजे से वोट की चोरी कर सत्ता पर बैठना चाहते हैं. उसके बाद सत्ता पक्ष की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ और एसआइआर वापस लेने के नारे सदन में गूंजने लगे. इसके बाद विपक्ष भी नारा लगाते हुए वेल घुसा. विपक्ष सूर्या हांसदा प्रकरण पर सीबीआई जांच, अटल क्लीनिक, रिम्स टू और राज्यपाल के अधिकारों में कटौती प्रकरण पर विरोध-प्रदर्शन करने लगा. इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

**प्रदीप यादव ने फिर उठाया एसआइआर का मामला :** सदन की कार्यवाही दोबारा दोपहर 12:04 बजे शुरू हुई तो प्रदीप यादव ने दोबारा एसआइआर का मुद्दा उठाया. कहा कि झारखंड सरकार लोकतंत्र की रक्षा करने वाली सरकार है. वोट के अधिकारों की रक्षा करने वाली सरकार है. इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासियों की खतियानी जमीन छीनी जा रही है. उनकी भूमि वापस होनी चाहिए. सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच होनी चाहिए. सत्ता पक्ष के लोग एसआइआर का मुद्दा उठा कर डायवर्ट कर रहे हैं. डेमोग्राफी बदल रही है. इसकी कोई चिंता नहीं है. कोई आदिवासी एमएलए-एमपी नहीं बन पाएगा. आदिवासियों की कोई चिंता नहीं है. इस पर संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सरकार संवेदनशील है. हंगामा होता देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

**स्पीकर ने की सदन चलाने की पूरी कोशिश :** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन चलाने की पूरी कोशिश की. उन्होंने बार-बार आग्रह किया कि सदन को चलने दें. प्रश्नकाल चलने दें. लेकिन विपक्ष और सत्ता पक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा.

## सदन के बाहर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भी सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन जारी रहा. सत्ता पक्ष ने एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाये. तख्तियों पर लिखा था कि गरीबों का वोट छीनना बंद करो, वोट से वंचित करना, लोकतंत्र की हत्या करना है और गरीबों का हक छीनने वाली भाजपा सरकार हाय हाय! जैसे नारे लिखे हैं.
वहीं दूसरी तरफ बीजेपी विधायकों ने अटल क्लीनिक को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. कहा कि झारखंड सरकार अटल जी का अपमान कर रही है. बीजेपी ने राज्यपाल के अधिकारों की कटौती और सूर्य हांसदा एनकाउंटर मामले का भी विरोध किया. विधायकों के हाथों में लिए तख्तियों पर अटल बिहारी जी का पूरा देश सम्मान करता है, पर झारखंड की सरकार ने उनका अपमान किया है, राज्यपाल के संवैधानिक अधिकारों में हस्तक्षेप बंद करो, गुनाहगारों को बचाना बंद करो और तुरंत सीबीआई जांच करो, सूर्या हांसदा के खून का हिसाब आदिवासी समाज मांग रहा जवाब, आदिवासियों की हत्या पर चुप क्यों सरकार, सीबीआई जांच से क्यों इनकार जैसे नारे लिखे हैं.

## निलंबित आईएएस विनय चौबे ने हजारीबाग एसीबी कोर्ट से मांगी बेल

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग में उपायुक्त रहते हुए सेवायत भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित आईएएस विनय चौबे ने हजारीबाग एसीबी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत मांगी है. विनय चौबे ने जिस मामले में हजारीबाग एसीबी कोर्ट से बेल मांगी है, उस मामले में इसी महीने प्राथमिकी दर्ज की गई है. एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है. विनय चौबे को इस मामले में न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है. इससे पहले विनय चौबे झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे. लेकिन तय समय के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें लाभ मिला और उन्हें शराब घोटाला केस में बेल मिल गई. अब हजारीबाग एसीबी कोर्ट उनकी बेल पर सुनवाई के दौरान क्या आदेश देता है, यह देखंना काफी महत्वपूर्ण होगा.

## कुणाल ने जेएससीए का नाम शिबू सोरेन के नाम पर रखने की मांग उठाई

**रांची।** बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) का नाम पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर रखने की मांग की है. उन्होंने कहा कि इससे न केवल जेएससीए को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, बल्कि राज्य की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को भी सम्मान मिलेगा. षाड़ंगी ने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाई है और उनके योगदान को सम्मानित करना आवश्यक है. उनके नाम पर जेएससीए का नामकरण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा. उन्होंने आशा जताई कि राज्य सरकार और जेएससीए इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेंगे.

## एनकाउंटर पर गरमाई सियासत: बाबूलाल ने जारी किया बच्चों का भावुक वीडियो

# तख्तियां लिए बच्चे सूर्या के लिए लगा रहे हैं न्याय की गुहार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के चर्चित सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए एक भावुक वीडियो साझा किया है, जिसमें बोरिया प्रखंड के स्कूली बच्चे हाथों में तख्तियां लिए सूर्या हांसदा के लिए न्याय की गुहार लगा रहे हैं.

वीडियो में बच्चों की टूटती आवाज और आंखों में आंसू साफ झलकते हैं, जो इस एनकाउंटर को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं.मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन मासूम बच्चों के दर्द को शब्दों में बयां करना आसान नहीं है. सूर्या हांसदा ने इन्हीं बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने का काम किया. क्या यही उनका अपराध था? क्या समाज के लिए काम करना अब सज़ा देने लायक हो गया है?"




बाबूलाल मरांडी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्यभर में इस एनकाउंटर को लेकर विरोध तेज हो रहा है. भाजपा और कई सामाजिक संगठनों का कहना है कि सूर्या हांसदा कोई अपराधी नहीं बल्कि बोरिया प्रखंड के एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, जो वर्षों से आदिवासी बच्चों की शिक्षा, अधिकार और उत्थान के लिए काम कर रहे थे. मरांडी के अनुसार, उनकी मौत को लेकर स्थानीय लोग और कई नेता इसे 'फर्जी एनकाउंटर' बता रहे हैं.

मरांडी ने सरकार से तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति आदिवासी बच्चों के लिए शिक्षा की अलख जगाए, उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करे, तो क्या उसे इनाम की बजाय मौत दी जाएगी? उन्होंने कहाकि सूर्या हांसदा की हत्या के साथ-साथ इन बच्चों के भविष्य के साथ भी अन्याय हुआ है. जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, हम चुप नहीं बैठेंगे."

# विशाखापत्तनम में फंसे झारखंड के 18 मजदूर, मदद की गुहार




**रांची।** झारखंड से रोज़गार की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख करने वाले मजदूरों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है. बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर घर से निकले ये मजदूर आज दूसरे राज्यों में बंधुआ मजदूरी जैसी स्थिति में जीने को मजबूर हैं. ऐसा ही एक मामला आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से सामने आया है, जहां झारखंड के 18 मजदूर पिछले तीन महीनों से बिना वेतन के काम कर रहे हैं. हालत यह है कि अब उनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं हैं और वे पिछले दो दिनों से भूखे पेट कमरे में बंद हैं. ये मजदूर झारखंड के पलामू, गढ़वा और रांची जिलों से ताल्लुक रखते हैं। करीब तीन महीने पहले एक ठेकेदार इन मजदूरों को काम दिलाने के बहाने विशाखापट्टनम के रामबली इलाके (अंकपल्ली जिला) ले गया था. बताया गया था कि काम के बदले नियमित साप्ताहिक भुगतान किया जाएगा, लेकिन कुछ दिन वेतन मिलने के बाद अब तीन ... करने से इनकार कर रही है, बल्कि अब डांटकर भगा रही है. पिछले डेढ़ महीने से मजदूर एक-एक पैसे को मोहताज हो गए हैं. दुकानदारों ने उधार राशन देना बंद कर दिया है और जिनका पैसा देना है, वे धमकी पर उतर आए हैं. एक अन्य मजदूर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अब तो हालात इतने खराब हैं कि उधारी देने वाले मोबाइल और सामान जब्त करने की धमकी दे रहे हैं. सभी मजदूर डर के मारे अपने कमरे में बंद हैं और अब झारखंड सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें इस नारकीय स्थिति से निकाला जाए और उनकी मेहनत की कमाई दिलवाई जाए. मजदूरों ने झारखंड लेबर डिपार्टमेंट से भी संपर्क किया, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली.

# गुरुजी को मिले राज्य पिता का दर्जा, मनोज पांडेय ने की मांग



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखण्ड के राज्य पिता के रूप में अधिसूचित किया जाए. उन्होंने कहा है कि झारखंड का कण-कण राज्य निर्माता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का सृष्टि के रहने तक ऋणी रहेगा. झारखंड राज्य के निर्माण के लिये दिशोम गुरु ने अपना बचपन खोया, जवानी खपा कर बुढ़ापा पाया. झारखण्ड निर्माण आंदोलन के दौरान उन्हें उपहास का विषय बनाया गया, कई प्रकार से प्रताड़ित किया गया. आंदोलन को दागदार बनाने के भी कई षड्यंत्र हुए। षड्यंत्रकारियों ने जेल और हवालात की भी हवा उन्हें खिलाई. यातनाओं की पराकष्ठा का भी उन्होंने दौर झेला और सहा. झारखण्ड राज्य का सपना उन्होंने देखा और राज्य निर्माण होने तक वो न थके और न ही रुके. राज्य निर्माता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के निधन से पूरा राज्य मर्माहत है. हर झारखंडी अब तक शून्यता का ऐहसास कर रहा है. इस शून्यता को कभी भी भरा नहीं जा सकता, उनके जाने का दर्द जीवन के अंतिम सांस तक बना रहेगा. आगे उन्होंने कहा कि भारत की आज़ादी में महात्मा गांधी के योगदान के प्रति जैसे राष्ट्र कृतज्ञ है, वैसे ही झारखण्ड के निर्माण के लिए दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के योगदान के प्रति राज्य कृतज्ञ है. राष्ट्र की कृतज्ञता के परिणाम स्वरुप महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के रूप में अधिसूचित कर हर सरकारी कार्यालय में उनकी तस्वीर लगाना अनिवार्य किया गया.

# मानसून सत्र : कोचिंग संस्थानों पर लगेगी लगाम, विधानसभा से विधेयक पास



**शुभम संदेश। रांची**

छात्रों की आत्म हत्या के बढ़ते मामले, आग की घटनाओं, मूलभूत सुविधाओं की कमी के अलावा अनियमित ढंग से बढ़ते कोचिंग सेंटरों और अत्यधिक फीस वसूलने के अलावा कई अन्य तरह की विसंगतियों पर रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने झारखंड कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) बिल 2025 को आज विधानसभा से पारित करा लिया. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा सदन में पेश विधेयक को भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव दिया. लेकिन ध्वनि मत से जायसवाल का प्रस्ताव सदन ने खारिज कर दिया. हालांकि भाजपा के अन्य विधायकों ने भी इस अधिनियम में किए गए प्रावधानों का विरोध नहीं किया. विधेयक पर अब राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही, कानून बन जाएगा. उसके बाद राज्य के लगभग पांच लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा, जो विभिन्न तरह कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हैं. कोचिंग सेंटरों के माध्यम से कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर किसी भी अध्ययन कार्यक्रम या प्रतियोगिता परीक्षा के लिए शैक्षणिक सहायता प्राप्त करते हैं. मालूम हो कि बिहार, गोवा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, राजस्थान जैसे राज्यों ने अलग अलग तरीके से कोचिंग संस्थानों पर कंट्रोल एंड रेगुलेशन के लिए कानून बना चुके हैं. झारखंड में कोचिंग सेंटरों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से आनेवाले इस विधेयक का खुलासा द फॉलोअप ने पहले ही किया था.

**कोचिंग सेंटरों के लिए विधेयक के मुख्य बिंदु :** ऐसे सेंटर जहां 50 से अधिक छात्रों को स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर किसी भी अध्ययन कार्यक्रम या प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक सहायता के लिए कोचिंग प्रदान की जा रही है.

एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह या एक निगमित निकाय या इंडियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 2008 के तहत स्थापित एलएलपी या कंपनी एक्ट 2013 के तहत पंजीकृत कंपनी है, इस अधिनियम के तहत कोचिंग सेंटर स्थापित कर सकेंगे.

इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन हेतु जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी एवं राज्य स्तर पर झारखंड स्टेट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन किया जाएगा.

डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी जिले के अंतर्गत किसी बी व्यक्ति के कोचिंग सेंटर के पंजीकरण या स्थापना के लिए आवेदन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर सकेगा. छात्रों या अभिभावकों की शिकायतों के निवारण केलिए जिला और ब्लॉक लेवल पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन करेगा. कोचिंग से जुड़े छात्रावासों में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित करेगा. किसी भी शिकायत का भौतिक व डिजिटल रूप में रिकार्ड रखने का प्रावधान होगा.

**कोचिंग सेंटरों को क्या करना होगा :** कानून के लागू होने की तिथि से छह महीने के भीतर कोचिंग संस्थानों को डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी के पास आवेदन करना होगा. आवेदन नहीं करनेवाले कोचिंग संस्थानों को दंडित किया जा सकेगा. साथ ही कोचिंग संस्थानों द्वारा किए गए आवेदन पर कमेटी को 60 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा. अगर कोचिंग सेंटर संचालित करनेवाले व्यक्ति के पास जिले के भीतर या बाहर कई परिसर या शाखाएं है तो ऐसे प्रत्येक परिसर या शाखा को अलग अलग कोचिंग सेंटर माना जाएगा. संबंधित जिले में अलग अलग आवेदन करना होगा. यदि कोई कोचिंग सेंटर फ्रेंचाइजी मोड में संचालित हो रहा है तो इसके फ्रेंचाइजर को भी नियमों के अनुरूप आवेदन करना होगा.

कोचिंग सेंटर की स्थापना के लिए आवेदन के साथ आधारभूत संरचना, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन एवं शुल्क, आसान निकास नीति, शुल्क वापसी नीति एवं विद्यार्थियों के स्थानांतरण नीति की भी जानकारी देनी होगी. आवेदन के साथ यह अंडरटेकिंग देना होगा कि नियोजित या नियोजन किए जानेवाले किसी भी ट्यूटर के पास स्नातक की न्यूनतम योग्यता है. उसे किसी न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है. 16 वर्ष से कम आयु के या माध्यमिक विद्यालयपरीक्षा नहीं देनेवाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावक की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना नामांकित नहीं किया जाएगा. आवेदन से संतुष्ट होने पर डिस्ट्रिक्ट कमेटी द्वारा लेटर ऑफ इंटेंट निर्गत किया जाएगा. लेटर ऑफ इंटेंट निर्गत होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर पांच लाख रुपए की बैंक गारंटी जमा करनी होगी. फिर कमेटी द्वारा लेटर टू स्टार्ट की अनुमति दी जाएगी. कोचिंग सेंटर का पंजीकरण पांच वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा. अवधि समाप्त होने पर पंजीकरण का नवीकरण किया जा सकेगा. कोचिंग सेंटरों को वेब पोर्टल पर सारा डाटा रखना होगा.

### ट्रिब्युनल का भी गठन होगा

अधिनियम के अनुसार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के क्रम में उत्पन्न विवादों के हल के लिए झारखंड राज्य कोचिंग सेंटर नियामक प्राधिकरण का गठन होगा. प्राधिकरण में सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी जो प्रधान जिला न्यायाधीश के पद से अन्यून हो, अध्यक्ष होंगे. राज्य सरकार के संयुक्त सचिव स्तर से अन्यून सेवानिवृत पदाधिकारी इसके उपाध्यक्ष होंगे. उपभोक्ता मामले और शिकायत निवारण में पूर्व रखनेवाला राज्य सरकार के संयुक्त सचिव के पद से अन्यून सेवानिवृत पदाधिकारी इसके सदस्य होंगे.

### कोचिंग के विरुद्ध शिकायतों के निवारण की व्यवस्था होगी

कोचिंग सेंटर के छात्र, अभिभावक या ट्युटर द्वारा डिस्ट्रिक्ट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी कमेटी के पास सिकायत दर्ज करायी जा सकेगी. कमेटी द्वारा शिकायतों की जांच के लिए उप जांच समितियों का गठन किया जा सकेगा. दोनों पक्षों की सुनने के बाद 45 दिनों के भीतर समुचित आदेश पारित कर, शिकायतों का निबटारा करना होगा. समिति गंभीर चूक पर कोचिंग सेंटर के निबंधन को रद्द करने का भी निर्णय दे सकेगी. डिस्ट्रिक्ट कमेटी के निर्णय को स्टेट कमेटी के समक्ष 30 दिनों के भीतर चुनौती दी जा सकेगी. स्टेट कमेटी का निर्णय अंतिम होगा. कोचिंग सेंटरों द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर पहली बार 5 लाख रुपए और दूसरी बार के लिए 10 लाख रुपए का दंड लगाया जा सकेगा. वित्तीय अनियमितता, कुप्रबंधन, कुप्रशासन की स्थिति पैदा होने पर कोचिंग संस्थान को पांच वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जा सकेगा. झारखंड स्टेट कोचिंग सेंटर रेगुलेटरी अथॉरिटी के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी होंगे. राज्य सरकार के संयुक्त सचिव व उससे उपर रैंक के सेवानिवृत अधिकारी इसके उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव रैंक से नीचे के अधिकारी सदस्य होंगे.

03

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 27 अगस्त 2025, भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082



पहली बार खुलकर बोले रोहित शर्मा, संन्यास की वजह कर दी एकदम साफ



पेज 07

# नीरज सिंह हत्याकांड पर फैसला आज, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

## कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील, संजीव सिंह समेत 11 आरोपियों के भाग्य का होगा फैसला



**शुभम संदेश। धनबाद**

कोयलांचल को झकझोर देने वाले पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के बहुचर्चित मामले में आज अदालत अपना फैसला सुनाएगी. इस मामले की सुनवाई धनबाद के एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में पूरी हो चुकी है. 13 अगस्त को बहस समाप्त होने के बाद अदालत ने 27 अगस्त को फैसले की तिथि तय की थी. फैसले को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क है. संभावित टकराव की आशंका को देखते हुए कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है. सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और बिना जांच किसी को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**हाल ही में संजीव सिंह को मिली सशर्त जमानत :** इस मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है. शर्त के अनुसार, उन्हें तब तक धनबाद में प्रवेश की अनुमति नहीं है जब तक ट्रायल कोर्ट उन्हें न बुलाए. संजीव सिंह के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने जानकारी दी है कि वह आज अदालत में पेश होंगे.

**इन 11 आरोपियों पर फैसला :** इस हाई-प्रोफाइल मामले में अदालत आज पूर्व विधायक संजीव सिंह के साथ पींटू सिंह उर्फ जैनेन्द्र, संजय सिंह, रणधीर धनंजय सिंह उर्फ धनजी, डब्लू मिश्रा, सोनू उर्फ कुर्बान, शिबू उर्फ सागर, सतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन, पंकज सिंह, विनोद सिंह और अमन सिंह पर फैसला सुनाएगी.

### पुलिस ने 11 के खिलाफ दाखिल की थी चार्जशीट

अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी ने संजीव सिंह सहित कुल 11 लोगों को अभियुक्त बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी. मामले की जांच और ट्रायल करीब आठ वर्षों तक चली, और अब पूरा कोयलांचल अदालत के फैसले पर टकटकी लगाए बैठा है.

**21 मार्च 2017 की शाम हुई थी घटना :** घटना 21 मार्च 2017 की शाम की है. नीरज सिंह अपनी फॉर्च्यूनर (जेएच10एआर-4500) से सरायढेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे. उनके साथ वाहन में पीए अशोक यादव, अंगरक्षक मुन्ना तिवारी और चालक घोल्टू महतो सवार थे. स्टील गेट के पास स्पीड ब्रेकर पर वाहन की रफ्तार कम होते ही दो बाइकों पर सवार चार हमलावरों ने वाहन को घेरकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. करीब 50 राउंड फायरिंग की गई, जिसमें चारों की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और दहशत फैल गई थी.

# रेल पुलिस की बड़ी कार्रवाई छह मोबाइल चोर गिरफ्तार

**शुभम संदेश। धनबाद**

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सोमवार और मंगलवार की रात धनबाद रेलवे सुरक्षा बल, सीआईबी और राजकीय रेल थाना की संयुक्त टास्क फोर्स ने एक संगठित चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया. इस कार्रवाई में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से रेल यात्रियों से चुराए गए 11 स्मार्टफोन बरामद हुए, जिनकी कीमत लगभग ₹1,65,000 आंकी गई है. गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे आसनसोल-गया रेलखंड में असावधान यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल और अन्य सामान चुराते थे. घटना के समय भी वे ट्रेन में चोरी की योजना बना रहे थे. अभियुक्तों की निशानदेही पर मधुपुर (देवघर, झारखंड) के लालगढ़ में गुड्डू शेख के घर पर छापेमारी की गई, जहाँ से चार अतिरिक्त स्मार्टफोन बरामद हुए, लेकिन गुड्डू शेख फरार हो गया. गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद साबिर खान (19 वर्ष, आसनसोल), मोहम्मद निहाल (29 वर्ष, मधुपुर), अमर कुमार दास उर्फ रिजवान (22 वर्ष, मधुपुर), मोहम्मद अल्ताफ अंसारी उर्फ विक्कू (30 वर्ष, मधुपुर), गुलजार खान (32 वर्ष, धनबाद) और मोहम्मद सिराज (32 वर्ष, गिरिडीह) शामिल हैं. फरार अभियुक्त गुड्डू शेख (32 वर्ष, मधुपुर) है.

### सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| मेडिसिन | - डॉ पीपी पांडेय तथा डॉ शीला |
| शिशु रोग | - डॉ पल्लवी |
| हड्डी रोग | - डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | - डॉ जितेन्द्र कुमार चौधरी |
| नेत्र रोग | - डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - डॉ अनुपमा |
| फिजियोथेरेपी | - डॉ दीपाली राय |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - डॉ सुमन |
| न्यूरो | - डॉ मनोज कुमार |
| मनोरोग | - डॉ संजय कुमार |

### गायनी इमर्जेंसी

| | |
|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - डॉ सुरभी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - डॉ संध्या तिवारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - डॉ रुमा प्रसाद |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | |
|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - डॉ ईपिल टोपनो |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - डॉ मासूम आलम |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - डॉ राकेश रंजन |

# निगम ने उपायुक्त से मांगी भेलाटांड़ में जमीन

## पीएम आवास योजना 2.0 के तहत नए फ्लैट्स की तैयारी

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद नगर निगम ने बरामुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित फ्लैट्स की शानदार सफलता के बाद अब इस योजना के दूसरे चरण में जुट गया है. निगम ने योजना के घटक-II (भागीदारी में किफायती आवास) के तहत गोविंदपुर अंचल के भेलाटांड़ मौजा में किफायती फ्लैट्स के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है. इस संबंध में नगर आयुक्त ने उपायुक्त को पत्र लिखकर गोविंदपुर अंचल अधिकारी को बाधा-मुक्त भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है. बरामुड़ी में पहले चरण के फ्लैट्स की सफलता ने जरूरतमंदों को किफायती आवास उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इस सफलता से उत्साहित होकर निगम अब भेलाटांड़ में नई आवासीय परियोजना शुरू करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है. सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार और गोविंदपुर अंचल अधिकारी ने संयुक्त रूप से भेलाटांड़ मौजा में भूमि का निरीक्षण किया, जो इस परियोजना के लिए पूरी तरह उपयुक्त पाई गई. निगम ने अपने पत्र में विभागीय आदेश का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत धनबाद में किफायती आवास परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए बाधा-मुक्त भूमि की आवश्यकता है. इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके. नगर आयुक्त ने उपायुक्त से त्वरित कार्रवाई की अपील की है, ताकि भेलाटांड़ में प्रस्तावित परियोजना का कार्य जल्द शुरू हो और जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके. इस परियोजना के तहत बनने वाले फ्लैट्स न केवल आवास की समस्या को हल करेंगे, बल्कि धनबाद को आधुनिक और सुनियोजित शहरी विकास की दिशा में भी ले जाएंगे.





# तेज रफ्तार कार ने राहगीर को मारी टक्कर, हालत गंभीर

- नशे में थे कार पर सवार युवक, बिजली पोल को भी किया क्षतिग्रस्त

**शुभम संदेश। झरिया**

झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू सटेशन के समीप सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार बलेनो कार संख्या जेएच10सीटी- 0028 बेकाबू होकर एक फर्नीचर की दुकान मे घुस गई. इस दौरान तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे जा रहे एक राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी. जिससे राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए.

कार की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फर्नीचर दुकान में टकराने के पहले वह एक बिजली के खंभे को तोड़ते हुए लोहे के एंगल से टकरा गया. सूत्रों के अनुसार घटना के बाद कार में सवार 2-3 युवक जो नशे में थे, जैसे तैसे कार को वहीं छोड़ कर फरार हो गए. अज्ञात राहगीर को लोगों ने इलाज के लिए भेजा अस्पताल भिजवाया. घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. झरिया पुलिस कार को जप्त कर बस्ताकोला टीओपी ले आई. उक्त कार धनबाद से झरिया की ओर जा रही थी. पुलिस का कहना है कि कार चालक एवं घटना में घायल व्यक्ति की तलाश की जा रही है. अभी तक किसी की ओर से लिखित शिकायत पुलिस को नहीं मिली है. वहीं कार झरिया के कोयरीबान्ध निवासी युवक की बताई जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### राज सिन्हा ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त परीक्षा 2023 के सामाजिक विज्ञान विषय के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लंबित परीक्षा परिणाम के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखित मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त परीक्षा 2023 में सामाजिक विज्ञान विषय के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम इस आधार पर लंबित रखा गया है कि वे वाणिज्य संकाय के लेखा समूह विषय से स्नातक हैं, जो नियमानुसार नहीं माना गया.

### गृह निर्माण की उपभोक्ताओं को दी जानकारी

**गोविंदपुर।** आदित्य बिरला एवं टाटा ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में गृह निर्माण के लिए तमाम संसाधनों का जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राजविलास रिजॉर्ट कौआबांध में किया गया. इसमें अल्ट्राटेक और टाटा स्टील के नवीनतम उत्पादों और उन्नत तकनीक तथा स्मार्ट संसाधनों की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई, ताकि लोग अपने सपने के घर को और भी मजबूत व अत्याधुनिक बना सके. इसके लिए दोनों कंपनियों के संयुक्त तत्वाधान में कई स्टॉल लग गए लगाए गए थे.

### पहाड़िया युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**दुमका।** जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के गुमरा जंगल में एक पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती एक ट्रक चालक के साथ जंगल में थी। इसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे. उन्होंने पहले ट्रक चालक और युवती के साथ मारपीट की और फिर ट्रक चालक के सामने ही युवती के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया. घटना की जानकारी मिलते ही काठीकुंड पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक सहित चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

### बीसीसीएल कर्मी नौशाद का निधन

**लोयाबाद।** लोयाबाद नया धौड़ा निवासी और बीसीसीएल धनसार कोलियरी के जनरल मजदूर नौशाद आलम (48 वर्ष) का निधन मंगलवार को कोलकाता के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया. वे पिछले तीन महीनों से फेफड़े के कैंसर से पीड़ित थे. इलाज पहले बंबई व वेल्लोर, फिर अंत में कोलकाता में चल रहा था. नौशाद आलम अपने पीछे चार बेटियां व दो बेटे छोड़ गए हैं, जिनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है. निधन की खबर मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी व सहकर्मी शोक जताने पहुंचे. शव को गिरिडीह स्थित पैतृक गांव ले जाया गया है, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा. बीसीसीएल कर्मियों ने उन्हें कर्मठ व मिलनसार बताया और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की.

### शहरी विकास मंत्री से मिला विश्वकर्मा समाज

**कतरास।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के नेतृत्व में विश्वकर्मा (लोहार) समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शहरी विकास मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात की. प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को सम्मानित किया और बाघमारा प्रखंड में लोहार समाज के समग्र विकास को लेकर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने समाज की समस्याएं, विकास से जुड़ी आवश्यकताएं और विभिन्न योजनाओं में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग मंत्री के समक्ष रखी. मंत्री ने समाज के योगदान को सराहते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि लोहार समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा. इस दौरान समिति के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, संयोजक सरोज विश्वकर्मा एवं दिलीप विश्वकर्मा, सचिव अजय विश्वकर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष शिवेश विश्वकर्मा उपस्थित थे.

# मुंडा धौड़ा में नशा मुक्ति अभियान



**शुभम संदेश। चिरकुंडा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वावधान में चिरकुंडा स्थित वार्ड संख्या 2 के स्लम क्षेत्र मुंडा धौड़ा में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को नारी शिक्षा, बाल विवाह उन्मूलन और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना था. कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ सभा और नाटक का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से सामाजिक संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया. यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, धनबाद के सहयोग से आयोजित हुआ. नुक्कड़ नाटक का मंचन सरस्वती कला दल, बाघमारा की टीम द्वारा किया गया. कलाकारों की टीम में बबलू रजक, मनोज शर्मा, भोला राय, संजना देवी, पिंकी कुमारी प्रमुख रूप से शामिल थीं, जिन्होंने बेहतरीन प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया. मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे. प्रमुख रूप से प्रो. अरुण कुमार, सुनीता मुंडा, सागर मुंडा, जिया मुंडा, सोनम सोरेन, पिंकी देवी सहित कई लोग कार्यक्रम का हिस्सा बने.

# मुखिया पति शंकर गोलीकांड में तीन नामजद

## विश्वजीत, अभय, विमल सहित दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, दस संदिग्ध हिरासत में

**शुभम संदेश। बाघमारा**

बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा चौक पर सोमवार देर शाम मादरा पंचायत के मुखिया पति शंकर बेलदार को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी. इस मामले में बाघमारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है. शंकर बेलदार के बयान के आधार पर तेलोटांड निवासी विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशु (35 वर्ष), मधुबन थाना क्षेत्र के बेनीडीह-फुलारीटांड़ निवासी अभय पासवान उर्फ बंगाली (27 वर्ष), और बरोरा थाना क्षेत्र के अपर मांदरा निवासी विमल पासवान (27 वर्ष) सहित दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने कांड संख्या 57/225 के तहत बीएनएस की धारा 126(2), 109(1), 351(2), 352, 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज किया है. घटनास्थल के आसपास डुमरा एरिया ऑफिस और डुमरा चौक पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई. इसके साथ ही, पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर 8 से 10 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि गोली लगने के बाद शंकर बेलदार भागकर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उनके खून के धब्बे लगभग 50 स्थानों पर मिले. इन धब्बों को पुलिस ने सफेद घेरे में चिह्नित कर जांच के लिए सुरक्षित रखा है.



**12 फीट की सीढ़ी चढ़कर बचाई जान :** गोलीबारी की घटना में शंकर बेलदार को तीन गोलियां लगीं, फिर भी उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए डुमरा चौक हीरक रोड से 200 मीटर दौड़ लगाई और क्षेत्रीय कार्यालय की 12 फीट ऊंची सीढ़ी चढ़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे. इस घटना की पूरे दिन क्षेत्रीय कार्यालय में चर्चा होती रही. **क्षेत्र में तनाव का माहौल :** बाघमारा पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और मामले की गहन जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इस घटना ने क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है. शंकर बेलदार के समर्थकों में इस घटना को लेकर काफी रोष है. स्थानीय लोग इस सनसनीखेज वारदात से दहशत में हैं और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. विश्वनाथ चक्रवर्ती उर्फ विशु का आपराधिक इतिहास रहा है. वह गोलीबारी, मारपीट सहित अन्य मामलों में पहले भी आरोपी रह चुका है.

### स्ट्रीट लाइट को लेकर विवाद

जांच में सामने आया कि शंकर बेलदार और विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशु सहित अन्य नामजद आरोपियों के बीच मंदरा पंचायत में मुखिया फंड से लगने वाली स्ट्रीट लाइट को लेकर विवाद हुआ था. इस विवाद के चलते दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसके बाद यह गोलीबारी की घटना सामने आई.

# टुंडी में डायरिया से हो चुकी है 3 मौतें

- लटानी आंगनबाड़ी केन्द्र में सहिया संग बैठक
- डायरिया के लक्षण एवं प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

**शुभम संदेश। टुंडी**



पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में डायरिया थमने का नाम नहीं ले रही है. स्वास्थ्य विभाग महज औपचारिकता कर रहा है. लटानी बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में डॉ विकास राणा ने लटानी क्लस्टर में आने वाले सभी स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक कर आवश्यक सुझाव दिए. लटानी क्लस्टर के सहिया साथी रीता दत्ता, स्वास्थ्य शिक्षक रामाशीष पासवान मौजूद रहे. कार्यक्रम में सहिया को डायरिया के लक्षण एवं प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया. सभी को गांव में छिड़काव के लिए ब्लीचिंग पाउडर नाम मात्र दी गई. मंगलवार को सिंगराडीह गांव से डायरिया के नए दो महिला मरीज मिले, जिन्हें इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया. डायरिया से प्रभावित गांवों में भाजपा नेता ज्ञान रंजन सिन्हा ने पहुंच कर गांव में नालों की सफाई करवायी. लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. ज्ञान रंजन सबसे पहले घोषालडीह भोक्ता टोला गांव पहुंचे. उन्होंने बताया कि इस गांव के लोग कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं. सिंगरायडीह गांव का भी दौरा किया. गांव के एक कुएं के पास जमी गंदगी को देखकर कुएं के पानी के दूषित होने का अंदाजा लगाया और ग्रामीण से गैंता कुदाल लेकर मौके पर ही कुएं के पास जमे गंदगी की सफाई की. उनके साथ मौके पर दिनेश दत्ता, सुभाष खामरोई, बबलू बास्की आदि मौजूद थे. इधर ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग हर दिन केवल औपचारिकता पूरी करते हुए खानापूर्ति कर रही है. डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि अबतक तीन जाने जा चुकी है फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्थाई कैंप नहीं लगाया है. ग्रामीणों ने धनबाद उपायुक्त से इस पर पहल करने का आग्रह किया है.

# विहिप स्थापना दिवस पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**कतरास (शुभम संदेश)।** विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को कतरास प्रखंड की ओर से नदी किनारे स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. इस धार्मिक आयोजन में दर्जनों युवाओं ने सहभागिता करते हुए श्रद्धा व समर्पण के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया. कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कतरास प्रखंड के उपाध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रखंड संयोजक दीपक साहू, मंत्री बिनोद चौहान, सत्संग प्रमुख दीपक गुप्ता, दिनेश सिंह, राजेश प्रसाद केशरी, राकेश शर्मा, मुकेश शर्मा, संजय जसवाल, उमेश यादव, लालजी जयसवाल, आयुष शर्मा, रथिन नाथ कुंडू और दिनेश चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# सीएमएसआई सीटू और जीएम के बीच मांगों पर वार्ता संपन्न

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**

भारत की कोलियरी मजदूर सभा (सीएमएसआई) सीटू और इसीएल मुगमा क्षेत्र के जीएम ओपी चौबे के बीच मंगलवार को 11 सूत्री मांगों को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय में अहम वार्ता हुई. यूनियन की ओर से जेबीसीसीआई सदस्य सुजीत भट्टाचार्जी भी उपस्थित थे. भट्टाचार्जी ने कहा कि मुगमा क्षेत्र में खदानों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यूनियन प्रतिनिधियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक होनी चाहिए. उन्होंने डीसी द्वारा मान्यता प्राप्त ट्रक लोडर मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा और वेतन समस्याओं, लखिमात कोलियरी के कोल डंप में विश्राम गृह, आरओ वाटर प्लांट, महिला मजदूर रीमा गोप को क्वार्टर नहीं मिलने के बावजूद बिजली बिल व क्वार्टर एलाउंस रोकने का मुद्दा उठाया. इसके अलावा सेवानिवृत्त मजदूर भगवान बेहरा के भविष्य निधि, बारूद नाहक दुखन भूईंया के छुट्टी सुधार, कैंसर पीड़ित मजदूर को उपयुक्त कार्य, दीर्घकालिक मजदूरों की पदस्थापना, चिकित्सा भत्ते और ओपीडी भुगतान, तथा डिस्पेंसरी व अस्पताल में दवा उपलब्धता की मांगें रखी गईं. जीएम ओपी चौबे ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया और ट्रक लोडर मजदूरों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का भी भरोसा दिलाया. वार्ता में एपीएम दास सेनगुप्ता, यूनियन के गणेश धर, कार्तिक दत्ता, मधु गुरु, संजय पालित, जयदेव पात्रों, जीवन घोष, भगवान बेहरा, पोरेश माजी और गोपाल राय समेत कई पदाधिकारी शामिल थे.

## तालडांगा में रंगेहाथ पकड़ाया चोर



शुभम संदेश। चिरकुंडा

चिरकुंडा थाना अंतर्गत सरसापहाड़ी स्थित श्रम कल्याण केंद्र के समीप जिओ टावर का सामान मंगलवार की सुबह चोरी कर ले जाते हुए चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया. हालांकि उसके साथ आये अन्य साथी भागने में सफल रहे. टावर के कर्मी द्वारा चोरी की सुचना चिरकुंडा पुलिस को दी गई. पुलिस उक्त युवक को पकड़ थाने ले गई. चोरी के आरोप में पकड़ाए गौरव रविदास ने बताया की वह पश्चिम बंगाल स्थित हनुमान चढ़ाई बराकर का रहने वाला है. उसके साथ अन्य साथी भी थे, जो हंगामा देख भाग गए. चोर ने चिरकुंडा क्षेत्र में चल रहे लोहा गोदाम संचालक का नाम भी बताया है. उसका कहना है कि चोरी का सामान स्थानीय लोहा गोदामों में बेच देते है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

## भाकपा माले और बीसीकेयू समर्थक आमने-सामने

**कुजामा लोडिंग पॉइंट**

**एक ने किया प्रदर्शन तो दूसरे ने की सड़क जाम**

- प्रदर्शन के दौरान फायरिंग की चर्चा जोरों पर, पहुंची पुलिस

शुभम संदेश। झरिया



लोदना क्षेत्र के कुजामा लोडिंग पॉइंट में हिस्सेदारी को लेकर मंगलवार को भाकपा माले और बीसीकेयू समर्थक आमने-सामने हो गए हैं. एक तरफ कुजामा लोडिंग प्वाइंट पर बीसीकेयू के बैनर तले प्रदर्शन किया गया तो दूसरी तरफ भाकपा माले समर्थकों ने कुजामा चेक पोस्ट के समीप झंडा लगाकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया. कहना है कि मोहरी बांध और कुजामा से विस्थापित हुए लोगों को कुजामा लोडिंग पॉइंट में काम नहीं मिल जाता है, सड़क जाम रहेगा. इसी दौरान कुजामा चेक पोस्ट के आसपास दो राउंड गोली चलने की भी चर्चा जोरों पर है. तीसरा पुलिस भी कुजामा पहुंची लेकिन गोली चलने की घटना से इनकार कर रही है. मामला अभी भी तनावपूर्ण बना हुआ है. भाकपा माले समर्थक राजेंद्र पासवान का कहना है कि जब मोहरीबांध, कुजामा से लोगों का विस्थापन किया जा रहा था, उस समय कुजामा प्रबंधन से वार्ता हुई थी कि लोडिंग पॉइंट में विस्थापित हुए लोगों को रोजगार दिया जाएगा. लेकिन आज रोजगार मांगने पर बीसीकेयू के कुंदन पासवान सहित उनके समर्थकों द्वारा हमला किया जा रहा है. गोली चलाई जा रही है. इधर बीसीकेयू नेता कुंदन पासवान ने कहा कि राजेंद्र पासवान का लोदना एरिया से कोई मतलब नहीं है. जबरन लोडिंग प्वाइंट में रंगदारी लेने के लिए इस तरह का कांड कर रहे हैं. गोली उन्हीं के द्वारा चलाई गई है.

## न्यूज अपडेट

### नेवी जवान के घर से एक लाख की संपत्ति चोरी

**टुंडी (शुभम संदेश)।** दक्षिणी टुंडी के कटनियां गांव में स्थित इंडियन नेवी के जवान रतन रजक के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया. चोरों ने पिछवाड़े का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर करीब एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. इस संबंध में जवान के पिता सुभाष रजक ने टुंडी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि चोरों ने 55 हजार रुपये नकद, सोने की झुमका, चांदी के अन्य आभूषण, साथ ही एक खस्सी, दो बकरा और एक बकरी भी चुरा ली. चोरों ने पूरी शातिर योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया. घटना के समय घर के सभी सदस्य सो रहे थे. चोर पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए और सारा सामान लेकर फरार हो गए. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में काले रंग की एक संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी को आधी रात के समय घूमते देखा गया है. इसके अलावा कई अनजान लोगों की गतिविधियां भी हाल ही में बढ़ी हैं, जिससे इलाके में असुरक्षा का माहौल है. घटना की सूचना मिलते ही टुंडी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है.

### गुरु तेग बहादुर की 350 वां शहीदी दिवस मनी



**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** कुमारधुबी के सरसा पहाड़ी के गुरुनानक स्कूल के पास सिक्खों के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर सिंह की 350 वां शहीदी दिवस बड़े ही जोश खरोश के साथ मनाया जा रहा है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यकारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरबिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में यह नगर कीर्तन असाम के धुबरी साहिब गुरुद्वारा से चलकर 23 स्टेट के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुऐ पंजाब के आनंदपुर साहिब गुरुद्वारा में इस बर्ष 23 नवंबर को समापन होगा. इस अवसर पर देश के कई हिस्सों में नगर कीर्तन के साथ एसजीपीसी के साथ चल रहे श्राद्धालुओं को सिक्ख समुदाय व पंतों द्वारा विधिवत रुप से जलपान, भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की गई है. यह नगर कीर्तन जिस क्षेत्र से गुजर रही है , वहां के सभी समुदाय के लोग एक झलक दर्शन पानें के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है. कुमारधुबी गुरुद्वारा के अध्यक्ष निर्मल सिंह, सचिव हरदेव सिंह, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, शिउलीबाड़ी दक्षिणी पंचायत के समाजसेवी मुख्तार अहमद एवं सिक्ख समुदाय के लोग सहित कई गणमान्य उपस्थित थे.

### सुहागिनों ने किया पति के दीर्घायु के लिए तीज व्रत



**टुंडी (शुभम संदेश)।** टुंडी व राजगंज इलाके में मंगलवार को पति की दीर्घायु के लिए हरियाली तीज व्रत पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पूरे राजगंज इलाके में महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती व अन्य देवी देवताओं का पूजन करते हुए के हुए व्रत की कथा को पूरे भक्ति भाव से सुनी. महिलाएं अहले सुबह से ही स्नान कर, मेंहदी की रंग,सोलह श्रृंगार कर से तैयार हुई. डोमनपुर गांव में समाजसेवी नीलकंठ रवानी के यहां विशेष पूजा अर्चना की गई. आचार्य निलेश उपाध्याय ने भगवान की पूजा अर्चना कर भगवान की कथा सुनाई. व्रती सावित्री देवी,पूनम देवी, आलोमनी देवी, वीणा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी.

### तेतुलमारी में बंद खदान के मुहाने को कराया बंद



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** तेतुलमारी स्थित एमएपी चार नंबर बंद खदान के मुहाने को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा मंगलवार को ओबी डालकर बंद कर दिया गया. इस कार्रवाई में सिजुआ क्षेत्र की सीआईएसएफ टीम और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहे. खदान की भराई का उद्देश्य अवैध कोयला खनन पर रोक लगाना बताया गया है. हालांकि इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने भराई का विरोध किया. उनका कहना था कि जिस स्थान पर ओबी डाला जा रहा है, वहीं से जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन जोड़ी गई है. उन्हें आशंका थी कि जेसीबी मशीन से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है. स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासनिक टीम को स्थिति से अवगत कराया. स्थानीय निवासियों द्वारा समझाने-बुझाने के बाद, सावधानीपूर्वक खदान मुहाने की भराई की गई. बीसीसीएल प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि पाइपलाइन को क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी. सूत्रों के अनुसार, उक्त बंद खदान के इस हिस्से से रोजाना भारी मात्रा में अवैध कोयले की कटाई की जा रही थी. कटे हुए कोयले को बड़े वाहनों में भरकर अवैध डीपू तक पहुंचाया जाता था. भराई के बाद अब इस अवैध गतिविधि पर लगाम लगने की उम्मीद है.

## ब्रीफ खबरें

### मुराईडीह में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

**बरोरा।** मुराईडीह में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं. दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूजा को भव्य रूप देने के लिए तन-मन-धन से जुट गए हैं. समिति ने इस बार भव्य पंडाल निर्माण का निर्णय लिया है, ताकि पूजा का उत्साह और आकर्षण और भी बढ़ सके. दुर्गा पूजा समिति के सक्रिय पदाधिकारी समाजसेवी शंकर बाउरी ने पूजा में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों को सम्मानित करने की घोषणा की है. 12 समर्पित सदस्यों को भगवा रंग की टी-शर्ट दिया जायेगा. समिति का लक्ष्य इस वर्ष मुराईडीह में दुर्गा पूजा को और भी भव्य और यादगार बनाना है.

### दो टन कोयला लदा वैन जब्त

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी पुलिस ने सोमवार की रात राजगंज सिजुआ मुख्य मार्ग मे तिलाटांड के समीप करीब दो टन अवैध कोयला से लदी एक पिकअप वैन को धर दबोचा. उसमें सवार लोग भाग निकले. मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है. पुलिस ने बताया कि उक्त वाहन को रोका जा रहा था लेकिन गश्ती वाहन को देखकर चालक ने वाहन को लेकर भागने लगा, लेकिन तिलाटांड के पास पकड़ा गया.

### धकोकसं ने जीएम संग की परिचय बैठक

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र 03 के महाप्रबंधक एवं एजीएम के साथ धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ गोविंदपुर क्षेत्र के नव गठित कमिटी के साथ परिचय बैठक किया गया. बैठक में परिचय के साथ साथ संघ ने गोविंदपुर क्षेत्र में उत्पादन बृद्धि, परियोजना विस्तार एवं सुरक्षा के साथ उत्पादन व सुरक्षा पर जोर दिया. संघ के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किए. मौके पर सुशील कुमार सिंह संगठन मंत्री, सुशील कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य, गजेन्द्र कुमार क्षेत्रीय संयुक्त सचिव, तेजलाल प्रसाद, चंद्रशेखर महतो, विजय सिंह, रखाल रजवार, नुनुमनि सिंह, गुल्लु प्रसाद, पिनाकी मित्रा, मंतोष तिवारी, पवन कुमार लोद, मुनिलाल राणा, अशोक हजाम, रामध्यान मिस्त्री सहित अन्य मौजूद थे.

## ग्रामीण विकास विभाग के साथ डीसी ने की बैठक

# प्रखंड की व्यवस्था सुदृढ़ करना बीडीओ की जिम्मेवारी : उपायुक्त



शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, झारखंड जल छाजन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंड में नरेगा पार्क बनाने का निर्देश दिया।. साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शीघ्र जमीन चिन्हित कर आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया. वहीं जहां आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो गया है उसके हैंड ओवर से पहले सभी जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर हैंडोवर लेने के लिए निर्देशित किया.

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड की व्यवस्था सुदृढ़ करने का दायित्व प्रखंड विकास पदाधिकारी का है. उन्हें अपने प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली सहित सभी संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर उसे सुदृढ़ करना है. उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विलेज डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। नरेगा अभिसरण (कन्वर्जेंस) से ऐसी योजना लेने का निर्देश दिया जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो.

बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, महात्मा गांधी नरेगा, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, 100 दिनों के लिए प्रदान किया गया रोजगार, महिलाओं की भागीदारी, आंगनबाड़ी केंद्र, राष्ट्रीय संसाधन प्रबंधन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम, सांसद आदर्श ग्राम के साथ-साथ झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तथा झारखंड जल छाजन इत्यादि की समीक्षा की.

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए के प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार, रूपेश कुमार, पीएम आवास के जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड समन्वयक मौजूद थे.

### अधूरी सड़क बनाकर राशि निकासी का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के सोनारडीह, एगारकुंड, बस्ताकोला, गोविंदपुर, बलियापुर, निरसा इत्यादि स्थानों से आए लोगों की फरियाद सुनी. इसमें सोनारडीह से आए ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सोनारडीह में आदर्श कॉलोनी से तिवारीडीह तक की 1.6 किलोमीटर सड़क निर्माण में मात्र 20 से 25% कार्य किया गया है. अधूरा कार्य के बावजूद योजना की पूरी राशि की निकासी कर ली गई है. ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले में उचित कारवाई करने का अनुरोध किया. मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को इसकी विस्तृत जांच करने को कहा. जनता दरबार में घनी आबादी के बीच विस्फोटक कारखाना स्थापित करने, भूमि पर जबरन काम रुकवाने, फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन की बिक्री करने, भूमि अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा नहीं मिलने, गांव में सड़क निर्माण कराने, गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति के इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने आमजनों की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया. जनता दरबार में प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद मौजूद थे.

## धूमधाम से मनायी गई विधायक मथुरा महतो के पिता स्व. ऋषिकेश महतो की जयंती



शुभम संदेश। महुदा

पैमिया ऋषिकैश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को स्कूल के संस्थापक सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पिता स्व. ऋषिकेश महतो के 90वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने राँची स्थित अपने आवास में परिवार संग अपने पिता की जयंती मनायी. विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक सह दिनेश कुमार महतो ने पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि आज हम जो कुछ भी करने में सक्षम है,वह सब हमारे दादाजी के आशीर्वाद का परिणाम है. बीएड कॉलेज के निदेशक परितोष कुमार महतो ने भी माल्यार्पण कर स्व. ऋषिकेश महतो को नमन किया. कार्यक्रम में टुंडी पेमिया ऋषिकेश विद्यालय के निदेशक प्रदीप कुमार महतो, सकरु महतो, बाबूनाथ महतो, बसन्त कुमार महतो, आनंद महतो, यूनियन लीडर चंद्रिका यादव, प्राचार्य रूपेश कुमार सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे. इस अवसर पर निदेशक ने सभी को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए समाज में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी. श्रद्धांजलि देने वालों में विद्यालय के सहायक शिक्षक निर्मल कुमार, बिभाष कुमार, सुखेंदु कुमार, रघुवीर कुमार, पूनम कुमारी, पिंकी कुमारी, उर्मिला कुमारी, संघमित्रा कुमारी, काकुली कुमारी, संपा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, गणेश कुमार, नवीन कुमार आदि शामिल थे.

## महिला समानता दिवस पर मायुमं की पूर्व महिला अध्यक्षों को सम्मान

### सशक्त नारी ही समाज की सबसे मजबूत नींव : सीमा अग्रवाल

शुभम संदेश। झरिया



अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर पूर्व महिला अध्यक्षाओं का सम्मान कर नारी शक्ति को नमन किया. कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व अध्यक्ष सीमा अग्रवाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह 'युवा दर्पण' भेंट कर सम्मानित किया गया. इसके बाद मंच ने पूर्व अध्यक्ष निशा शर्मा के निवास पर जाकर सम्मानित किया. 27 अगस्त को पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अंजना चौधरी को सम्मान प्रदान किया जाएगा. सीमा अग्रवाल ने कहा कि सशक्त नारी ही समाज की सबसे मजबूत नींव होती है. महिला समानता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर महिला को उसका अधिकार, सम्मान और सपनों का आकाश मिलना चाहिए. उन्होंने मंच के इस सम्मान को गौरवपूर्ण बताया.शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि झरिया शाखा ने हमेशा महिला नेतृत्व को प्राथमिकता दी है और पूर्व महिला अध्यक्षाओं का योगदान संगठन की मजबूती की आधारशिला रहा है. कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव गौतम अग्रवाल ने किया. इस मौके पर आशीष भूसानिया, वरिष्ठ सदस्य राजेश अग्रवाल सहित कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे.

## बिजली को लेकर बौआ कला उत्तर में हुआ सर्वेक्षण

**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** कुसुंडा एरिया 6 के महाप्रबंधक प्रणव दास के निर्देश पर मंगलवार को बीसीसीएल बिजली को लेकर सर्वेक्षण हेतु ईस्ट बसुरिया कोलियरी कार्यालय से जितेंद्र कुमार (अभियंता) एवं गोपाल दत्ता (बिजली मिस्त्री) बौआ कला उत्तर पंचायत पहुंचे. उन्होंने मुखिया भीम लाल रजक, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण रजक उर्फ शंकर रजक एवं दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में बड़की बौआ, सतीटांड़ ग्राम के विभिन्न टोला का भ्रमण किया व जानकारी प्राप्त की. सर्वेक्षण उपरांत उन्होंने बताया कि वे सर्वेक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर कुसुंडा एरिया 6 के संबंधित विभागीय अधिकारी को सूचित करेंगे. तत्पश्चात आगे की यथासंभव कार्रवाई होगी. मुखिया भीम लाल रजक ने सर्वेक्षण के लिए आए कर्मचारियों एवं बीसीसीएल महाप्रबंधक के प्रति आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि बीसीसीएल बिजली ग्रामीणों की जरूरत हैं और हरसंभव प्रयास से इसको लेकर बीसीसीएल को हर हाल में पहल करनी होगी. ग्रामीणों के संग पुनः महाप्रबंधक से जाकर मिलेंगे और इस पर वार्ता करेंगे. सर्वेक्षण के दौरान मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.


IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE AT DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, KABITA DEVI, W/O Deepak Kumar Mahato, Date of birth - 01/01/1999, by faith Hindu, by occupation - House Wife, resident of Hetkandra, P. O. Moti nagar, P.S. Sindri, District- Dhanbad (Jharkhand), Pin- 828120.

1. That my actual name is KABITA DEVI which is already mentioned in my Aadhar Card No. 4658 50 18 5329 as well as in my Pan Card No. DQGPD0510P.
2. That when I was unmarried I opened a Bank account in my name with STATE BANK OF INDIA, Rural Kiosk Banking, Link branch Katrasgarh vide my SB Account No. 33147831547 in the name of KABITA KUMARI.
3. That now I am married and now my name has been changed as KABITA DEVI place of Kabita Kumari, hence in order to avoid any complication My name is required to be corrected as KABITA DEVI in place of Kabita Kumari.
4. That I am swearing this affidavit to submit before the concerned authority of State Bank of India, Link branch Katrasgarh for the needful purpose.

Affidavit No. 87433 Dt. 01.08.25


## महिलाओं ने की तीज व्रत पर पूजा अर्चना

### मंदिरों में उमड़ी महिलाओं की भारी भीड़



शुभम संदेश। चासनाला

तीज व्रत को लेकर मंगलवार को क्षेत्र के शिवालयों में महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली.कई मंदिरों में पुजारी द्वारा कथा सुनाई गई. यह व्रत पति के लंबी आयु के लिए महिलाओं के द्वारा 24 घंटे का निर्जला व्रत कर भगवान की पूजा अर्चना की जाती है. मोहनबाजार शिव मंदिर के पुजारी मदन पांडे व केके गेट शिव मंदिर के पुजारी शंभू नाथ तिवारी ने बताया कि यह व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय तिथि में की जाती है. जिसमें महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पति के लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्राथना करती हैं. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी.जिससे प्रसन्न हो कर महादेव ने पार्वती मां को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था. तभी से इस व्रत का विशेष महत्व रखता है.इस व्रत को हरितालिका व्रत के रूप में भी जाना जाता है. उन्होंने कहा कि आज शाम पूजा अर्चना के पश्चात बुधवार की सुबह विधिवत पूजा अर्चना कर महिलाएं पारण करेंगी.

## हरिणा चौक में ट्रेलर-कार में टक्कर से घंटों जाम

### चौक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, राहगीरों में आक्रोश, पुलिस नदारद

शुभम संदेश। बाघमारा



मंगलवार को हरिणा चौक पर एक ट्रेलर और कार की टक्कर के कारण घंटों तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही. चौक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों में गुस्सा फूट पड़ा. जानकारी के अनुसार, कार चालक ने टक्कर के बाद गुस्से में ट्रेलर की चाबी छीन ली. इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई. जाम से परेशान स्थानीय लोगों और राहगीरों ने हस्तक्षेप कर ट्रेलर चालक को चाबी वापस दिलाई और कार को किनारे हटवाकर जाम खुलवाया. लोगों ने कार चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई. स्थिति शांत होने के बाद भी कार चालक ने गोमो रोड पर ट्रेलर का पीछा कर उसे दोबारा रोक दिया, जिससे तनाव बढ़ गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि बरोरा और बाघमारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरिणा चौक पर अक्सर जाम की समस्या रहती है. सड़क किनारे चाय, नाश्ता, फल और चाट के ठेले लगने से स्थिति और बिगड़ती है. लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ठेला लगाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करती और मूकदर्शक बनी रहती है. इस घटना के दौरान भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई. लोगों ने प्रशासन से हरिणा चौक पर जाम की समस्या के स्थायी समाधान और सड़क किनारे अवैध ठेलों पर कार्रवाई की मांग की है.

शुभम संदेश
धनबाद, बुधवार, 27 अगस्त 2025 05

# पार्टनर को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली, दो गिरफ्तार

## एक लोडेड देसी पिस्तौल, 19 जिंदा गोलियां, एक खोखा, घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद

शुभम संदेश। बोकारो



बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ अभिषेक प्रताप सिंह ने अपने पार्टनर को फंसाने के लिए अपने ही चचेरे भाई से खुद पर गोली चलवाई. यह योजना विफल हो गई और पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए अभिषेक और उसके चचेरे भाई मनधीर कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया. सोमवार को पुलिस मुख्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने इस घटना का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि अभिषेक और उसके बिजनेस पार्टनर चंद्रभूषण ओझा व उनकी पत्नी अर्चना झा एक इनकम टैक्स कंसल्टेंसी फर्म चलाते थे. अभिषेक ने चंद्रभूषण को 17 लाख रुपए का कर्ज दिया था, जिसे वह वापस नहीं कर रहा था. इसके अलावा, अभिषेक ने चंद्रभूषण की कार के लिए भी गारंटर के तौर पर हस्ताक्षर किए थे और उसकी ईएमआई का भुगतान कर रहा था. ईएमआई में देरी के कारण अभिषेक का सिबिल स्कोर भी खराब हो गया था, जिससे उसे नया लोन मिलने में दिक्कत हो रही थी. हाल ही में, अभिषेक की बहन की शादी तय होने पर उसे पैसों की सख्त जरूरत थी. इसी हताशा में उसने कर्ज वापस लेने के लिए अपने पार्टनर पर दबाव बनाने की योजना बनाई. पुलिस कप्तान ने बताया कि 23 अगस्त की शाम करीब 8:25 बजे अभिषेक ने पुलिस को सूचना दी कि जब वह अपने क्वार्टर की सीढ़ियों से उतर रहा था, तभी एक हेलमेट पहने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिससे वह किसी तरह बच निकला. घटनास्थल से पुलिस को 7.62 एमएम बोर का एक खाली खोखा मिला. अभिषेक ने इस संबंध में सेक्टर 12 थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसके पुराने पार्टनर चंद्रभूषण ओझा और उनकी पत्नी अर्चना ओझा ने उस पर गोली चलवाई है. इस आधार पर सेक्टर 12 थाना में धारा 316 (2) /318 (4) /109/ 3 (5) बीएनएस और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला (कांड संख्या 114/25, दिनांक 24.08.25) दर्ज किया गया.

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. जांच के दौरान पता चला कि अभिषेक ने अपने चचेरे भाई मनधीर सिंह के साथ मिलकर यह पूरी साजिश रची थी ताकि वह अपने पार्टनर को फंसाकर पैसे वापस ले सके. पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार और गोली बरामद कर ली है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक और मामला (कांड संख्या 115/25, दिनांक 26.08.25) दर्ज किया है. पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्तौल, 19 जिंदा गोलियां, एक खोखा, घटना में इस्तेमाल की गई काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस टीम में पुनि सुभाष चंद्र सिंह, संजय कुमार, सुदामा कुमार दास, कांति विलास, दिलीप टुडू, सअनि मिथलेश कुमार दुबे, सअनि इंदर कुमार पासवान, आरक्षी योगेंद्र कुमार रजक, प्रफुल्ल कुमार मंडल, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, सुधीर हेम्ब्रम, सत्येंद्र प्रसाद और रंजीत महतो शामिल थे.

# जमुआ में डकैती की योजना बना रहे 5 अपराधी गिरफ्तार, 3 फरार

शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)



जमुआ रेलवे स्टेशन पर डकैती की योजना बना रहे अंतरराज्यीय गिरोह के 5 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. अँधेरे का फायदा उठाकर तीन अपराधी भागने में सफल रहे. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं. इस सूचना पर थाना प्रभारी मणिकांत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसने सोमवार की रात स्टेशन की घेराबंदी कर 5 अपराधियों को दबोच लिया. गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पाँच मोबाइल फोन, एक सब्बल, दो गैस कटर और दो मोटरसाइकिलें (जेएच 12 एस 0730 और जेएच 12 क्यू 8725) बरामद की गईं.

**गिरफ्तार और फरार अपराधी :** गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अमरदीप सोनी (जमुआ), सुधीर पोद्दार (कोडरमा), संजय सोनी (कोडरमा), रोहित कुमार सोनी (कोडरमा) और सुनील भास्कर (गया, बिहार) के रूप में हुई है. वहीं फरार हुए अपराधियों के नाम मो. इसराफिल उर्फ गुड्डू (कोडरमा), राजेश पासवान (गया) और राजेश बासफोर (गया) है. पूछताछ के दौरान, अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे जमुआ चौक स्थित केडी ज्वेलर्स में डकैती की योजना बना रहे थे. थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का गया और कोडरमा में भी आपराधिक इतिहास रहा है. सभी गिरफ्तार अपराधियों पर धारा 111/310(4)/310(5)/317(4) बीएनएस 2023 और 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. पुलिस की इस तत्परता से जमुआ में एक बड़ी आपराधिक वारदात होने से टल गई. पुलिस टीम में थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, पुलिस पदाधिकारी रोहित कुमार, हरेंद्र सिंह, वेदप्रकाश पांडेय, विजय कांत यादव और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

## एक ही घर से तीन मोटरसाइकिल चोरी

**महगामा।** गोड्डा जिले के हनवारा थाना क्षेत्र के गोरगामा गांव में एक ही घर से तीन मोटरसाइकिलें चोरी होने का मामला सामने आया है. सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया. चोरों ने घर के परिसर में घुसकर बरामदे में खड़ी तीन मोटरसाइकिलों को चुरा लिया. ये तीनों बाइकें होंडा कंपनी की थीं और तीन भाईयों अरशद, खुर्शीद और शाहीन की थीं. तीनों बाइक एक साथ खड़ी थीं. जिस तरह से इस चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे यह लगता है कि यह किसी संगठित गिरोह का काम है. चोरों ने पूरी योजना बनाकर और बिना किसी डर के इस वारदात को अंजाम दिया, जिससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल है. ग्रामीणों का आरोप है कि रात में पुलिस की गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं. घटना की सूचना मिलने पर हनवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की.

## बिजली के खंभों की चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**बोकारो।** जरीडीह थाना क्षेत्र में बिजली के खंभों की चोरी के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. यह जानकारी बोकारो के पुलिस अधीक्षक ने जरीडीह थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी. सहायक विद्युत अभियंता अमित खेस ने जरीडीह थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि बाँधडीह दक्षिणी पंचायत के गोपीनाथपुर और अरालडीह के बीच 33 केवीए लाइन ट्रांसमिशन के लिए लगे लोहे के खंभों की चोरी हो गई है. शिकायत के आधार पर बोकारो पुलिस अधीक्षक ने जरीडीह थाना प्रभारी विपिन चंद्र महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने इस चोरी में शामिल फिरोज अली (निवासी-जैनामोड़), शुभम कुमार दुबे (निवासी-मिश्रा साइड), सुजीत सिंह (निवासी-माराफारी थाना क्षेत्र) को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक सफेद रंग का पिकअप वाहन (जेएच09एएक्स-8932), एक गैस कटर मशीन, चार बड़े ऑक्सीजन सिलेंडर और लोहे के 14 टुकड़े (बिजली के खंभों के) बरामद किए. तीनों आरोपियों को मंगलवार को कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया. पुलिस टीम में थाना प्रभारी बिपिन चंद्र महतो, एएसआई हित नारायण महतो, एएसआई विकास विश्वकर्मा, एएसआई मनोज कुमार ठाकुर और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# शिक्षाविद भगवती शरण चौबे की मनी 46वीं पुण्यतिथि

शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)

कसमार क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद स्व. भगवती शरण चौबे की 46वीं पुण्यतिथि कसमार चौक स्थित काशीश्वर वाटिका में मनाई गई. इस अवसर पर स्व. चौबे की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुज और झामुमो के केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो, कसमार प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. सभा की अध्यक्षता शिक्षाविद मुरारी कृष्ण चौबे ने की. सभा को संबोधित करते हुए झामुमो के केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो ने कहा कि भगवती शरण चौबे ने समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण कार्य किए, उन्हें कसमार के लोग हमेशा याद रखेंगे. उन्होंने अथक परिश्रम से कसमार जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई. समाजसेवी मुरारी कृष्ण चौबे ने बताया कि शिक्षाविद भगवती शरण चौबे और स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे दोनों भाइयों ने मिलकर कसमार प्रखंड मुख्यालय, कसमार थाना, हाई स्कूल, पोस्ट ऑफिस और अन्य संस्थाओं की स्थापना की, जो इस क्षेत्र के लिए एक बेजोड़ मिसाल है. इस अवसर पर अविनाश कुमार चौबे, पूर्व मुखिया सिकंदर कपरदार, शेरे आलम, सुनील कुमार चौबे, सुधीर कुमार चौबे, अविनाश चौबे, सोहेल अंसारी, मकीम अहमद, संतोष महतो, नंदन कपरदार, तनवीर आलम, मासूम रजा, ब्रजकिशोर मिश्रा, राकेश पांडेय, परमेश्वर नायक, निरंजन जायसवाल, रतन कुमार चौबे, विकास पांडेय, शैलेंद्र भूषण शर्मा, नितेश चौबे, वरुण चौबे, रामलाल ठाकुर, गणेश कपरदार, कौसर अली, बबलू पांडेय और अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे.

# बीएसएल विस्तारीकरण के लिए सांसदों ने पीएम को भेजा पोस्टकार्ड

शुभम संदेश। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण और बोकारो जनरल हॉस्पिटल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान के तहत कुमार अमित की पहल पर झारखंड के कई सांसदों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर इस अभियान को अपना समर्थन दिया है.

**अभियान और सांसदों का समर्थन :** कुमार अमित ने रांची में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, डॉ. प्रदीप वर्मा, आदित्य प्रसाद साहु और चतरा लोकसभा सांसद काली चरण सिंह से मुलाकात की. उन्होंने इन सांसदों को बीएसएल विस्तारीकरण और बीजीएच को अपग्रेड करने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए एक ज्ञापन सौंपा. इन सांसदों ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर झारखंड के हित में इस अभियान का समर्थन किया. उन्होंने जल्द से जल्द विस्तारीकरण शुरू करने के लिए झारखंड के सभी सांसदों के साथ सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री से मिलने की भी बात कही.

**पूर्व मुख्यमंत्रियों से मुलाकात :** कुमार अमित ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास से भी मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय पहल करने का आग्रह किया. दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि बीएसएल का विस्तारीकरण झारखंड के विकास और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने राज्य सरकार को अपनी कानून-व्यवस्था सुधारने और जल्द ही विस्थापन एवं पुनर्वास नीति बनाकर राज्य में निवेश का माहौल बनाने की सलाह दी. यह अभियान बोकारो और पूरे झारखंड के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे विभिन्न राजनीतिक हस्तियों का समर्थन मिल रहा है.

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दुमका के अधिकारियों ने ली शपथ

भम संदेश। दुमका



दुमका समाहरणालय सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई. इस अभियान का लक्ष्य 20 लाख से अधिक आदिवासी परिवर्तनकारी नेताओं (कर्मयोगी) का एक मजबूत कैडर तैयार करना है. ये नेता जमीनी स्तर पर सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेंगे. यह अभियान राज्य के आदिवासी समुदाय के समग्र विकास के लिए निष्ठा, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का संकल्प लेता है. इसका मुख्य उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में मौजूद कमियों को दूर करना है, न कि नई योजनाएं बनाना. यह प्रशासकीय प्रेरणा, नवाचार और समर्पण पर जोर देता है. यह अभियान उन आदिवासी क्षेत्रों पर केंद्रित है जहां स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सेवाओं की पहुंच में गहरी असमानताएं हैं. इसका लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सेवाओं का वितरण सुनिश्चित करना है. डीडीसी अनिकेत सचान ने बताया कि यह अभियान 17 विभागों के समन्वय से चलाया जाएगा. इसका उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर कम्युनिटी लीडर तैयार करना है जो समस्याओं को पहचान कर उन्हें दूर करने में मदद करेंगे. जिला, प्रखंड और ग्राम स्तर पर निगरानी टीमों का गठन किया जाएगा, जो सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगी. कार्यशाला में, जिला कल्याण पदाधिकारी गौतम मोदी ने आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में पीपीटी (प्रस्तुति) के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी. डीआरडीए के अकाउंट ऑफिसर पवन पांडेय सहित अन्य विभागों के मास्टर ट्रेनर ने भी अपने अनुभव साझा किए.

## सांसद ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**डुमरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों की शिकायत पर एक मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया. ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि बरसात के मौसम में विद्यालय परिसर में बारिश का पानी जमा हो जाता है, जिससे बच्चों को परेशानी होती है. सांसद ने ग्रामीणों और शिक्षकों से इस समस्या के बारे में जानकारी ली. ग्रामीणों ने बताया कि जीटी रोड सिक्स लेन के निर्माण के दौरान उस स्थान पर नाली का निर्माण होना था, लेकिन सड़क बनने के पांच साल बाद भी नाली नहीं बनाई गई. इसके कारण बारिश का पानी विद्यालय परिसर और आसपास के कुछ घरों में घुस जाता है. समस्या की जानकारी मिलने पर, सांसद ने मौके से ही एनएचएआई के पीडी (प्रोजेक्ट डायरेक्टर) को फोन किया और पंद्रह दिनों के भीतर नाली बनाने का निर्देश दिया. निरीक्षण के बाद सांसद आजसू पार्टी के कुलगो उत्तरी पंचायत अध्यक्ष अजय ठाकुर के पिता के ब्रह्मभोज में भी शामिल हुए.

## ब्रीफ खबरें

### डीबीएल कंपनी के चालक का शव बरामद

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने डीबीएल कंपनी से एक युवक का शव बरामद किया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के निवासी रितेश तिवारी (33) के रूप में हुई है, जो डीबीएल कंपनी में चालक के पद पर कार्यरत थे. जानकारी के अनुसार, रितेश रात में अपने कमरे में सोए थे. अगले दिन सुबह, कंपनी के एक कर्मचारी ने उन्हें मृत अवस्था में देखा और इसकी सूचना अन्य कर्मियों को दी. डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में मृतक के सिर में अंदरूनी चोट पाई गई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी मौत गिरने से हुई होगी. पुलिस ने घटना की सूचना रितेश के परिजनों को दे दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक वे यहां नहीं पहुंचे थे. पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है.

### नदी में डूबने से जवान की मौत

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित नगवां पंचायत के चक निवासी हवलदार मधुसूदन यादव की मौत से परिवार और पूरे गांव में मातम छा गया है. वे बोकारो जिले के अमलाबाद ओपी में तैनात थे. सोमवार को दामोदर नदी में नहाने के दौरान वह तेज बहाव में बह गए थे. मंगलवार दोपहर को एनडीआरएफ टीम की मदद से उनका शव नदी से निकाला गया. जैसे ही यह दुखद खबर गावां के चक गांव में पहुँची, परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई. मधुसूदन यादव पिछले दो साल से वहाँ ड्यूटी पर थे. उनके परिवार में उनकी पत्नी गीता देवी, दो बेटियाँ और एक बेटा है. मौत की खबर सुनकर उनकी पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थीं.

### मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी फरार

कसमार (बोकारो)। कसमार थाना क्षेत्र के दाँतू में एक हंगरी होटल में मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा हुआ है. उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 125 पेटी अवैध शराब, 16 गैलन स्पिरिट, खाली बोतलें और अन्य सामग्री बरामद की गई. जब्त की गई अवैध शराब में बी सेवन, आइकॉनिक स्टर्लिंग रिजर्व, एट पीएम, सिग्नेचर ब्लेंडर स्प्राइड और आरसी जैसे ब्रांड शामिल है. थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने बताया कि यह फैक्ट्री विनोद साव और भोला साव की है. दोनों आरोपी फरार हैं और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

### पर्युषण पर्व के सातवें दिन मना 'ध्यान दिवस'

**बोकारो।** जैन धर्म के पर्युषण पर्व के सातवें दिन मंगलवार को चास के पुराना कुलदीप टॉकीज कॉम्प्लेक्स स्थित माणकचंद छल्लाणी निवास स्थान में 'ध्यान दिवस' का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, चास-बोकारो ने किया था. इस अवसर पर जैन उपासिका संगीताजी पटावरी ने कहा कि मन को साधना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही हमारे कर्मों का कारण और मोक्ष का द्वार भी है. उन्होंने बताया कि मन, वचन और काया को नियंत्रित करके एक बिंदु पर एकाग्र होना ही ध्यान है, जो सुखद और अवसाद-मुक्त जीवन के लिए बेहद आवश्यक है. उन्होंने आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद के महत्व पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि 5-6 घंटे की अच्छी नींद तन और मन दोनों को ऊर्जावान बनाए रखती है.

## न्यूज अपडेट

### साइबर अपराधियों ने उड़ाए पचास हजार

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो के सेक्टर-3 निवासी और विस्थापित महाविद्यालय बालीडीह के व्याख्याता राजकुमार सिंह के भारतीय स्टेट बैंक खाते से साइबर ठगों ने 49,500 रुपये की धोखाधड़ी की है. यह मामला इसलिए खास है क्योंकि इस ठगी में न तो कोई ओटीपी मांगा गया और न ही पासवर्ड. इसके बावजूद, 24 अगस्त की सुबह लगभग 11:30 बजे उनके खाते से पैसे गायब हो गए. पीड़ित द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 23 अगस्त को उन्हें एक ही नंबर से कई बार कॉल आया. उन्हें मोबाइल नंबर 7321947759 से 11:59 बजे से 12:25 बजे के बीच तीन बार कॉल आया. उसी दिन रात 8:37 बजे फिर से कॉल आया, जिसमें ठगों ने योनो ऐप का पासवर्ड और यूजर आईडी रीसेट करने की बात कही. इसके बाद, उन्हें 9978285595 नंबर से एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया. अगले दिन, 24 अगस्त को उन्हें खाते से 49,500 रुपये निकाले जाने का मैसेज मिला. घटना की जानकारी मिलते ही राजकुमार सिंह ने तुरंत एसबीआई कस्टमर केयर को सूचना दी. इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई. पुलिस ने साइबर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है. यह घटना दर्शाती है कि साइबर अपराधी अब धोखाधड़ी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं, जहाँ वे बिना पारंपरिक तरीकों (जैसे ओटीपी) के भी लोगों को ठगने में सफल हो रहे हैं.

### सीएस ने सदर अस्पताल उपाधीक्षक को किया शोकॉज

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. देवेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इस नोटिस में सिविल सर्जन ने 20 अगस्त को उपाधीक्षक कार्यालय सभागार में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर आपत्ति जताई है. सीएस का कहना है कि 11 मिनट 42 सेकंड की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. देवेश कुमार ने अपने नियंत्रक पदाधिकारी (सुपीरियर ऑफिसर) पर तथ्यहीन और मनगढ़ंत आरोप लगाए, जिससे स्वास्थ्य विभाग की छवि खराब हुई. शोकॉज में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के परिपत्र संख्या 624 का हवाला देते हुए इसे नियमों का उल्लंघन बताया गया है. डॉ. देवेश कुमार से 24 घंटे के भीतर आरोपों से संबंधित सभी बिंदुओं पर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा गया है. साथ ही उनसे पूछा गया है कि बिना नियंत्रक पदाधिकारी की अनुमति के प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के लिए उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई क्यों न की जाए और इसकी सूचना विभाग को क्यों न दी जाए.

### ओवरलोड ट्रक से पुलिया क्षतिग्रस्त, हादसा टला



**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** बरहेट थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया. पेटखासा से सनमनी जाने वाले मुख्य मार्ग पर दरियापुर गांव के पास गुमानी बराज परियोजना की नहर पर बनी पुलिया, ईंटों से लदी एक 16-पहिया ट्रक के गुजरने के दौरान बीच से टूटकर गिर गई. ग्रामीणों के अनुसार, ट्रक पर क्षमता से अधिक भार (ओवरलोड) होने के कारण पुलिया उसका दबाव झेल नहीं पाई और अचानक ढह गई. हादसे में ट्रक का पिछला हिस्सा पूरी तरह पुलिया में धंस गया, जबकि आगे का हिस्सा सड़क पर अटक गया. इसी दौरान, पीछे से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार कलाम, जो साहिबगंज के पोखरिया गांव के निवासी हैं, ट्रक की चपेट में आ गया. उनकी मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे दबकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हालाँकि, कलाम ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए अपनी बाइक से छलांग लगा दी और अपनी जान बचा ली. यदि वह कुछ सेकंड भी देर करते, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था. इस घटना के कारण सड़क पर दोनों ओर जाम लग गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया. लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा.

### सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर की तीज पूजा

**गावां (शुभम संदेश)।** गावां में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत रखा. इस दौरान उन्होंने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की. गाँव की महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए नदी से बालू लाकर गौरा, गौरी और गणेश की मूर्तियाँ बनाईं. शाम को उन्होंने इन मूर्तियों की विधि-विधान से पूजा की और खीरा, अनरसा, अंकुरी, फल, मिठाई और मक्का जैसे विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया. जगह-जगह ब्राह्मणों ने हरितालिका व्रत की कथा सुनाई. महिलाओं ने बताया कि यह व्रत वे अपने पति की लंबी उम्र और उनकी उन्नति के लिए रखती हैं. अगले दिन सुबह पारण करने के बाद ही महिलाएं अन्न-जल ग्रहण करेंगी. यह पर्व महिलाओं के बीच काफी उत्साह के साथ मनाया गया. वे सुबह से ही पूजा की तैयारियों में जुटी थीं. उन्होंने हाथों में मेहंदी लगाई और नए वस्त्र धारण किए. इस पर्व के लिए दूसरे प्रदेशों और शहरों में रहने वाली सुहागिन महिलाएं भी अपने गाँव आई थीं, जिससे बाजार में भी रौनक बढ़ गई थी. देर शाम तक बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई. इस दौरान सजी-धजी महिलाओं में सेल्फी लेने का क्रेज भी खूब देखने को मिला. वे अपने परिजनों और सहेलियों के साथ तस्वीरें खींच रही थीं. तीज के मौके पर ब्यूटी पार्लरों में भी काफी भीड़ थी.

### डीसी ने किया सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** उपायुक्त अंजलि यादव ने मंगलवार दोपहर बाद महगामा मुख्यालय पहुंचकर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्लस टू हाई स्कूल सहित कई सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद किया और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया. उपायुक्त ने कक्षा आठवीं की छात्राओं से अंग्रेजी के कुछ शब्द पूछे, लेकिन वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाईं. इस पर उपायुक्त ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपनी कक्षा में अव्वल आने की कोशिश करें. उन्होंने घोषणा की कि जो भी छात्राएं अपनी कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगी, उन्हें मुफ्त में टैबलेट (टैब) दिया जाएगा. जब उन्होंने पूछा कि कितने छात्रों को टैब चलाना आता है, तो किसी भी छात्रा ने हाँ नहीं कहा. इस पर उपायुक्त ने समझाया कि जैसे वे एंड्रॉयड मोबाइल फोन चलाती हैं, वैसे ही टैब भी चलाया जाता है. उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, पठन-पाठन का बेहतर माहौल और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही. निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने स्मार्ट क्लास की खराब स्थिति और साफ-सफाई की कमी पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने प्रधान शिक्षक को इन समस्याओं को तुरंत ठीक करने और स्कूल के माहौल में सुधार लाने का निर्देश दिया. इस दौरे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का माहौल बेहतर हो और छात्रों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें.

### डीटीओ ने की ऑटो और टोटो ड्राइवर संघ के साथ बैठक

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में ऑटो, टोटो (ई-रिक्शा) ड्राइवर संघ और मालिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. डीटीओ ने कहा कि सभी ऑटो-रिक्शा और टोटो-ई-रिक्शा चालकों को बिना वैध रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है. डीजल, पेट्रोल, एलपीजी और सीएनजी से चलने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों के लिए खाकी रंग की वर्दी पहनना अनिवार्य होगा. टोटो-ई-रिक्शा चालकों को नीले रंग की वर्दी पहनकर वाहन चलाना होगा. 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा चलाए जा रहे ऑटो और टोटो जैसे वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं.: सीओएम/पीयूबी/ पीआरओ/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 22.08.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है:- **नीलामी की श्रेणी :** पार्सल स्पेस का पट्टा (एसएलआर); **नीलामी सूची सं. : एएसएन-पीएआरसी-080925; नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय:** 08.09.2025, 11:00 बजे। **ट्रेन सं. एवं एसएलआर :(1)** 13509 (आसनसोल-गोंडा) आरएसएलआर-1; **(2)** 15925 (देवघर-डिब्रूगढ़) एफएसएलआर-1; **(3)** 12361 (आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) आरएसएलआर-1; **(4)** 12942 (आसनसोल-भावनगर टर्मिनस) आरएसएलआर-1, सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-164/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसीबी जांच में फंसे 38 सड़कों के पुनः निर्माण को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

▪ मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिले विधायक राज सिन्हा

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद विधायक राज सिन्हा ने नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर धनबाद नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 38 सड़कों के निर्माण, जो भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, के मुद्दे को उठाया. विधायक राज सिन्हा ने धनबाद नगर निगम क्षेत्र में इन सड़कों के तत्काल निर्माण, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, और शहर में वर्षों से खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने की मांग की. उन्होंने इस संबंध में पूर्व में 27 मार्च, 2025 को पत्र भी भेजा था. विधायक ने नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को इन सड़कों के निर्माण, नई स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, और खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक करने हेतु एक लिखित मांग पत्र सौंपा. बताया कि 38 सड़कों का निर्माण पिछले छह वर्षों से लंबित है. जनता परेशानी झेल रही है. गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं. सड़कों की जांच एसीबी द्वारा छह वर्ष पूर्व की गई थी, लेकिन जांच प्रतिवेदन के निदान के अभाव में निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है. निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 1100 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स बंद पड़ी हैं.पंडित क्लीनिक रोड, सब्जी बागान रोड, गांधीनगर, धनबाद सहित अन्य सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर है. शहरवासी आक्रोशित हैं और आंदोलन की स्थिति बन रही है. विधायक सिन्हा ने बताया कि उन्होंने दिशा, जिला योजना समिति, और 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठकों में इन 38 सड़कों के निर्माण के लिए कई बार मुद्दा उठाया और गंभीरता से चर्चा की. ज्ञात हो कि इन 38 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण से संबंधित जांच के संदर्भ में विधायक राज सिन्हा ने पूर्व में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखंड, और वर्तमान पुलिस महानिदेशक सह महानिरीक्षक, झारखंड सरकार से स्वयं मिलकर और लिखित रूप में भी इन तथ्यों से अवगत कराया है.

## मनरेगा कर्मियों को ग्रेड पे और स्वास्थ्य बीमा मिले : राज सिन्हा

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में धनबाद विधायक एवं सचेतक राज सिन्हा ने जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों को जोरशोर से उठाया. उन्होंने मनरेगा कर्मियों को ग्रेड पे और स्वास्थ्य बीमा देने की मांग की. साथ ही सवाल उठाया कि क्या इन कर्मियों की नियुक्ति निर्धारित मानकों के अनुसार हुई है और अब तक इन्हें बीमा लाभ क्यों नहीं मिला है? विधायक ने विधानसभा में धनबाद से रांची तक की खराब सड़क स्थिति और मेमको मोड़ के पास फ्लाईओवर निर्माण की मांग को प्रमुखता से रखा. उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर के लिए भौतिक प्रतिवेदन तैयार कर पथ निर्माण विभाग को भेजा जा चुका है, अब जरूरत है कि इस पर तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति देकर कार्य शुरू किया जाए. राज सिन्हा ने नगर निकायों की बदहाल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में नगर निकायों में राजस्व संग्रहण घटा है और विकास कार्यों की निगरानी में शिथिलता आई है. इसके कारण सड़कें जर्जर, स्ट्रीट लाइटें बंद और पेयजल आपूर्ति बाधित है. उन्होंने सरकार से पूछा कि इन कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे और समयसीमा क्या होगी? अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदले जाने पर भी विधायक ने विरोध जताया. उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्र का नाम बदलना दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने मांग की कि इसका नाम पुनः स्थापित किया जाए. शून्यकाल में उन्होंने किसानों की समस्याएं उठाईं. उन्होंने बताया कि 12 उप-परियोजना निदेशक (आत्मा) की नियुक्ति के बावजूद जिलों का आवंटन नहीं हुआ है, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. विधायक सिन्हा ने इन सभी मुद्दों पर सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की.

# धनबाद में हो रिम्स 2 का निर्माण : भास्कर सुमन

शुभम संदेश। धनबाद



रिम्स 2 के निर्माण को लेकर रांची में कई महीनों से राजनीति चल रही है. कांग्रेस और बीजेपी के कई नेता इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंक रहे हैं. जबकि झारखंड जैसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष महत्व है, और इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए. यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वास्तव में रिम्स 2 के निर्माण को लेकर गंभीर हैं, तो उन्हें रांची के अलावा अन्य जिलों पर ध्यान देना चाहिए. उक्त बातें आम आदमी पार्टी नेता भास्कर सुमन ने कही . उन्होंने कहा कि धनबाद रिम्स 2 के निर्माण के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है. धनबाद की जनता लंबे समय से एक अच्छे अस्पताल की मांग कर रही है. रिम्स 2 का निर्माण यहाँ होने से न केवल उनकी मांग पूरी होगी, बल्कि निर्माण को लेकर किसी भी तरह का विवाद भी टाला जा सकेगा. धनबाद जिले में रिम्स 2 के लिए पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है. ऐसे में, यदि मुख्यमंत्री चाहें, तो वे धनबाद को रिम्स 2 जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान का तोहफा दे सकते हैं. वर्तमान में गठबंधन की सरकार है, और धनबाद जिले की छह विधानसभा सीटों में से तीन पर गठबंधन समर्थित विधायक हैं. फिर भी, उनका इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित न करना दुर्भाग्यपूर्ण है. दूसरी ओर, बीजेपी के सांसद और विधायकों से धनबाद में विकास की उम्मीद करना बेमानी है. आम आदमी पार्टी जल्द ही मुख्यमंत्री को धनबाद में रिम्स 2 के निर्माण के लिए एक ज्ञापन सौंपकर इसकी मांग करेगी.

# धनबाद मंडल में चला टिकट चेकिंग अभियान

**1009 बेटिकट यात्री धराए, 6 लाख 30 हजार की वसूली**

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मंगलवार को धनबाद मंडल में एक मेगा टिकट चेकिंग अभियान आयोजित किया गया. इस अभियान के तहत मंडल के विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली स्टेशनों पर गहन टिकट चेकिंग की गई. यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित ढंग से दिन-रात चलाया गया. इस अभियान के परिणामस्वरूप 1009 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, उचित प्राधिकार के बिना यात्रा करने वाले, और बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे. इस दौरान उनसे 6,30,870 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए. पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई. चेकिंग टीमों ने स्टेशनों के साथ-साथ विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जांच की. धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट चेकिंग की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा.

## भगतडीह में मना विहिप का स्थापना दिवस

**धनबाद (शुभम संदेश)।** विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मंगलवार को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ भगतडीह केवड़ा पट्टी स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में मनाया गया. इस विशेष अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और संगठन के उद्देश्यों, आदर्शों और योगदानों को स्मरण करते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति नई ऊर्जा और संकल्प के साथ प्रतिबद्ध हुए. मुख्य वक्ता आचार्य बलदेव पांडे ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के ऐतिहासिक संदर्भों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, उसकी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना और धार्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार को सुदृढ़ करना है. आचार्य ने कहा कि परिषद न केवल एक संगठन है, बल्कि यह एक संस्कारिक आंदोलन है, जो राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और सामाजिक समरसता के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं.

**आदि कर्मयोगी अभियान की कार्यशाला आयोजित**

# उपायुक्त ने दिलायी अभियान की सफलता की शपथ

शुभम संदेश। धनबाद



धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न की गई. कार्यक्रम का आयोजन विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने बताया कि जनजातीय बहुल ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए 2 अक्टूबर 2024 को भगवान बिरसा के नाम पर प्रारंभ की गई योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत झारखंड के 22 जिले के 224 प्रखंडों के 7100 गांव और धनबाद जिले के 9 प्रखंड के कुल 196 ग्रामों को प्रथम चरण में चिन्हित किया गया है. संपूर्ण योजना के संवेदनशील क्रियान्वयन तथा सिंगल विंडो ग्रीवेंस रिड्रेसल आदि सेवा केंद्र के संचालन तथा ग्राम विकास विजन के निर्माण के लिए ओरिएण्टेशन के जरिये मिशन आदि कर्मयोगी का राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है. इसके बाद चयनित सभी 196 ग्रामों में आदि साथियों की मदद से बॉटम अप अप्रोच के साथ सभी मूलभूत आवश्यकता जो व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक प्रकृति की होंगी, उसको सुनिश्चित करने का विस्तृत प्लान बनाया जाना है. अधिकारी ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वाकांक्षी योजना है. इन ग्रामों में 500 से अधिक जनसंख्या के साथ अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 50 या उससे अधिक हो, तथा एस्पिरेशनल ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले प्रखंड के वैसे ग्राम जहां पर जनजातियों की कुल संख्या 50 से अधिक हो. इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान वर्ष को शामिल करते हुए वर्ष 2028-29 तक के कुल 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों/योजनाओं का क्रियान्वयन सैचुरेशन मोड में किया जाना है. अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर्स का निर्माण वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि पशुपालन मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है. विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला स्तर के पदाधिकारियों को उक्त योजना के बारे में आवश्यक जानकारी देने के साथ कार्यान्वयन के निर्देश दिए गयें. योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन की सतत मॉनेटरिंग तथा गति शक्ति पोर्टल पर सभी योजनाओं का टारगेट आधारित प्रोग्रेस हेतु आंकड़ों का संधारण करने हेतु निदेशित किया गया. बीडीओ को भी ब्लॉक स्तर पर समिति का निर्माण करते हुए गाइडलाइन के अनुसार ग्राम सभा कर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने का निदेश दिया गया. कहीं मार्केटिंग केंद्र, छात्रावास या आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त होने पर सरकारी भूमि का नियमानुसार चयन करते हुए संबंधित प्रखंड के अंचल अधिकारी भूमि प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें. अंत में उपायुक्त ने सभी को अभियान की सफलता के लिए शपथ दिलायी.

## आसनसोल

# सीएम ममता ने पश्चिम बर्धमान को दी 162 करोड़ योजना की सौगात

▪ 24 परियोजनाओं का उद्घाटन, 23 का शिलान्यास

शुभम संदेश। कुल्टी



बर्धमान म्युनिसिपल बॉयज़ हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक प्रशासनिक बैठक की. इस दौरान उन्होंने पश्चिम एवं पूर्व बर्धमान जिले के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस अवसर पर जिलाशासक एस. पोन्नंबलम ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का स्वागत किया. मुख्यमंत्री ने आसनसोल के कल्याणपुर हाउसिंग परिसर में पश्चिम बर्द्धमान के नवनिर्मित जिलाशासक कार्यालय और आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के नए कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया. इसके साथ ही उन्होंने 110 करोड़ रुपये की लागत से 24 नई परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 52 करोड़ रुपये की लागत से 23 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया. इसके लिए नए डीएम कार्यालय प्रांगण में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया था. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आसनसोल में डीएम कार्यालय और पुलिस आयुक्तालय का नया भवन बनकर तैयार हो गया है. इसके अलावा उन्होंने जिले के लिए कई अन्य परियोजनाओं की भी घोषणा की. उन्होंने बताया कि दुर्गापुर के वाणिज्यिक कर भवन का जीर्णोद्धार, आसनसोल और रानीगंज में नए नगर प्रशासनिक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है. सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि सालानपुर, कांकसा, दुर्गापुर और फरीदपुर ब्लॉकों में सड़कों के विकास के लिए 9 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं. वहीं, जामुरिया, रानीगंज, अंडाल, दुर्गापुर, फरीदपुर, बाराबनी और पांडवेश्वर में 9 नए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण हो रहा है. साथ ही, बाराबनी, अंडाल, दुर्गापुर और फरीदपुर ब्लॉकों में 3 नए ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जाएंगे. मुख्यमंत्री के वर्चुअल उद्घाटन के बाद राज्य के कानून एवं श्रम मंत्री मलय घटक ने नए डीएम कार्यालय और सीपी कार्यालय में औपचारिक रूप से शिलापट्ट का अनावरण किया. इस अवसर पर कई गणमान्य उपस्थित थे, जिनमें आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्त सुनील कुमार चौधरी, पश्चिम बर्द्धमान के जिलाशासक एस. पोन्नंबलम, दुर्गापुर नगर निगम की चेयरपर्सन अनिंदिता मुखर्जी, आसनसोल नगर निगम आयुक्त एवं एडीए के सीईओ अदिति चौधरी, जामुरिया विधायक हरेराम सिंह, रानीगंज विधायक तपस बंद्योपाध्याय, जिला परिषद के मेंटर वी. शिवदासन (दासु), अतिरिक्त जिलाशासक संजय पाल और शुभाशीनी ई, आसनसोल एसडीओ विश्वजीत भट्टाचार्य, आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चट्टोपाध्याय और डिप्टी मेयर अभिजीत घटक एवं वसीमुल हक सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे.

# सेल के सहयोग से कुल्टी में लगेगी डॉ अंबेडकर की प्रतिमा : डॉ पोद्दार

शुभम संदेश। कुल्टी



कुल्टी के विधायक डॉ. अजय पोद्दार और सेल आईएसपी के सहयोग से भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी. यह परियोजना विधायक के संकल्प और सेल के सामाजिक दायित्वों के बीच एक मजबूत साझेदारी को दर्शाती है. नियामतपुर-इस्को रोड पर, टहरम मोड़ के पास स्थापित की जाने वाली इस प्रतिमा का अनावरण एक ऐतिहासिक अवसर होगा. इस महत्वपूर्ण पहल पर डॉ. पोद्दार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे संविधान के रचयिता थे, जिन्होंने हमें एक समाज के रूप में एकता के सूत्र में पिरोया. हम उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए संविधान का सम्मान कर रहे है. उन्होंने सेल आईएसपी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ कारणों से रुका हुआ यह कार्य अब उनके सक्रिय सहयोग से पुनरुद्धार हो रहा है. स्थल सर्वेक्षण का कार्य सेल आईएसपी के अधिकारियों द्वारा कर लिया गया है. सीजीएम टाउन विजेंद्र वीर, पवन कुमार सिंह एजीम सीएसआर टाउन, सीनियर मैनेजर अभिषेक शौर्य सीएसआर टाउन, सुमित मिश्रा एजीएम सीएसआर टाउन विशेष रूप से उपस्थित थे. इसके अलावा, सेल आईएसपी के इंद्रनील बनर्जी डी.जी.एम. प्रोजेक्ट ने भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के लिए उचित स्थान सुनिश्चित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कुल्टी मंडल के मंडल तीन के अध्यक्ष अमर प्रसाद, कुल्टी विधानसभा मंडल उपाध्यक्ष और समाजसेवी टिंकू वर्मा, जिला सचिव सत्यजीत दास, संजीत दास, काजल दास, कवि सिंह, हेमंत माझी, सूरज केवट, विक्की प्रसाद, विक्की सिंह और संजीव यादव भी मौजूद थे.

# डीएम ने 20 लोगों को सौंपा जमीन का पट्टा



शुभम संदेश। नितुरिया

डीएम के निर्देश पर मंगलवार को रघुनाथपुर अनुमंडल में 20 लोगों को जमीन का पट्टा दिया गया. इनके कागजात भी उन्हें सौंप दिए गए. जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर एसडीओ कार्यालय के कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें जमीन का पट्टा दिया गया. जिसमें अनुमंडल के सांतुड़ी प्रखंड में 5 लोगों को रघुनाथपुर-2 नंबर प्रखंड से 2 लोगों को तथा नितुरिया प्रखंड से 13 लोगों को जमीन का पट्टा प्रदान किया गया है. मौके पर नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, रघुनाथपुर महकमा अधिकारी विवेक पंकज, डीएलआरओ, जिला परिषद के बाबुजन हेम्ब्रम जिला परिषद सदस्य संतोषी दत्ता बाउरी एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

## रानीगंज बोरो कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** पंजाबी मोड़ स्थित नवनिर्मित रानीगंज बोरो कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्दवान से किया. इस अवसर पर रानीगंज के तमाम पार्षद उपस्थित रहे. स्थानीय पार्षद ज्योति सिंह ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय का निर्माण कराया गया है. अब लोगों को नगर निगम के कामों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि वे यहीं पर आसानी से अपनी समस्याओं का समाधान कर पाएंगे. नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष मुजम्मिल शहजाद ने इसे रानीगंज के लिए ऐतिहासिक दिन बताया. उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के निर्माण से स्थानीय लोगों की बड़ी परेशानी दूर होगी. पहले लोगों को नगर निगम कार्यालय जाने में काफी कठिनाई होती थी, लेकिन अब यह सुविधा उनके नजदीक उपलब्ध हो गई है.

# रानीगंज में गुरु तेग बहादुर की जागृति यात्रा का भव्य स्वागत

शुभम संदेश। रानीगंज



हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में पूरी दुनिया में निकाली जा रही विशाल जागृति यात्रा मंगलवार को रानीगंज के पंजाबी मोड़ स्थित गुरुद्वारा पहुंची. इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु गुरुद्वारा परिसर में एकत्रित हुए और यात्रा का दर्शन कर धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण में शामिल हुए. इस यात्रा का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान, एकता और मानवता के संदेश को देश-विदेश तक पहुंचाना है. कोयलांचल क्षेत्र के सिख समाज ने श्रद्धा और सम्मान के साथ यात्रा का स्वागत किया. जागरूकता यात्रा में शामिल सिख समाज के पदाधिकारी तेजेन्द्र सिंह बल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है, जो पूरे देश और दुनिया को शांति, त्याग और समर्पण का संदेश देती है. उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) में इस अवसर पर आयोजित विशाल समागम में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है और इसके लिए भव्य तैयारियाँ की गई हैं. इस कार्यक्रम में रानीगंज गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह, सचिव बलजीत सिंह बग्गा, रविंद्र सिंह, सुंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह वाधवा सहित बड़ी संख्या में सिख संगत उपस्थित रही. सभी ने गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया.

## न्यूज अपडेट

### बंगाली और बांग्ला भाषा पर अत्याचार का विरोध

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** बांग्ला की रक्षा और बांग्ला भाषा पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को पुरुलिया जिले के लालपुर तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में एक संगठनात्मक बैठक हुई. बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा बंगालियों और बांग्ला भाषा पर अत्याचारों के विरोध में राज्य भर में शुरू हुए आंदोलन को आगे बढ़ाना था. इस अवसर पर हुड़ा ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो, युवा अध्यक्ष चंदन दत्त और लालपुर मागुरिया ग्राम पंचायत के अध्यक्ष सहित उस क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे.

### कुल्टी इस्पात संयंत्र को फिर दिलाया जाएगा गौरव : अनिल

**कुल्टी (शुभम संदेश)।** एशिया के पहले इस्पात कारखाने सेल ग्रोथ वर्क्स कुल्टी को एक बार फिर गौरव दिलाने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं. संयंत्र के कार्यकारी निदेशक (ईडी) अनिल कुमार ने सोमवार को सेल गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि संयंत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में 28 लाख रुपये का मुनाफा अर्जित किया है. उन्होंने बताया कि स्टील फाउंड्री, मशीन शॉप और नन-फेरस प्लांट का आधुनिकीकरण किया जा रहा है. नन-फेरस प्लांट में 1.43 करोड़ रुपये की लागत से इंडक्शन फर्नेस लगाया जाएगा, जबकि मशीन शॉप में पुरानी मशीनों को बदलकर नई तकनीक से युक्त मशीनें लगाई जा रही हैं, ताकि उत्पादन की गति बढ़े. ईडी ने कहा कि उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है.

### बंनजीमिहर कोलियरी में खूंटी पूजा संपन्न

**सालानपुर (शुभम संदेश)** । बंनजीमिहर कोलियरी श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल निर्माण के लिए मंगलवार को क्लब परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खूंटी पूजा का संपन्न की गयी. मौके पर कोलियरी एजेंट दिनेश कुमार प्रसाद, प्रबंधक दीपक तंवर,पूजा कमेटी के सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह , धनंजय सिंह, शशि भूषण पांडे मुख्य रूप से थे.



# हरतालिका तीज पर कैसे बनाएं मिट्टी के शिव-पार्वती

हरतालिका तीज का व्रत महिलाओं के लिए बेहद अहम होता है। इस दिन महिलाएं 16 श्रृंगार करके अपने पति की सुरक्षा और उनकी लंबी आयु की कामना करने के लिए भगवान शिव संग माता पार्वती की पूजा करती हैं। पूजा के लिए महिलाएं इस दिन मिट्टी के शिव-पार्वती की मूर्ति भी बनाती हैं। साथ ही, हरतालिका तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति को सुंदर मंडप में स्थापित करके उनकी पूजा करती हैं।

## आवश्यक सामग्री

- **मिट्टी**- आप बाजार से विशेष रूप से मूर्ति बनाने वाली मिट्टी या घर में उपलब्ध मिट्टी का उपयोग कर सकते हैं।
- **पानी**- मिट्टी को गूंथने के लिए साफ पानी।
- **चौकी**- मूर्ति बनाने के लिए एक साफ और समतल सतह जरूरी है।
- **चाकू या नुकिली चीज**- मूर्ति को आकार देने के लिए।
- **सजावटी सामान**- मूर्ति को सजाने के लिए आप फूल, पत्ते, या अन्य सजावटी सामान का उपयोग कर सकते हैं।

## मिट्टी के शिव-पार्वती बनाने की विधि

- शिव-पार्वती की मूर्ति बनाने के लिए सबसे पहले आप मिट्टी तैयार करें। इसके लिए मिट्टी को पानी के साथ अच्छी तरह गूंथ लें, ताकि वह नरम और मॉडलिंग के लिए उपयुक्त हो जाए।
- इसके बाद, मिट्टी का एक बड़ा गोला बनाएं।
- गोले को लंबा और चौड़ा करके शिव-पार्वती का धड़ बनाएं।
- इसके बाद, मिट्टी के छोटे-छोटे दो गोले लेकर उनके सिर, हाथ और पैर बनाएं।
- अब, चेहरे पर आंख, नाक, होंठ आदि का आकार बनाएं।
- अब मिट्टी के थोड़े से हिस्से को लेकर उसे लंबाई में सांप की तरह बना दें और इसे शिव के गले में घुमा कर लगा दें।
- इसके अलावा, आप चाहें तो बगल में त्रिशूल और हाथों में एक डमरू भी लगा सकते हैं।
- अंत में, मूर्ति को हवादार जगह में सूखने के लिए रख दें।
- आप चाहें तो सूखी हुई मूर्ति को प्राकृतिक रंगों से रंग भी सकते हैं। शिव को नीला या हरा रंग और पार्वती को लाल या गुलाबी रंग दे सकते हैं।
- बस आपकी मिट्टी के शिव-पार्वती तैयार हैं, अब आप हरतालिका तीज पर उनकी विधि अनुसार पूजा कर सकते हैं।







# कम बजट की लाइटवेट जॉर्जेट साड़ी के ये डिजाइंस हरतालिका तीज पर आपको देंगे परफेक्ट फेस्टिव लुक

**हरतालिका तीज के लिए कम बजट में हल्की जॉर्जेट साड़ियों के डिजाइन से पाएं परफेक्ट फेस्टिव लुक। जानें शेवरॉन, लेहरिया, चुनरी, पोल्का डॉट्स और मल्टी कलर प्रिंट्स की साड़ियों के साथ ब्लाउज, ज्वेलरी, मेकअप और ड्रेपिंग के बेहतरीन सुझाव।**

उमस के मौसम में हल्के-फुल्के कपड़े ही मन को भाते हैं। खासतौर पर तीज त्योहार के अवसर पर भी ऐसे ही कपड़े तलाशते हैं, जो हल्के हों और आरामदायक हों। हरतालिका तीज के मौके पर भी अगर आप हल्की और फेस्टिव लुक वाली साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं, तो आप खूबसूरत और कम बजट वाली हल्की जॉर्जेट साड़ी पहन सकती हैं। आपको बता दें कि जॉर्जेट साड़ियां हल्की और आरामदायक होती हैं, इनमें आपको एक से बढ़कर एक वेराइटी देखने को मिल जाएंगी। अगर आप भी त्योहार पर शानदार साड़ी लुक पाना चाहती हैं, तो एक बार इस लेख में दिखाए गए जॉर्जेट साड़ी के पैटर्न और डिजाइंस देखकर अपने लिए एक नई और अच्छी जॉर्जेट साड़ी खरीद सकती हैं और उसे स्टाइल करने के टिप्स भी जा सकती हैं। इस लेख में हम विभिन्न प्रिंट्स की जॉर्जेट साड़ियों के डिजाइंस और उनके साथ सही ब्लाउज, ज्वेलरी, मेकअप और ड्रेपिंग स्टाइल के सुझावों पर चर्चा करेंगे।

## शेवरॉन प्रिंट जॉर्जेट साड़ी

शेवरॉन साड़ी में हॉरीजॉन्टल और वर्टिकल लाइंस पड़ी होती है, ऐसी साड़ी में अधिकतर काली सफेद धारियां होती हैं। अगर आप हरतालिका तीज पर सबसे अलग नजर आना चाहती हैं, तो आपको एक बार ऊपर दिखाई गई तस्वीर पर गौरफरमाना चाहिए। इस तरह की साड़ी के साथ आप सादा या मेटैलिक ब्लाउज पहन सकती हैं। एक प्लेन या हल्के वर्क वाले ब्लाउज को इस साड़ी के साथ पहन कर आप सभी को अपनी ओर आकर्षित कर सकती हैं।

**फैशन टिप्स**- इस साड़ी के साथ आपको मिनिमलिस्टिक ज्वेलरी पहननी चाहिए। सिल्वर या गोल्ड प्लेटेड चूड़ियां, एक सादी चेन, और छोटे झुमके इस साड़ी के साथ बहुत अच्छे लगेंगे। हल्का मेकअप इस प्रिंट के साथ सबसे अच्छा लगता है। आप न्यूड लिपस्टिक के साथ लाइट आईशैडो लगाकर अपने लुक को एलिवेट कर सकती हैं। शेवरॉन प्रिंट साड़ी को क्लासिक ड्रेप में पहना जा सकता है। इससे यह प्रिंट ज्यादा अच्छा लगता है।

## लेहरिया प्रिंट जॉर्जेट साड़ी

राजस्थान की फेमस लेहरिया साड़ी में भी आपको बाजार में बहुत सारी वेराइटी और प्रिंट देखने को मिल जाएंगे। ये साड़ियां 250 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक में आपको अलग-अलग पैटर्न और प्रिंट में मिल जाएंगी। आप इन्हें भी फेस्टिवल में पहन सकती हैं और खूबसूरत लुक पा सकती हैं।

**फैशन टिप्स**- लेहरिया प्रिंट साड़ी के साथ एक फुल-स्लीव्स या थ्री-फोर्थ स्लीव्स वाला ब्लाउज अच्छा लगता है। अमूमन लेहरिया प्रिंट वाली साड़ी में गोल्डन बॉर्डर होता है, तो आप गोल्डन या कॉपर ब्रोकेड वाला ब्लाउज इसके साथ पहन सकती हैं। इस प्रिंट के साथ गोल्डन ज्वेलरी आपको पहननी चाहिए। इससे आपको अच्छा एथनिक और ट्रेडिशनल लुक मिलेगा। आप चाहें तो इसके साथ हैवी झुमका भी पहन सकती हैं। लेहरिया प्रिंट के साथ आप बोल्ड लिपस्टिक और लाइट स्मोकी आई मेकअप ट्राई कर सकती हैं। लेहरिया प्रिंट साड़ी को ड्रेप करते समय ध्यान दें कि लहरें एकसार दिखें।

## चुनरी प्रिंट जॉर्जेट साड़ी

चुनरी प्रिंट में भी आपको बहुत सारे पैटर्न और डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह का प्रिंट अपने आप में ही फेस्टिव लुक देता है। इसमें आपको हैवी और लाइट दोनों वेट की साड़ियां मिल जाएंगी। आप एक सिंपल सी 250 रुपये की साड़ी खरीद कर उसे अपने हिसाब से किसी अच्छे कारीगर से कढ़वा भी सकती हैं।

**फैशन टिप्स**- चुनरी प्रिंट साड़ी के साथ सिंपल या फिर स्टाइलिश नेकलाइन वाला ब्लाउज बहुत अच्छा लगेगा। आप इस ब्लाउज पर साड़ी के एक टुकड़े से फिल भी लगवा सकती हैं इस प्रिंट के साथ आप रंग-बिरंगे स्टोन वाली ज्वेलरी का चयन कर सकती हैं। इससे आपके लुक को खूबसूरत अंदाज मिलेगा। चुनरी प्रिंट साड़ी के साथ रेड लिपस्टिक और हल्का मेकअप ट्राई करें। स्किन टोन के अनुसार सॉफ्ट और नेचुरल मेकअप आप पर अच्छा लगेगा। चुनरी प्रिंट साड़ी को फ्लोई स्टाइल में ड्रेप करें। प्लीट्स को सही से सेट करें ताकि प्रिंट अच्छा दिखे।

## पोल्का डॉट्स जॉर्जेट साड़ी

पोल्का डॉट्स बहुत ही क्लासिक प्रिंट होता है। साड़ी में यह और भी ज्यादा अच्छा और ट्रेडिशनल लगता है। अगर आप भी इस त्योहार पर ऐसा अच्छा एथनिक लुक पाना चाहती हैं, तो आपको भी इस तरह की साड़ी में बहुत सारी वेराइटी मिल जाएगी।

**फैशन टिप्स**- पोल्का डॉट्स साड़ी के साथ एक प्लेन या हल्के डॉट्स वाला ब्लाउज आप पहन सकती हैं। पोल्का डॉट्स वाली साड़ी के साथ लाइट वेट ज्वेलरी आप पहन सकती हैं, एक स्टड पहन कर भी आप अपना लुक पूरा कर सकती हैं। पोल्का डॉट्स साड़ी के साथ आप लाइट मेकअप और न्यूड लिप्स का चयन करें। पोल्का डॉट्स साड़ी को ड्रेप करते समय इसे एक क्लासिक या स्लीक ड्रेप दें और पल्लू में प्लेट्स बना लें।



# हरतालिका तीज के मौके पर प्लेन सलवार-सूट को फैंसी बनाने के लिए दुपट्टे के इन डिजाइंस को करें ट्राई

स्टाइलिश दिखना हम सभी को पसंद होता है। वहीं तीज-त्योहार के मौके पर हम ट्रेडिशनल लुक के कपड़ों को पहनते हैं। आजकल की बात करें तो प्लेन और सिंपल डिजाइन के सलवार-सूट को पहनना बेहद पसंद किया जाने लगा है। त्योहार की बात करें तो हरतालिका तीज आने वाली है। इस मौके पर सूट के साथ में ज्यादातर वर्क वाले या फैंसी दुपट्टों को स्टाइल किया जाने लगा है। तो आइये देखते हैं दुपट्टे के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन दुपट्टों को स्टाइल करने के लिए आसान टिप्स-

## लहरिया दुपट्टा डिजाइन

लाइट वेट में फैंसी दुपट्टा स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह के लहरिया डिजाइन वाले दुपट्टे आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे। आप चाहें तो घर में रखी पुरानी साड़ी की मदद से भी दुपट्टे को अपनी पसंद की लैंथ से कटवाकर इसमें गोटा-पट्टी वाली गोल्डन या कलरफुल लेस को लगवा सकती हैं। इस तरह से आप पुरानी साड़ी को भी रीसायकल कर पाएंगी और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना लाइट वेट में फैंसी लुक पाएंगी।

## मल्टी-कलर दुपट्टा डिजाइन

मल्टी कलर में आजकल कढ़ाई वर्क वाले पाकिस्तानी स्टाइल दुपट्टे चलन में है। इसमें बात अगर डिजाइन की करें तो रंगकाट पैटर्न आजकल सबसे ज्यादा स्टाइल किया जा रहा है। पार्टी वियर लुक के लिए इसे आप सिल्क सूट के साथ में स्टाइल कर सकती हैं। आप चाहें तो इसमें अलग से सीक्वेंस भी लगवा सकती हैं। वहीं अगर आप और ज्यादा दुपट्टे को फैंसी बनाना चाहती हैं तो लेस वर्क जैसे गोटा-पट्टी के कई डिजाइंस आपको देखने को मिल जाएंगे।



## मिरर वर्क दुपट्टा डिजाइन

मिरर वर्क दुपट्टे देखने में बेहद चमकदार और फैंसी लुक देने का काम करते हैं। इसमें आपको कई तरह के डिजाइंस और कलर कॉम्बिनेशन भी मिल जाएंगे। पाकिस्तानी से लेकर फुलकारी दुपट्टे में आपको इसके हैवी कढ़ाई वाले डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। बात अगर स्टाइलिंग की करें तो इसे आप किसी भी तरह के प्लेन सूट के साथ में पहन सकती हैं। इसके साथ में आप चांदबाली इयररिंग्स को कैरी कर सकती हैं।



# केवल 5 मिनट में मेहंदी की ये सुंदर डिजाइंस हाथों पर लगाएं

**त्योहार पर मेहंदी लगाने का वक्त नहीं मिल रहा है, मगर लगाने का मन भी हो रहा है तो आप भी लेख में दिखाए गए मेहंदी डिजाइंस को हाथों पर 5 मिनट में लगवा सकती हैं।**

त्योहारों की झड़ी लगी हुई है। एक के बाद एक त्योहार आ रहे हैं। कजरी तीज का त्योहार अभी कुछ दिन पहले ही निकला है और अब हरतालिका तीज भी आने ही वाली है। यह महिलाओं का त्योहार है और इन पर्व पर वे सोलह श्रृंगार भी करती हैं। मेहंदी की बिना महिलाओं का श्रृंगार कहां पूरा होता है। ऐसे में अगर आप भी हरतालिका तीज पर हाथों पर कम समय में और आसानी से लगने वाली मेहंदी डिजाइन तलाश रही हैं, तो इस लेख में दिखाई गई मेहंदी डिजाइंस को देखें और जानें कि आप इन्हें कैसे हाथों पर कम समय में लगवा सकती हैं।

## मिनिमल बेल मेहंदी डिजाइन

मिनिमल मेहंदी का क्रेज आजकल महिलाओं में बहुत देखा जा रहा है और इस तरह की मेहंदी को हाथों में लगाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। आप बेल मेहंदी को भी मिनिमल अंदाज दे सकती हैं।

## सिंपल बेल मेहंदी डिजाइन

आप हरतालिका तीज पर अपने हाथों को सुंदर दिखाने के लिए आप सिंपल बेल मेहंदी डिजाइन को लगा सकती हैं। इसमें कलाई पर जाल का डिजाइन क्रिएट किया जाता है। फिर फूल, पत्तियों और कोन डिजाइन बनाकर डिजाइन को क्रिएट किया जाता है। अब इसमें अलग-अलग डिजाइन और शेड करते हैं। उंगलियों पर सिंपल पत्तियों का डिजाइन क्रिएट करें। इससे आपका हाथ अच्छे लगेंगे। इस तरह की बेल को बनाने में आपको सिर्फ 15 मिनट का समय लगेगा।

## मंडला आर्ट मेहंदी डिजाइंस

आपके हाथ छोटे हो या बड़े, पतले हों या मोटे हरतालिका तीज पर मंडला आर्ट मेहंदी डिजाइन आपके हाथों पर बहुत ही अच्छी लगेगी। इसे बनाने में आपको ज्यादा वक्त भी नहीं लगेगा। आप हथेली के बीचों-बीच गोल आकार में रेखा खींच कर अंदर और बाहर छोटी-छोटी आकृतियां बनाकर अपने मेहंदी डिजाइन को पूरा कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह है कि इस मेहंदी डिजाइन के साथ उंगलियों और कलाई पर थोड़ी घनी मेहंदी लगा सकती हैं। वहीं आपके पास समय कम हो तो केवल हथेली के बीच मेहंदी लगाकर भी मेहंदी को कंप्लीट कर सकती हैं।

## जल मेहंदी डिजाइंस

जाल मेहंदी लगाना आसान है। इसके लिए आपको तय करना होगा कि आप फूलों, लकीरों या डॉट्स किसका जाल बनाना चाहती हैं। इसके बाद पूरे हाथों में वैसी ही जाल डिजाइन बनाएं और बाद में उस जाल को छोटी-छोटी डिजाइंस से भरें। इस तरह की मेहंदी में आप हथेली और उंगलियों में एक जैसी डिजाइन बना सकती हैं। आपको ज्यादा भरे-भरे हाथ चाहिए तो आप हाथों के आगे और पीछे दोनों तरफ जाल बनवा सकती हैं। अगर आपके हाथ छोटे और मोटे हैं, तो इस तरह की मेहंदी डिजाइन आपके हाथों को पतला और लंबा दिखाएगी।

## पवित्र प्रतीक वाली डिजाइंस

शुभ अवसर और त्योहार पर आप भी हाथों में पवित्र हिंदू प्रतीकों वाली मेहंदी डिजाइन लगा सकती हैं। यह न केवल दिखने में अच्छी लगेगी बल्कि अवसर के हिसाब से आपके हाथों को अच्छे लुक भी देगी। आप ओम, स्वास्तिक या त्रिशूल भी बनवा सकती हैं। यह सभी चिन्ह 5 मिनट से भी कम समय में बन सकते हैं। आप दोनों हाथों में अलग-अलग चिन्ह वाली मेहंदी डिजाइन भी लगा सकती हैं। अगर आपको थोड़ी हैवी मेहंदी डिजाइन पसंद है, तो छोटी-छोटी आकृतियों से हाथों को फिल कर सकती हैं।

## गोल टिक्की मेहंदी डिजाइंस

हरतालिका तीज पर अगर आपको मेहंदी लगवानी है, मगर आपके पास समय नहीं है, तो आप खुद से घर पर गोल टिक्की मेहंदी डिजाइन लगा सकती हैं। यह बहुत ही आसान होती है और इसे आप खुद से लगा सकती हैं। आप हाथों के बीच में बड़ी सी गोल टिक्की बनाएं और उसे आस-पास डॉट से हाथों को सजाएं। ऐसा करने से मेहंदी डिजाइन बहुत ही अच्छी लगती है और यह बहुत जल्दी लगती है। आप अपने दोनों हाथों में एक जैसी डिजाइन बनाकर उंगलियों की टिप को मेहंदी से कवर कर सकती हैं।

## कमल के फूल वाली मेहंदी डिजाइंस

कमल का फूल हिंदू धर्म में सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अगर आप हाथों में केवल कमल का फूल ही बना लें, तब भी आपकी मेहंदी डिजाइन बहुत खूबसूरत लगेगी। वहीं उंगलियों को आप जाल मेहंदी डिजाइन से कवर कर सकती हैं। हरतालिका तीज पर इस तरह की मेहंदी डिजाइन बहुत ही कम समय में लग जाती है और दिखने में भी बहुत सुंदर लगती है।



मंथन

# खाली गोलपोस्ट में पास हो गया अनुपूरक बजट

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र इस बार भी राजनीतिक टकराव का मंच बन गया है. विपक्ष के बहिष्कार के बीच 4296 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पारित होना न केवल प्रक्रिया की औपचारिकता रहा, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श की कमी भी उजागर करता है. सदन में विपक्ष की अनुपस्थिति ने सत्ता पक्ष को गोलपोस्ट खाली मिलने जैसा मौका दिया. केवल जदयू विधायक सरयू राय ने सवाल उठाकर सदन की वास्तविक गरिमा बचाने का प्रयास किया. उन्होंने बजट प्रावधानों की असमानताओं और आकस्मिकता निधि के उपयोग पर गंभीर प्रश्न खड़े किए. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूत बताते हुए मंईयां सम्मान योजना को महिलाओं के सम्मान से जोड़ा और इसे फ्रीबी की राजनीति मानने से इंकार किया. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड बिना कर्ज लिए अपनी योजनाओं को आगे बढ़ा रहा है, जबकि केंद्र पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाया. निश्चय ही, यदि राज्य का राजस्व प्रबंधन सचमुच मजबूत है, तो यह स्वागत योग्य है, परंतु विपक्ष की अनुपस्थिति में इन दावों की गंभीर समीक्षा संभव नहीं हो सकी. किसानों की बदहाली और अति जलवृष्टि से हुए नुकसान पर सरकार विशेष घोषणा कर सकती है, यह उम्मीद जगाने वाला है. किंतु लोकतंत्र की शक्ति विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों की सक्रियता से आती है. जब विपक्ष ही सदन से गायब हो जाए तो सरकार की जवाबदेही कमजोर होती है और बजट की वास्तविक समीक्षा अधूरी रह जाती है. यह मौजूदा स्थिति राज्य की राजनीति और लोकतांत्रिक परंपरा दोनों के लिए शुभ संकेत नहीं है.

नजरिया

# पीएम मोदी का डिग्री विवाद और निजता का अधिकार

दिल्ली हाई कोर्ट का यह फैसला कि दिल्ली विश्वविद्यालय पीएम नरेंद्र मोदी की ग्रेजुएशन डिग्री को पब्लिक करने के लिए बाध्य नहीं है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में निजता बनाम जानने के अधिकार की बहस को एक बार फिर केंद्र में ले आया है. अदालत ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत जानकारी केवल जनहित की कसौटी पर ही सार्वजनिक की जा सकती है. दरअसल, 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग ने विवि को 1978 के सभी छात्रों के रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का आदेश दिया था. लेकिन विवि ने इसे निजता का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी. उसका तर्क था कि हर छात्र की जानकारी सुरक्षित रखना उसका नैतिक दायित्व है और केवल किसी की राजनीतिक छवि को चोट पहुंचाने या संतुष्टि के लिए निजी शैक्षणिक विवरण सार्वजनिक नहीं किए जा सकते. यह निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि याद दिलाता है कि सूचना का अधिकार और निजता का अधिकार, दोनों संवैधानिक मूल्यों के तहत समान रूप से संरक्षित हैं. यदि किसी मामले में स्पष्ट जनहित न हो, तो निजी विवरण सार्वजनिक करना व्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात माना जाएगा. हालांकि, यह सच है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े नेताओं से पारदर्शिता की अपेक्षा अधिक होती है. ऐसे में नेताओं को स्वयं पहल कर सच सामने रखना चाहिए. इससे अनावश्यक विवाद और भ्रम की स्थिति समाप्त होगी. कोर्ट का यह फैसला केवल कानूनी दृष्टि से नहीं, बल्कि निजता और पारदर्शिता के बीच संतुलन का भी प्रतीक है. लोकतंत्र में दोनों मूल्यों का सम्मान आवश्यक है.

# जेल से संसद-सरकार चलाने की जिद

अरविंद जयतिलक



**संविधान के 130वें संशोधन वाले बिल को लेकर देश में नई बहस शुरू हो गई है.**

**यह उचित होगा कि देश के सभी विपक्षी दल संविधान संशोधन (130वां संशोधन) विधेयक का अनावश्यक विरोध कर जेल से संसद और सरकार चलाने की कुत्सित मानसिकता का समर्थन न करें. इससे भ्रष्टाचार पर प्रहार नहीं हो सकेगा.**

'करीने से अजब आरास्ता कातिल की महफिल है,
वो किस दावे से कहते हैं हमारा ही तो ये दिल है'.

मशहूर शायर दाग देहलवी का यह शेर उन सियासी दलों के ऐसी सभी तकरीरों और नेक-नीयती को बेपर्दा करता है जो लोकसभा में पेश उस विधेयक के खिलाफ हैं जिनमें उल्लिखित है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी मंत्री पर ऐसी धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज होता है जिनमें पांच साल या उससे ज्यादा सजा का प्रावधान है तो ऐसी स्थिति में गिरफ्तारी होने के 31 वें दिन उन्हें अपना पद छोड़ना होगा. अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो गिरफ्तारी के 31 वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा. मजेदार बात यह कि जो राजनीतिक दल इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं वे सैद्धांतिक तौर पर राजनीति के अपराधीकरण की खिलाफत का दावा तो करते हैं. लेकिन व्यावहारिक तौर पर उनका सच कुछ और ही है. वे किस्म-किस्म के कुतर्कों से इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं. उनका तर्क है कि यह विधेयक भारत के संविधान के खिलाफ है.

इससे कानून का दुरूपयोग होगा और केंद्र सरकार जिस मुख्यमंत्री को हटाना चाहेगी उसे गिरफ्तार करके 30 दिनों तक जेल में ठूंस देगी. फिर उन्हें पद से हटना पड़ेगा. यह तर्क हास्यास्पद ही नहीं बल्कि सच के उलट है. हकीकत यह है कि एक ईमानदार नेता को कोई न तो गिरफ्तार कर सकता है और न ही उसकी कुर्सी छीनी जा सकती है. अगर केंद्र सरकार ऐसा करती है तो अदालत का दरवाजा खुला है. गौर करें तो डर उन्हें लग रहा है जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और कुर्सी से चिपके हुए हैं.

सच्चाई यह है कि यह विधेयक संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं के चरित्र और आचरण को संदेह से परे रखेगा और उनके इस्तीफे से जनता का विश्वास जनतंत्र के प्रति मजबूत होगा. वैसे भी मंत्रियों और नेताओं को लेकर बहुत सकारात्मक सोच नहीं है. लेकिन इस विधेयक के पारित होने के बाद जब मंत्री और नेता अपने पद से इस्तीफा देंगे तो उनका कद बढ़ेगा. देखा भी गया कि शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पांच महीनों तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन पद से इस्तीफा नहीं दिया. इससे उनकी छवि को बट्टा लगा और आगामी विधानसभा चुनाव भी हार गए. इसी तरह दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और तमिलनाडु की स्टालिन सरकार में शामिल वी सेंथिल बालाजी भी जेल जाने के बावजूद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया. वी सेंथिल को तो राज्यपाल द्वारा जबरन हटाया गया. उचित होगा कि ऐसी नौबत न आने पाए और भ्रष्टाचार में शामिल नेता कानूनन इस्तीफा देने को बाध्य हों. किसी से छिपा नहीं है कि देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में ऐसे सैकडों लोग चुनकर आए हैं जिनपर गंभीर आरोप हैं. वे मंत्री भी बने हैं. अगर ऐसे लोगों को सजा होती तो फिर उन्हें अपने पद पर बने रहने का क्या अधिकार है.

नजर दौड़ाइए तो एडीआर रिपोर्ट में खुलासा हो चुका है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है. 16 मौजूदा सांसद और 135 विधायक ऐसे हैं जिन्होंने धारा 376 के तहत रेप संबंधी मामलों की जानकारी दी है. ऐसे मामलों में दस साल की सजा का प्रावधान है और इसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकता है.

इन माननीयों में भाजपा के 54, कांग्रेस के 23, तेलुगु देशम के 17 सांसद-विधायकों के अलावा कई अन्य दलों के भी नेता शामिल हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 25 सांसदों और विधायकों के साथ बंगाल शीर्ष पर है. उल्लेखनीय है कि चुनाव सुधार के लिए काम करने वाली संस्था एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग को सौपें गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4809 हलफनामों में से 4693 की जांच की जिसमें यह तथ्य सामने आया है. यह बिडंबना देखिए कि दागी जनप्रतिनिधियों को लेकर सर्वोच्च अदालत लगातार चेतावनी दे रही है, के बावजूद भी संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले दागी जनप्रतिनिधियों की संख्या कम नही हो रही है. मतलब साफ है कि राजनीतिक दलों का ऐसे लोगों से परहेज नहीं है. यह स्थिति किसी भी संसदीय लोकतंत्र की जीवंतता के लिए खतरनाक है.

याद होगा गत वर्ष पहले सर्वोच्च अदालत ने पूर्व और मौजूदा सांसदों और विधायकों के खिलाफ उन लंबित आपराधिक मामलों का निपटारा दो महीने के दौरान करने को कहा था जिनके ट्रायल पर रोक लगी हुई थी. तब जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने दो टूक कहा था कि इस मामले में सुनवाई रोजाना हो और इसे बेवजह न टाला जाए. पीठ ने सभी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को भी ताकीद किया था कि इन निर्देशों के पालन में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए. वे इसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी निपटाएं. अच्छी बात है कि देश की सभी अदालतें ऐसे मामलों में तेजी से सुनवाई करते हुए निर्णय सुना रही हैं.

सर्वोच्च अदालत कह चुकी है कि भ्रष्टाचार देश का दुश्मन है और संविधान के संरक्षक की हैसियत से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं चुनेंगे. लेकिन विडंबना है कि अदालत की इस नसीहत का सियासी दलों पर कोई खास असर पड़ता नहीं दिख रहा. इसका प्रमुख कारण है कि सर्वोच्च अदालत ने दागी सांसदों और विधायकों को मंत्री पद के अयोग्य मानने में सीधे हस्तक्षेप के बजाए इसकी नैतिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के विवेक पर छोड़ दिया है. याद होगा गत वर्ष पहले जब सर्वोच्च अदालत ने जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के जरिए दोषी सांसदों व विधायकों की सदस्यता समाप्त करने और जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगायी तो राजनीतिक दलों ने किस तरह बखेडा खड़ा किया था. उचित होगा कि देश के विपक्षी दल संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक का अनावश्यक विरोध कर जेल से संसद और सरकार चलाने की कुत्सित मानसिकता का समर्थन न करें.

## आज का इतिहास

**1781:** हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा.
**1870:** भारत के पहले मजदूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई.
**1907:** सर डॉन जॉर्ज ब्रैडमैन का जन्म.
**1950:** टीवी की दुनिया के इतिहास में बीबीसी ने पहली बार सीधा प्रसारण किया.
**1999:** भारत ने कारगिल संघर्ष के दौरान बंदी बनाए पाक युद्धबंदियों को रिहा किया.
**1999:** सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजिनियर बनीं.
**2003:** मंगल 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा.
**2004:** पाकिस्तान के वित्तमंत्री शौकत अजीज ने देश के प्रधानमंत्री का पद संभाला.
**2018:** नीरज चोपड़ा ने जकार्ता एशियाई खेलों की पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता.
**2018:** विमान कंपनी स्पाइसजेट ने पहली जैव ईंधन परीक्षण उड़ान का परीक्षण किया.

## जीभ अच्छी है, तो सब अच्छा, वरना सब बुरा ही बुरा

चिंतन

दास प्रथा के दिनों में एक मालिक के पास कई गुलाम होते थे. उन्हीं में से एक था लुक़मान. लुक़मान था तो गुलाम लेकिन वह बड़ा ही बुद्धिमान था. उसकी ख्याति दूर दराज़ तक फैल गई. एक दिन उसके मालिक को पता चला, तो मालिक ने लुक़मान को बुलाया और कहा- सुनते हैं, कि तुम बहुत बुद्धिमान हो. मैं तुम्हारी बुद्धिमानी की परीक्षा लूंगा. अगर तुम इम्तिहान में पास हो गए तो तुम्हें गुलामी से छुट्टी दे दी जाएगी. जाओ, एक मरे हुए बकरे को काटो, उसका जो हिस्सा बढ़िया हो, उसे ले आओ. लुक़मान ने आदेश का पालन किया और मरे हुए बकरे की जीभ लाकर मालिक के सामने रख दी. कारण पूछने पर कि जीभ ही क्यों लाया. लुक़मान ने कहा- अगर जीभ अच्छी हो तो सब अच्छा-ही-अच्छा होता है. मालिक ने आदेश देते हुए कहा- अच्छा! इसे उठाओ और अब बकरे का जो हिस्सा बुरा हो उसे ले आओ. लुक़मान थोड़ी ही देर बाद उसी जीभ को लाकर मालिक के सामने फिर रख दिया. फिर से कारण पूछने पर लुक़मान ने कहा- अगर शरीर में जीभ अच्छी नहीं तो सब बुरा-ही-बुरा है.उसने कहा-मालिक,वाणी तो सभी के पास जन्मजात होती है, परन्तु बोलना किसी-किसी को ही आता है? इस एक कला को बहुत कम लोग जानते हैं. एक बात से प्रेम झरता है और दूसरी से झगड़ा होता है. इस जीभ ने ही दुनिया में बड़े-बड़े कहर ढाये हैं. जीभ तीन इंच का वो हथियार है जिससे कोई छः फीट के आदमी को भी मार सकता है तो कोई मरते हुए इंसान में भी प्राण फूंक सकता है. सभी प्राणियों में वाणी का वरदान मात्र मानव को ही मिला है. उसके सदुपयोग से स्वर्ग पृथ्वी पर उतर सकता है और दुरूपयोग से स्वर्ग भी नरक में बदल सकता है. मालिक, लुक़मान की बातों को सुनकर बहुत खुश हुआ.उसके गुलाम ने उसे बड़ी सीख दी. उन्होंने उसे आजाद कर दिया.

मित्रों, मधुर वाणी वरदान है जो हमें लोकप्रिय बनाती है. वहीं तीखी बोली हमें अपयश दिलाती है और हमारी प्रतिष्ठा को कम करती है. आपकी वाणी कैसी है? यदि वो तीखी है या सामान्य भी है तो उसे मीठा बनाने का प्रयास करिए. आपकी वाणी आपके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है, उसे अच्छा होना ही चाहिए.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #MissionRojgarUP
2. #VoteChorGaddiChhod
3. #CMBreakfastScheme
4. #हरतालिका_तीज
5. Patel Retail Is Future
6. #MotherTeresa
7. भगवान शिव
8. सौरभ भारद्वाज
9. Life Lessons
10. Tips For Happiness

# बहुरंग

## ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार तमन्ना-डायना की वेब सीरीज़ 'डू यू वॉन्ट पार्टनर'

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया लगातार बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर सुर्खियां बटोर रही हैं. अब उन्होंने डिजिटल दुनिया में एक और धमाकेदार एंट्री कर ली है. उनकी नई वेब सीरीज़ 'डू यू वॉन्ट पार्टनर' का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है. इस रोमांचक और दिलचस्प वेब शो के निर्माता हैं करण जौहर, जो हमेशा अपने ग्लैमरस और दमदार कंटेंट के लिए जाने जाते हैं. इस सीरीज़ में तमन्ना के साथ डायना पेंटी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. मेकर्स ने हाल ही में इसका पहला पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें दोनों चश्मा लगाए बेहद स्टाइलिश अंदाज़ में दिखाई दे रही हैं. पोस्टर सामने आते ही दर्शकों में इस शो को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है. 'डू यू वॉन्ट पार्टनर' का प्रीमियर 12 सितंबर 2025 से अमेज़न प्राइम वीडियो पर किया जाएगा. यह शो ओटीटी पर करण जौहर और उनकी टीम का एक और बड़ा दांव माना जा रहा है, जिसमें ग्लैमर, ड्रामा और रिश्तों का नया ट्विस्ट देखने को मिलेगा. वहीं तमन्ना और डायना के अलावा इस सीरीज़ में नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. इतनी बड़ी और स्टारकास्ट अपने आप में इस सीरीज़ की खासियत है और दर्शकों को एक अलग तरह का अनुभव देने का वादा करती है.

• इस रोमांचक और दिलचस्प वेब शो के निर्माता हैं करण जौहर, जो हमेशा अपने ग्लैमरस और दमदार कंटेंट के लिए जाने जाते हैं.




## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-1-3-6

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-3-4-5

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्िघमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-5-6-6

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. शुभांक-7-8-9

**सिंह :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. शुभांक-7-8-9

**कन्या :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्िघमानी होगी. किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. शुभांक-7-8-9

**तुला :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. कार्य भार बढ़ेगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग- जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-5-7-9

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. कुछ आर्थिक ङ्क्षचताएं भी कम होंगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. समय का सदुपयोग करें. साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग. शुभांक-4-7-8

**मकर :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा. शुभांक-6-8-9

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. शुभांक-4-7-8

**मीन :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. मनोविनोद बढ़ेंगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. सेहत को लेकर सावधान रहें. शुभांक-4-6-9

## रोमांस से भरपूर 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज

पिछले कई महीनों से निर्देशक, फिल्म निर्माता और अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थीं. क्योंकि इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया है, जो '102 नॉट आउट' और 'ओएमजी' जैसी सफल और यादगार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. फिल्म की स्टारकास्ट भी इसे खास बनाती है, जिसमें दिव्या के साथ नील नितिन मुकेश मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. अब जब मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया है, तो दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है. ट्रेलर की झलक में ही साफ हो जाता है कि 'एक चतुर नार' हल्की-फुल्की कॉमेडी के साथ-साथ रोमांचक सस्पेंस का तड़का लेकर आई है. इसमें दिव्या और नील के बीच




चालाकी और दांवपेंच का खेल प्रमुख रूप से दिखाई देता है. कहानी का आरंभ दिव्या के किरदार से होता है, जो अपने जीवन-यापन के लिए तरह-तरह के काम करती है. वहीं दूसरी ओर नील नितिन मुकेश अभिषेक वर्मा का किरदार निभा रहे हैं, एक अमीर और प्रभावशाली इंसान, जिसके जीवन में सबकुछ व्यवस्थित लगता है. लेकिन जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, कहानी दिलचस्प मोड़ लेती है. दिव्या के हाथ कुछ ऐसा राज़ लग जाता है, जिससे वह नील को ब्लैकमेल करना शुरू कर देती है. यहीं से दोनों के बीच बिल्ली और चूहे का खेल शुरू होता है. एक तरफ दिव्या की चतुराई है, तो दूसरी ओर नील का गुस्सा और हैरत, और यही टकराव फिल्म की कहानी को रोचक बनाता है. निर्देशन उमेश शुक्ला की खासियत रही है कि वह मनोरंजन में सामाजिक संदेश और दिलचस्प ट्विस्ट जोड़ते हैं. ट्रेलर देखकर यही अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि 'एक चतुर नार' भी उसी शैली में तैयार की गई है. इसमें जहां हंसी-मज़ाक और हल्की-फुल्की कॉमिक टाइमिंग है, वहीं सस्पेंस और थ्रिलर भी है, जो दर्शकों को पूरे समय जोड़े रख सकता है.

## बॉक्स ऑफिस पर कमाई की दौड़ में 'वॉर 2' ने किया सुधार

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर 2' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 11 दिन हो चुके हैं. फिल्म को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला था, लेकिन रिलीज़ के बाद यह जोश ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह पाया. न तो इसे समीक्षकों से खास तारीफ मिली और न ही बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन कर पाई. हालांकि अब इसके 11वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कुछ बढ़त दर्ज की गई है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'वॉर 2' ने अपनी रिलीज़ के 11वें दिन दूसरे रविवार को करीब 6.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. इसी के साथ फिल्म की भारत में कुल कमाई 221 करोड़ रुपये तक पहुँच गई है. वहीं, दुनियाभर में 'वॉर 2' का कलेक्शन 329.15 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है. बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट करीब 400 करोड़ रुपये है. फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर इसका सीधा मुकाबला सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' से हो रहा है. 'वॉर 2' का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है जबकि इसके निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं. यह फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी कड़ी है. खास बात यह है कि इसी फिल्म से जूनियर एनटीआर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है. फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी भी अहम भूमिका में नजर आई हैं.

## तेज बहाव वाली नदी में कूदी पत्नी को बचाने के लिए पति भी कूद गया

**सहरसा ।** सहरसा जिले के नवहट्टा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम एक साहसिक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया. सत्तौर गांव निवासी भगवान शंकर शर्मा ने अपनी पत्नी की जान बचाकर मिसाल पेश की है. जानकारी के अनुसार, भगवान शंकर अपनी 19 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी के साथ बाइक से लौट रहे थे. जैसे ही वे बलुआहा कोसी पुल पर पहुंचे, काजल ने अचानक बाइक रुकवाया और नदी में छलांग लगा दी. यह दृश्य देखकर पति घबराए जरूर, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी. तुरंत नदी में कूद पड़े और करीब एक किलोमीटर तक तेज बहाव में तैरकर पत्नी को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाया.

घटना की जानकारी मिलते ही महिषी थानाध्यक्ष जय शंकर कुमार और अपर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है. घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए. भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि पति ने साहस और तत्परता नहीं दिखाई होती तो स्थिति भयावह हो सकती थी. भगवान शंकर की यह बहादुरी अब स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है और पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है.

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति और ससुराल पक्ष के लोग फरार हुए

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बखरा गांव में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतका की पहचान 25 वर्षीय अनीशा कुमारी के रूप में हुई है. उसका शव घर के कमरे से बरामद हुआ. घटना के बाद परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पति सहित घर के सदस्य मौके से फरार हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर भेज दिया है. मृतका के पिता ने बताया कि अनीशा की शादी छह वर्ष पूर्व लखन पासवान से हुई थी. विवाह के समय दहेज भी दिया गया था. उन्होंने बताया कि रविवार को ससुराल पक्ष ने तबीयत खराब होने का हवाला देकर मायके वालों को बुलाया. लेकिन घर पहुंचने पर सभी लोग फरार मिले और अनीशा का शव कमरे में पड़ा था.

# नीतीश कैबिनेट की बैठक के बाद आपस में उलझ गए विजय सिन्हा और अशोक चौधरी

शुभम संदेश । पटना





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई. इस बैठक में कुल 26 एजेंडों पर मुहर लगी है. इस बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि उपमुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा एवं जेडीयू के मंत्री अशोक चौधरी आपस में उलझ गए. यह सब कैबिनेट की बैठक के बाद हुआ है.

**क्या है पूरा मामला :** सूत्रों की मानें तो अशोक चौधरी कृषि फर्म की जमीन जेडीयू के मंत्री जमा खान के जिले में सरकार की योजना के लिए ट्रांसफर करने की जिद कर रहे थे. इसी के बाद मामला बढ़ गया. इस पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि फर्म की जमीन किसानों के लिए है. कृषि विभाग नियम के अनुसार ही दूसरे विभाग को देगी. इसी बात को लेकर एनडीए के ये दोनों नेता आपस में ही भिड़ गए. बीजेपी नेता विजय कुमार सिन्हा ने अशोक चौधरी को अपने ग्रामीण विभाग विभाग को देखने की नसीहत तक दे दी. इस पूरे मामले में जेडीयू के एक नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव है और इन दोनों नेताओं के बीच एक सीट को लेकर काफी दिनों से मनमुटाव चल रहा है.

**तेवर में दिख रहे अशोक चौधरी :** बता दें कि जेडीयू मंत्री अशोक चौधरी का तेवर अभी कुछ दिनों पहले भी देखने को मिला था. दरभंगा के कुशेश्वरस्थान प्रखंड के एक हाई स्कूल में 22 अगस्त को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मंत्री अशोक चौधरी मंच से ही भड़क गए थे. कह दिया था, मुझे आपका वोट नहीं चाहिए. हुआ ये था कि सांसद शांभवी चौधरी जैसे ही संबोधन के लिए पहुंचीं तो ग्रामीण हाथ में 'शांभवी वापस जाओ' और 'रोड नहीं तो वोट नहीं' लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे थे. इसी पर उनके पिता अशोक चौधरी गुस्से में आ गए थे. अधिकारी को निर्देश देते हुए यहां तक कह दिया था कि इनकी फोटो लीजिए और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई कीजिए. अब एक बार फिर पटना का ताजा मामला आया है.

# पटना में अटल पथ पर हुई आगजनी पथराव मामले में 7 उपद्रवी गिरफ्तार

शुभम संदेश । पटना

पटना के इंद्रपुरी में दो बच्चे के शव मिलने व इस घटना के विरोध में सोमवार रात अटल पथ पर पथराव, अगजनी की हुई. इस घटना पर पटना एसएसपी कार्तिकेयन शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कुछ दिन पहले एक गाड़ी से दो बच्चों की बॉडी मिली थी. जिसका पोस्टमार्टम कराया गया था, लेकिन पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है. इसलिए उसमें आगे कार्रवाई नहीं हो पा रही है.

**मामले में एसएसपी ने क्या कहा:** एसएसपी ने कहा कि जब तक हत्या का कोई भी प्रमाण नहीं आ जाए, प्रूफ नहीं हो जाए तब तक कार्रवाई नहीं की जा सकती है. परिजनों को इसकी जानकारी दी गई थी. अटल पथ पर जिस तरह से कानून को अपने हाथ में लिया गया है. इसमें कार्रवाई होगी. लोगों को जेल भेजा जाएगा. एसएसपी ने कहा कि जिन लोगों ने अटल पथ पर बवाल किया हैं, उनको चिन्हित किया गया है. पहले भी एफआईआर दर्ज हुई थी. फिर एफआईआर दर्ज होगी. इस तरह का धरना प्रदर्शन, उग्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बात रखने के लिए फोरम बना हुआ है. घटना प्लानिंग के तहत की गई है. दो गाड़ियों को आग लगाई गई.

बता दें अटल पथ पर हुई आगजनी पथराव मामले में पुलिस ने 7 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है. 250 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. दरअसल 15 अगस्त को दो बच्चों का शव इंद्रपुरी इलाके में एक गाड़ी में मिला था. बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए थे. घटना कैसे हुई? किसने घटना को अंजाम दिया? यह साफ नहीं हो पाया है. परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं. परिजन और स्थानीय लोग बेहद आक्रोशित हैं.

**विरोध में अटल पथ जाम और उपद्रव :** घटना के विरोध में ये लोग एक बार फिर सोमवार को अटल पथ जाम करने धरना देरै पहुंचे थे, लेकिन अचानक आज भीड़ उग्र हो गई. कई गाड़ियों पर पथराव किया गया. कुछ गाड़ियों को आग के हवाले किया गया. आने-जाने वाले आम लोगों के साथ बदसलूकी की गई. वीवीआईपी गाड़ी को भी निशाना बनाया गया. मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी पथराव किया गया था.

# पाक कनेक्शन वाले अंतरराज्यीय चार साइबर फ्रॉड गिरफ्तार, जेल

- रिश्तेदार की गलत आईडी बनाकर बदमाशों ने एक लाख बीस हजार रुपये मांगते हुए कहा कि पैसे भेज दीजिए आपके रिश्तेदार की जान खतरे में है. पैसा नहीं भेजेंगी तो आपकी भी हत्या कर दी जाएगी.




शुभम संदेश । पूर्वी चंपारण

साइबर थाना पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह का खुलासा किया है,जिनका पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है. पुलिस ने एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया थानाक्षेत्र के तधवानंदपुर में छापेमारी कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिसमे अखिलेश कुमार, रोहित कुमार उर्फ शिव, मनीष कुमार व आनंद कुमार शामिल हैं. पूछताछ में जानकारी मिली है,कि पकड़े बदमाशो में अखिलेश व रोहित ने पाकिस्तान से व्हाट्सएप वीडियो कालिंग पर साइबर ठगी की ट्रेनिंग ली है. पुलिस ने इन बदमाशों की निशानदेही पर इनके विभिन्न ठिकानो पर छापेमारी करते हुए दो लैपटाप,12 सेलफोन, 26 सिमकार्ड, 62 डेबिट कार्ड, छह बैंक पासबुक, दो आधार कार्ड, दो पैनकार्ड व एक ई-श्रम कार्ड के अलावा विभिन्न बैंकों से डिजिटल लेनदेन के डिटेल्स बरामद किये गये है.इसके साथ ही पकड़े गए बदमाश रोहित व अखिलेश के पास से दो पाकिस्तानी नंबर भी मिले है.जिसके वाट्सअप वीडियो कॉल से ये पाकिस्तान के शातिरो से बातचीत करते थे.पुलिस अब इन नंबरो की जांच शुरू कर दी है.

**साइबर थाना में शिकायत दर्ज हुई थी :** एपी ने बताया कि मोतिहारी शहर के अगरवा मोहल्ला की महिला ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर विदेश में रहनेवाले मेरे एक रिश्तेदार की गलत आईडी बनाकर बदमाशों ने एक लाख बीस हजार रुपये मांगते हुए कहा कि पैसे भेज दीजिए आपके रिश्तेदार की जान खतरे में है. पैसा नहीं भेजेंगी तो आपकी भी हत्या कर दी जाएगी. जिसके बाद डरी सहमी महिला ने जल्दबाजी में बदमाश के खाते पर 30 हजार रुपये भेज दिए और पुलिस को इसकी सूचना दी. शिकायत मिलते ही साइबर थाना पुलिस के डीएसपी अभिनव परासर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया.टीम ने त्वतरित कारवाई व तकनीकी जांच करते हुए बेतिया जिले से इन चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है. अब तक की जांच में यह सामने आया है कि इन बदमाशों के विरूद्ध न केवल बिहार बल्कि पंजाब, केरल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड व जम्मू-कश्मीर सहित देश के अन्य राज्यों में भी मामले दर्ज हैं.

## राजस्व विभाग ने 110 पदाधिकारी और कर्मचारी बर्खास्त

शुभम संदेश । पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल भड़काने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 110 विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है. इनमें तथाकथित संघ की अध्यक्ष रौशन आरा और सचिव विभूति कुमार के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं. दोनों के खिलाफ उनके जिले के बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कार्रवाई की गई है. भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बर्खास्त किए गए विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण, कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक ने अनुचित मांगों को लेकर हड़ताल की राह अपनाई और विभागीय कार्य बाधित किया. इनमें से कुछ ने तथाकथित संघों के बैनर तले आंदोलन का आह्वान किया, जबकि कई लोग एकाएक कर्तव्य से अनुपस्थित हो गए. निदेशक जे. प्रियदर्शिनी द्वारा जारी आदेश में विशेष रूप से उल्लेख है कि संघ की अध्यक्ष रौशन आरा ने तथाकथित संघ की अध्यक्ष की हैसियत से 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया.

# पूर्व जिप के भाई पर अंधाधुंध फायरिंग, तीन गोलियां लगीं



शुभम संदेश । सीवान

सीवान जिले के पतार गांव के पुल के समीप मंगलवार को घात लगाकर अपराधियों ने गोलीबारी कर दी. इस हमले में संठी गांव निवासी 49 वर्षीय सुशील सिंह उर्फ मनोज कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. सुशील सिंह पर अपराधियों ने जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाईं और फरार हो गए. फायरिंग के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने सीवान सदर अस्पताल रेफर किया. लेकिन सीने में गोली लगने के कारण स्थिति नाजुक होने पर उन्हें आगे पटना रेफर कर दिया गया.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया. सीवान एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम भेजी गई है. साथ ही सर्विलांस और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है. उन्होंने दावा किया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. हालांकि, फायरिंग के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है.

इस बीच पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब भी सीवान सदर अस्पताल पहुंचीं. उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों को जल्द पकड़ने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की. लगातार हो रही आपराधिक वारदातों से सीवान के लोगों में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों साबित हो रही है.

## सीवान में मजदूर की मौत, पुलिस कर रही जांच

**सीवान ।** सीवान जिले के सराय ओपी थाना क्षेत्र के बैशाखी गांव में सोमवार देर शाम निर्माणाधीन मकान से गिरने पर एक मजदूर की मौत हो गई. मृतक की पहचान जीबी नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी सलाउद्दीन के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार सलाउद्दीन बैशाखी गांव में नवनिर्माण हो रहे मकान पर मजदूरी कर रहा था. इसी दौरान वह अचानक छत से नीचे गिर पड़ा. गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया. मृतक के परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार किया है. उनका आरोप है कि किसी ने जानबूझकर धक्का देकर सलाउद्दीन को छत से गिराया. वहीं, मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों का कहना है कि गिरने के बाद भी उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन न तो मकान मालिक और न ही ठेकेदार ने बचाने की कोशिश की. दोनों मौके से फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने पर सराय ओपी थाना प्रभारी विकास कुमार बिट्टू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. शव को कब्जे में लेकर सीवान सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आरोप के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. इस घटना के बाद से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है. स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं.



## स्टॉक मार्केट में सपाट एंट्री के बाद जेम के शेयरों में आई तेजी

एजेंसी । नई दिल्ली

ऐरोमा केमिकल्स और वैल्यू-एडेड डेरिवेटिव्स बनाने वाली कंपनी जेम एरोमैटिक्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में सपाट एंट्री करने के बाद लिवाली के सपोर्ट से मजबूती दिखा कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 325 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 325 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग मामूली बढ़त के साथ 333.10 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर के भाव में तेजी आ गई. सुबह 11 बजे जेम एरोमैटिक्स के शेयर 342.95 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 6.65 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है. जेम एरोमैटिक्स का 451.25 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 21 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 30.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 53.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 45.96 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 10.49 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 175 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 85 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के जरिये नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी सब्सिडरी क्रिस्टल इनग्रेडिएंट्स के कर्ज को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

# विक्रम सोलर की स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री, लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से आई तेजी

एजेंसी । नई दिल्ली




सोलर फोटो-वोल्टिक मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी विक्रम सोलर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 332 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 340 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 338 रुपये के स्तर पर हुई. इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को सिर्फ 2 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन का ही फायदा मिल सका. लिस्टिंग के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर की चाल में तेजी आने लगी.

पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे विक्रम सोलर के शेयर 353 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 6.33 प्रतिशत का फायदा हो चुका है. विक्रम सोलर का 2,079.37 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 21 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 56.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 145.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 52.87 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 7.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

इस आईपीओ के तहत 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,74,50,882 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के जरिये नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने फेज-1 और फेज-2 प्रोजेक्ट के कैपिटल एक्सपेंडिचर में और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 14.49 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 79.72 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 139.83 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी का राजस्व 28 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 3,459.53 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी पर कर्ज में उतार चढ़ाव होता रहा. वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 737.79 करोड़ रुपये, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 808.33 करोड़ रुपये हो गया.

## प्रीमियम लिस्टिंग के बाद श्रीजी शिपिंग के शेयरों पर बिकवाली का दबाव

**नई दिल्ली ।** शिपिंग और लॉजिस्टिक सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड के शेयरों ने आज प्रीमियम लिस्टिंग के जरिए अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 252 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 8 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 271.85 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 270 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद शेयर की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा. खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 275 रुपये तक पहुंचे. वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर शेयरों ने 253 रुपये के स्तर तक गोता भी लगाया. सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद श्रीजी शिपिंग के शेयर 260.70 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा ओपनिंग लेवल से घट कर 3.45 प्रतिशत रह गया है. श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड का 411 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 21 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था.

# सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना-चांदी की घटी चमक

एजेंसी । नयी दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को गिरावट का रुख बना हुआ है. कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 93,600 रुपये से लेकर 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका है. वहीं चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका है. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में गिरावट आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया है.

### भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में खुले, टैरिफ डेडलाइन से बाजार में चिंता

# सेंसेक्स 550 अंक टूटा; निफ्टी 24,800 के नीचे फिसला

एजेंसी । नयी दिल्ली



वैश्विक बाजारों से सुस्त संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में खुले. अमेरिका ने भारत से आयात पर टैरिफ लगाने की ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दी है. इससे निवेशकों में चिंता गहरा गई और टैरिफ कम होने या स्थगित होने की उम्मीदें धूमिल हो गई. जार के जानकारों का कहना है कि निवेशक अभी भी 'वेट एंड वॉच' की स्थिति में हैं. उनका मुख्य फोकस 27 अगस्त की टैरिफ समय-सीमा और अगले महीने के अंत में लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रेशनलाइजेशन पर है. तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 81,377.39 पर खुला. खुलते ही इसमें बिकवाली गहरा गई. दोपहर 12:05 बजे यह 541.26 अंक या 0.66 फीसदी की गिरावट लेकर 81,094.65 पर कारोबार कर रहा था. इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,899 पर खुला. खुलते ही इंडेक्स में बिकवाली हावी हो गई. दोपहर 12:05 बजे यह 156.15 अंक या 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 24,811 पर कारोबार कर रहा था. निवेशकों का फोकस आज अमेरिका की तरफ से जारी नोटिस पर रहेगा. अमेरिका ने भारत से इम्पोर्ट पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दी है. यह नया टैरिफ 27 अगस्त, 2025 की सुबह 12:01 बजे (ईएसटी) से लागू होगा. अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि भारत रूस से तेल खरीदकर अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन युद्ध में मास्को को फाइनेंशियल मदद दे रहा है. यह 50% टैरिफ, 1 अगस्त से पहले लगाए गए 25% रेसिप्रोकल टैरिफ में शामिल अतिरिक्त शुल्क के साथ लागू होगा. इसका प्रभाव भारत के 87 अरब डॉलर (लगभग 7.3 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी निर्यात पर पड़ सकता है. इसमें कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रसायन और ऑटो पार्ट्स जैसे उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होंगे. हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर्स और ऊर्जा संसाधन जैसी कुछ महत्वपूर्ण श्रेणियों को इससे छूट दी गई है.

**अमेरिकी ट्रेड वार्ताकारों की भारत यात्रा रद्द :** अमेरिकी ट्रेड वार्ताकारों की 25-29 अगस्त तक प्रस्तावित नई दिल्ली यात्रा रद्द कर दी गई है. इससे टैरिफ कम होने या स्थगित होने की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं. 50% के भारी टैरिफ का अर्थ यह होगा कि भारतीय वस्तुओं को अमेरिका के सबसे ज्यादा टैरिफ में से एक का सामना करना पड़ेगा.

# जोमैटो की पैरेंट कंपनी ईटर्नल लिमिटेड को जीएसटी विभाग ने भेजा 40 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस

एजेंसी । नयी दिल्ली

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के रीब्रांडिंग के बाद बनी ईटर्नल लिमिटेड को गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) विभाग ने 40 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स डिमांड नोटिस भेजा है. कंपनी को बेंगलुरु स्थित जॉइंट कमिश्नर (अपील)-4 की ओर से तीन आदेश भेजे गए हैं, जिनमें जुलाई 2017 से मार्च 2020 की अवधि शामिल है. कंपनी की सोमवार देर रात की रेग्युलेटरी फाइलिंग के अनुसार, टैक्स डिमांड में 17.19 करोड़ रुपये GST, ₹21.42 करोड़ ब्याज और ₹1.71 करोड़ पेनल्टी शामिल है. ईटर्नल ने साफ किया है कि वह इस डिमांड को चुनौती देगी. कंपनी का कहना है कि उसके पास मजबूत कानूनी आधार हैं और वकीलों की सलाह पर वह अपील दाखिल करने जा रही है. कानूनी टीम के आत्मविश्वास को देखते हुए उम्मीद है कि कंपनी आने वाले हफ्तों में अपील की प्रक्रिया शुरू कर देगी. इस मामले का नतीजा भविष्य में ईटर्नल की टैक्स रणनीतियों को भी प्रभावित कर सकता है.

**ब्लिंकिट फूड से नई शुरुआत :** हाल ही में, 21 अगस्त को ईटर्नल ने अपने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के जरिए 'ब्लिंकिट फूड्स' लॉन्च किया था. इसके जरिए कंपनी रेडी-टू-कुक और पैकेज्ड फूड सेगमेंट में उतरी है, ताकि ग्रॉसरी और कंज्यूमर गुड्स के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर सके. गौरतलब है कि इस साल जोमैटो ने अपना नाम बदलकर ईटर्नल लिमिटेड कर लिया था. इसका उद्देश्य केवल फूड डिलीवरी तक सीमित छवि से बाहर निकलकर खुद को मल्टी-वर्टिकल कंज़्यूमर इंटरनेट कंपनी के रूप में पेश करना है. ईटर्नल में अब जोमैटो, ब्लिंकिट, हाइपरप्योर और डिस्ट्रिक्ट जैसे बिजनेस वेंचर्स शामिल हैं. इंटरनल का शेयर मंगलवार सुबह 11:08 बजे 318.90 रुपये पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले सत्र से 6.95 रुपये या 2.13% नीचे था. हालांकि दोपहर 01:47 बजे, कंपनी के शेयर में तेजी देखने को मिली और यह 320.35 रुपये के लेवल पर कारोबार करता दिखा.

# पहली बार खुलकर बोले रोहित शर्मा, संन्यास की वजह कर दी एकदम साफ

एजेंसियां। नयी दिल्ली

टीम इंडिया के हिटमैन रोहित शर्मा ने कुछ ही समय पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था. अब ये खिलाड़ी सिर्फ वनडे क्रिकेट के लिए उपलब्ध हैं. ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को करारी हार का सामना करना पड़ा था. जिसके बाद रोहित की कप्तानी पर सवाल उठने लगे थे. इसके बाद रोहित ने खुद ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया. अब रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट पर खुलकर बात की है. रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला होता है. लेकिन तैयारी से इसकी मुश्किलों का सामना किया जा सकता है. 38 साल के रोहित शर्मा ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में 40.58 की औसत से 4,301 रन बनाए. रोहित ने टी20 इंटरनेशनल से भी एक साल पहले संन्यास ले लिया था. उन्होंने यह फैसला भारत के वर्ल्ड कप जीतने के बाद लिया था. एक कार्यक्रम में रोहित ने कहा कि तैयारी बहुत जरूरी है. टेस्ट क्रिकेट में पांच दिन तक खेलना होता है. यह मानसिक रूप से बहुत थका देने वाला होता है.

रोहित शर्मा ने कहा कि क्रिकेट में तैयारी बहुत जरूरी है. खासकर टेस्ट क्रिकेट में आपको पांच दिनों तक खेलना होता है. यह मानसिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला होता है. उन्होंने आगे कहा कि सभी क्रिकेटरों को फर्स्ट-क्लास क्रिकेट खेलने का अनुभव होता है. मुंबई में भी क्लब क्रिकेट के मैच दो या तीन दिन तक चलते हैं. इसलिए हम बचपन से ही ऐसी परिस्थितियों के लिए तैयार हो जाते हैं. इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि मुश्किल वक्त में कैसे रिएक्ट करना है.

**रोहित ने तैयारियों पर कही ये बात** : रोहित ने बताया कि मुंबई और भारत के लिए खेलने के बाद तैयारी उनके खेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई. आप हर उस चीज पर रिएक्ट करते हैं जो आपके सामने आती है. चाहे वह मुश्किल वक्त हो या मैदान पर सही फैसला लेना हो चाहे बल्ले से हो या गेंद से. उन्होंने तैयारी पर बहुत समय दिया. उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि यह सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं है बल्कि जीवन में आप जो कुछ भी करते हैं, उसमें तैयारी बहुत जरूरी है.

### मुंबई के लिए खेलना शुरू किया तो...

- उन्होंने यह भी कहा, 'मेरे साथ भी बिल्कुल ऐसा ही हुआ, जब मैंने मुंबई के लिए खेलना शुरू किया और फिर भारत के लिए खेलने गया. बहुत सारा ध्यान, मेरा बहुत सारा समय इस बात पर दिया गया कि मैंने खेल से पहले कैसे तैयारी की क्योंकि एक बार खेल शुरू हो जाने के बाद, यह सब रिएक्शन है और आप उस पर रिएक्ट करते हैं जो भी आप पर फेंका जाता है चाहे वह प्रेशर सिचुएशन हो चाहे वह बल्ले से हो या गेंद से मैदान पर सही निर्णय लेना हो. बहुत सारा समय तैयारी में दिया गया और मुझे यकीन है कि यह सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं है बल्कि कहीं भी आप जीवन में जो कुछ भी करते हैं, मुझे लगता है कि तैयारी महत्वपूर्ण है.'




## पुरुष एशिया कप हॉकी : दर्शकों को मिलेगी फ्री एंट्री, टिकट होंगे मुफ्त

# 29 अगस्त से 7 सितंबर तक एशिया कप का होगा आयोजन

एजेंसियां। नयी दिल्ली

राजगीर हॉकी स्टेडियम में होगा एशिया कप




हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. हॉकी इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के सभी मैचों में दर्शकों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा. 29 अगस्त से 7 सितंबर तक नव-निर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में होने वाला यह टूर्नामेंट बिहार की धरती पर हॉकी का ऐतिहासिक उत्सव बनने जा रहा है. प्रशंसक अपनी मुफ्त टिकट पाने के लिए www.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया ऐप पर पंजीकरण कर सकते हैं. पंजीकरण के बाद उन्हें वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा, जिससे स्टेडियम में प्रवेश सहज और बिना किसी परेशानी के हो सकेगा. इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, "राजगीर में हीरो पुरुष एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए ऐतिहासिक क्षण है. हम चाहते हैं कि हर प्रशंसक इस यात्रा का हिस्सा बने. प्रवेश निशुल्क रखने का उद्देश्य खेल को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है ताकि परिवार, छात्र और युवा खिलाड़ी विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले सकें. यह सिर्फ टूर्नामेंट नहीं, बल्कि खेल का उत्सव है और बिहार के लोग इसके केंद्र में हैं."


हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "हम बेहद उत्साहित हैं कि सभी मैचों के लिए दर्शकों को निशुल्क प्रवेश मिलेगा. राजगीर ने हॉकी के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है और हमें विश्वास है कि दर्शक बड़ी संख्या में स्टेडियम आएंगे. यह पहल पूरे भारत में हॉकी संस्कृति को मजबूत बनाने की दिशा में हमारा संकल्प है." इस टूर्नामेंट में एशिया की शीर्ष आठ टीमें भाग लेंगी — भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे. यह टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफायर भी है, जिससे हर मुकाबला और ज्यादा रोमांचक होगा. भारतीय टीम पूल-ए में जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ रखी गई है. भारत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा.

### हॉकी एशिया कप 2025 में भारत का शेड्यूल

- 29 अगस्त : इंडिया हॉकी बनाम चीन हॉकी
- 31 अगस्त : इंडिया हॉकी बनाम जापान हॉकी
- 1 सितंबर : इंडिया हॉकी बनाम कजाखस्तान हॉकी

भारत पूल 'ए' में शामिल है, इस पूल में भारत के साथ चीन, जापान और कजाखस्तान हैं. पूल 'बी' में चीनी ताइपे, मलेशिया, साउथ कोरिया और बांग्लादेश हैं. दरअसल पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद बांग्लादेश को शामिल किया गया.

## पहले ही दौर में हारे लक्ष्य सेन, विश्व नंबर-1 शी यू ची से मिली हार



**पेरिस ।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का अभियान निराशाजनक ढंग से समाप्त हो गया. पुरुष एकल के पहले ही दौर में उन्हें विश्व नंबर-1 और शीर्ष वरीय चीन के शी यू ची के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा. 24 वर्षीय लक्ष्य, जो 2021 में कांस्य पदक जीत चुके हैं, ने सोमवार को कड़ा मुकाबला किया लेकिन अंततः 17-21, 19-21 से 54 मिनट में पराजित हुए. मैच के दौरान उन्होंने कई लंबी रैलियों में दमदार खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर शी की मजबूत डिफेंस और तेज स्मैश को भेदने में असफल रहे. लक्ष्य सेन इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 2024 की चौथे स्थान वाली निराशा को पीछे छोड़ने के इरादे से उतरे थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही फॉर्म में चल रहे शी यू ची से भिड़ना उनके लिए मुश्किल साबित हुआ. चीनी खिलाड़ी जनवरी 2024 से अब तक खेले गए नौ फाइनल में अपराजित रहे हैं और अपने शानदार खेल से उन्होंने इस मुकाबले पर भी दबदबा बनाए रखा. इस जीत के साथ शी ने लक्ष्य पर अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 4-1 कर लिया. पहले गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार रैलियों से दर्शकों को बांधे रखा.

## एशिया कप से पहले सब्बीर पर लग सकता है 5 साल का बैन

# स्टंपिंग से हुआ था मैच फिक्सिंग का शक

एजेंसियां। ढाका



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की एंटी करप्शन यूनिट (एसीयू) ने ढाका प्रीमियर लीग के पिछले संस्करण के दौरान मैच फिक्सिंग में भूमिका के लिए बल्लेबाज मिन्हाजुल आबेदीन सब्बीर पर कम से कम 5 साल का प्रतिबंध लगाने की सिफ़ारिश की है. बता दें कि उनके स्टंपिंग का तरीका काफी हैरान करने वाला था, जिसे देखकर आप भी चौंक जाओगे. वीडियो यहां दिया गया है. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार एंटी करप्शन यूनिट ने शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के डीपीएल मैच के दौरान दो विवादास्पद आउट होने के बाद जांच की थी, इन आउट होने के तरीके को देखकर सभी हैरान थे. बैन की सिफ़ारिश इस जांच के बाद ही की गई है. सब्बीर से पहले इस मैच के 36वें ओवर में स्पिनर निहादुज्जमां की गेंद पर रहीम अहमद बिना रिटर्न किए क्रीज़ से बाहर निकल गए थे और स्टंप आउट हो गए.

**मिन्हाजुल आबेदीन सब्बीर की स्टंपिंग ने किया था सभी को हैरान** : इस मैच के 44वें ओवर की पहली गेंद पर कुछ ऐसा हुआ, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था. नीचे दी गई वीडियो में आप देख सकते हो (6:48 से) कि कैसे बल्लेबाज मिन्हाजुल आबेदीन सब्बीर आगे बढ़कर शॉट मारने गए, इस समय शाइनपुकुर को जीतने के लिए 7 रन चाहिए थे और टीम के पास सिर्फ 1 विकेट बचा था. सब्बीर 8 के स्कोर पर थे. वह आगे बढ़कर शॉट मारने गए लेकिन रुक गए, गेंद विकेट कीपर से थोड़ी दूर थी इसलिए वह जल्दी से स्टंपिंग नहीं कर पाए. सब्बीर तुरंत अपना बल्ला क्रीज तक ले आए, लेकिन फिर रुक गए और बल्ला हल्का पीछे कर लिया. इतना ही नहीं, पहले प्रयास में विकेट कीपर स्टंप पर नहीं मार पाए, इसके बावजूद बल्लेबाज रुका रहा और फिर दूसरे प्रयास में विकेट कीपर ने स्टंपिंग की, इसे देखकर कमेंटेटर भी हैरान थे और बोल रहे थे कि उन्होंने आज तक ऐसा नहीं देखा.

**सट्टेबाजों के संपर्क था बल्लेबाज** : क्रिकबज़ ने एसीयू दस्तावेज़ों का हवाला देकर कहा कि सब्बीर पर संदिग्ध सट्टेबाजों के साथ संपर्क करके और संपर्कों की सूचना न देकर बीसीबी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता की कई धाराओं का उल्लंघन करने का आरोप लगा है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि सबूतों को देखते हुए, हम सभी प्रकार के क्रिकेट से कम से कम 5 साल के प्रतिबंध की सिफारिश कर रहे हैं. 8 से 10 साल या उससे अधिक का प्रतिबंध लगने की संभावना है. 27 वर्षीय ने 1 फर्स्ट क्लास, 25 लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम क्रमश 5 और 667 रन हैं. इसके आलावा उन्होंने 2 टी20 मैच खेले हैं, इनमे भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. एक टी20 में वह 5 और दूसरे में सिर्फ 1 रन ही बना पाए.

## सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पुरानी दिल्ली 6 को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह

एजेंसियां। नयी दिल्ली


सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने शानदार ऑलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए सोमवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए वर्षा प्रभावित मुकाबले में पुरानी दिल्ली 6 को 104 रनों (डीएलएस विधि) से मात दी और दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स ने 18 ओवर में 5 विकेट खोकर 197 रन बनाए.

विकेटकीपर कौशल सुमन (5) के जल्दी आउट होने के बाद ओपनर यश धुल ने एक शानदार अर्धशतक जड़ा और युगल सैनी (28 रन, 20 गेंद) के साथ 57 रनों की अहम साझेदारी की. कप्तान जोंटी सिधु (28 रन, 16 गेंद) और आदित्य भंडारी (17 रन, 11 गेंद) ने भी योगदान दिया. वहीं अंत में आर्यन राणा ने मात्र 14 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की आतिशी पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया. पुरानी दिल्ली 6 की ओर से राजनीश ददर ने 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट झटके.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली 6 की शुरुआत बेहद खराब रही. मनी ग्रेवाल और अरुण पुंडीर ने शुरुआती झटके दिए और टीम ने पावरप्ले में ही 44/3 का स्कोर बना लिया. इसके बाद बारिश के कारण खेल रुका और लक्ष्य 15 ओवर में 174 रन तय किया गया. लेकिन वापसी के बाद भी टीम की हालत नहीं सुधरी. सिमरजीत सिंह ने देव लाकड़ा (6) और आदित्य मल्होत्रा (0) को पवेलियन भेजकर विपक्ष को और दबाव में डाल दिया. प्रणव पंत (24 रन, 17 गेंद) ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन उनके आउट होते ही पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई और सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 104 रनों की एकतरफा जीत दर्ज की. गेंदबाजी में कप्तान जोंटी सिधु ने 1 ओवर में 2 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि सिमरजीत सिंह ने भी 2 रन देकर 2 विकेट चटकाए. पुंडीर ने 2/28 के आंकड़े के साथ टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई.

# घरेलू क्रिकेट में वापसी को तैयार शुभमन गिल और तिलक जैसे दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसियां। नयी दिल्ली



### दिलीप ट्रॉफी 2025

| चरण | दिनांक | मुकाबला |
| --- | --- | --- |
| क्वार्टर-फाइनल | 28-31 अगस्त | नॉर्थ जोन बनाम ईस्ट जोन |
| क्वार्टर-फाइनल | 28-31 अगस्त | सेंट्रल जोन बनाम नॉर्थ ईस्ट जोन |
| सेमीफाइनल | 4-7 सितंबर | साउथ जोन बनाम क्वार्टर-फाइनल 1 का विजेता |
| सेमीफाइनल | 4-7 सितंबर | वेस्ट जोन बनाम क्वार्टर-फाइनल 2 का विजेता |
| फाइनल | 11-15 सितंबर | सेफा1 का विजेता बनाम सेमीफाइनल 2 का विजेता |

दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से होगी. पहला मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला जाएगा. यह घरेलू टूर्नामेंट क्वार्टर-फाइनल चरण से शुरू होगा. दूसरा क्वार्टर-फाइनल सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला जाएगा. पिछले संस्करण की फाइनलिस्ट टीमें जिनमें साउथ जोन और वेस्ट जोन शामिल हैं, पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं. टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में खेला जाएगा.

दलीप ट्रॉफी 2025 का पूरा कार्यक्रम

**दलीप ट्रॉफी की छह टीमें :** सेंट्रल जोनः ध्रुव जुरेल (कप्तान, विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संचित देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, र्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद.

**ईस्ट जोनः** इशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जयसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद शमी.

**नॉर्थ ईस्ट जोन** : रोंगसेन जोनाथन (कप्तान), अंकुर मलिक, जेहू एंडरसन, आर्यन बोरा, तेची डोरिया, आशीष थापा, सेडेझाली रूपेरो, कर्णजीत युमनाम, हेम छेत्री, पल्ज़ोर तमांग, अर्पित सुभाष भटेवरा (विकेटकीपर), आकाश चौधरी, बिश्वोरजीत कोंथौजाम, फ़िरोइजाम जोतिन, अजय लामाबाम सिंह.

**नॉर्थ जोन** :शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बदोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर).

**साउथ जोन** : तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अज़हरुद्दीन (उप-कप्तान, विकेटकीपर), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निज़ार, एन जगदीसन (विकेटकीपर), टी विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विशक विजयकुमार, एमडी निधीश, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर.

**वेस्ट जोनः** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला.

कहां होगी लाइव स्ट्रीमिंग? : दलीप ट्रॉफी 2025 का सीधा प्रसारण जियो हॉटस्टार पर किया जाएगा.

## ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल: चोपड़ा से देश को फिर बड़ी उम्मीद

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय सुपर स्टार और दो बार ओलंपिक मेडल जीत चुके जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा एक बार फिर मैदान पर भारत को गर्व का पल देने को तैयार हैं. भारत में अपने चाहने वालों के बीच बाहुबली नाम से मशहूर चोपड़ा सिलेसिया और ब्रुसेल्स में श्रृंखला के दो चरणों में नहीं खेल पाए थे, जबकि केवल दोहा और पेरिस स्पर्धाओं में भाग लिया. उन्होंने चार क्वालीफाइंग चरणों में से दो में भाग लेने के बाद इस वर्ष के डायमंड लीग फाइनल के लिए चौथे स्थान की योग्यता हासिल की.

**नीरज को किससे-किससे मिलेगी चुनौती :** 27 वर्षीय विश्व चैंपियन ने मई में दोहा चरण में 90.23 मीटर का थ्रो हासिल किया चोपड़ा के साथ क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य थ्रोअर एंड्रियन मार्डारे, गत चैंपियन पीटर्स, केशोर्न वालकॉट, वेबर और जूलियस येगो हैं. स्विस एथलीट साइमन वीलैंड मेजबान देश की एंट्री के रूप में शामिल हुए. चोपड़ा की सबसे हालिया प्रतियोगिता 5 जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में थी, जहां उन्होंने 86.18 मीटर थ्रो के साथ जीत हासिल की.

**नीरज भारतीय समयानुसार कब डायमंड लीग फाइनल में उतरेंगे :** वह 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर के खिलाफ मुकाबला करेंगे. शेड्यूल के भारतीय समयानुसार रात 11:15 बजे खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है. बता दें कि उन्होंने 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती और 2023 और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे थे. इस बार फिर उम्मीद है कि वह खिताब अपने नाम करने में कामयाब रहेंगे.

## जश्न की तैयारी : अर्जुन और सानिया चंडोक की सगाई पर सचिन तेंदुलकर ने लगाई मुहर

# जल्द ही आएगी शादी की डेट, दोनों परिवार खुश

एजेंसियां। मुंबई




क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने आखिरकार अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की खबरों पर विराम लगा दिया है. लंबे समय से सोशल मीडिया पर अर्जुन तेंदुलकर और सानिया की सगाई के बारे में चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन तेंदुलकर परिवार ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया था. अब खुद मास्टर ब्लास्टर ने स्वीकार किया है कि अर्जुन और सानिया चंडोक ने सगाई कर ली है.

सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया रेडिट पर हुए "आस्क मी एनीथिंग" सेशन में इस बात का खुलासा किया है. जब उनसे बेटे की सगाई को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "हां, अर्जुन और सानिया की सगाई हो गई है और पूरा परिवार इसे लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं.₹ बताया जा रहा है कि बीते बुधवार (13 अगस्त 2025) को अर्जुन और सानिया ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई थी. अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि दोनो की शादी की तारीख का ऐलान भी जल्द किया जाएगा.

कौन हैं सानिया चंडोक

सानिया चंडोक देश के जाने-माने कारोबारी रवि घई की पोती हैं. घई परिवार का फाइव स्टार इंटरकॉन्टिनेंटल होटल, ब्रुकलिन क्रीमरी और ग्रैविस गुड फूड्स जैसे बड़े बिजनेस से जुड़ाव है. हालांकि, सानिया ने अपनी पहचान खुद बनाई है. वे मुंबई में मिस्टर पॉज नाम से एक प्रीमियम पेट सैलून, स्पा और स्टोर चलाती हैं. सानिया ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की है और अर्जुन की बहन सारा तेंदुलकर के भी बेहद करीब हैं.

### क्रिकेट करियर को लेकर मेहनत कर रहे अर्जुन

25 वर्षीय अर्जुन तेंदुलकर इस समय घरेलू क्रिकेट में गोवा की ओर से खेलते हैं. साथ ही वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा भी हैं. हालांकि आईपीएल 2025 सीजन में उन्हें मुंबई की ओर से प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला था. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन लगातार खुद को साबित करने के लिए मेहनत कर रहे हैं. उन्होंने कुछ समय तक युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह से भी क्रिकेट की कोचिंग ली है. माना जाता है कि अर्जुन की बल्लेबाजी क्षमता भी भविष्य में सबको चौंका सकती है.

# न धौनी और न गंभीर, सचिन के माइंड गेम ने दिलाया था भारत को 2011 वर्ल्ड कप

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने वर्ल्ड कप 2011 को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है. सचिन हाल ही में रेडिट इंडिया के ब्रांड एंबेसडर बने हैं और इस प्लेटफॉर्म पर सचिन अपने फैंस के साथ बात भी करते हैं. सचिन की इस चैट ने वर्ल्ड कप 2011 से जुड़ा एक बड़ा राज खोला है. कई लोग टीम इंडिया को वर्ल्ड कप फाइनल जिताने का क्रेडिट महेंद्र सिंह धौनी को देते हैं तो कोई गौतम गंभीर को मैच विनर मानता है, लेकिन सचिन तेंदुलकर के खुलासे से इस दिग्गज खिलाड़ी के माइंड गेम के बारे में पता चलता है.

**सचिन ने खेला माइंड गेम :** सचिन तेंदुलकर से रेडिट पर एक फैन से सवाल किया कि वीरेंद्र सहवाग ने एक बार बताया था कि वर्ल्ड कप 2011 के फाइनल में युवराज सिंह से पहले महेंद्र सिंह धौनी को बल्लेबाजी करने आपने भेजा था. मैं जानना चाहता हूं कि क्या ये सच है और इसके पीछे आपने क्या स्ट्रेटजी सोची थी. सचिन तेंदुलकर ने इस बात का जवाब देते हुए कहा कि 'इसके पीछे दो बड़े कारण थे. पहला लेफ्ट राइट बैटिंग कॉम्बिनेशन, क्योंकि इससे दोनों ऑफ स्पिनर्स को परेशान किया जा सकता था'. सचिन ने दूसरे कारण के बारे में लिखा कि 'मुथैया मुरलीधरन सीएसके के लिए 2008 से 2010 तक तीन साल खेल चुके थे तो एमएस धौनी के पास तीन साल नेट में मुरलीधरन की गेंद खेलने का एक्सपीरियंस भी था'.

**सचिन के फैसले ने जिताया वर्ल्ड कप :** वर्ल्ड कप 2011 का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया था.

गणपति पूजा व रबीउल अव्वल को लेकर सौहार्दपूर्ण आयोजन की तैयारी, शांति समिति की बैठक संपन्न

# साफ-सफाई, सुरक्षा और अफवाहों पर नजर रखने का संकल्प

**शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)**

गणपति पूजा और रबीउल अव्वल पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति सह विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जयनगर पूर्वी पंचायत भवन के सभागार में मंगलवार को आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अरमान खान ने की, जबकि संचालन कैलाश प्रसाद ने किया. बैठक में समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, दोनों समुदायों के प्रतिनिधि और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

वक्ताओं ने कहा कि गणपति पूजा और रबीउल अव्वल दोनों पर्व



आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं. ऐसे में यह आवश्यक है कि इन त्योहारों को शांति, सहयोग और समरसता के साथ मनाया जाए.

बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्वों के दौरान साफ-सफाई, बिजली, पानी, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से सहयोग लिया जाएगा. इसके अलावा समिति द्वारा स्वयंसेवकों की एक टीम बनाई जाएगी जो आयोजन स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेगी.

वक्ताओं ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की बात भी कही. उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में माहौल बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा.

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आपसी सहयोग, भाईचारे और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता और सौहार्द की भावना और मजबूत होती है.

बैठक में मुखिया कौशर खान, सिराज खान, सरोज सोनी, सुनील सिंह, कलीम खान, जमाल खान, तसव्वर खान, बीरेंद्र कुमार, मोहन यादव, उमेश मोदी, शाहनवाज खान, रिजवान खान, दशरथ राम, नारायण शर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

## दुर्घटनाग्रस्त ट्रक की चोरी, पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ा

**चौपारण ।** प्रखंड के रानीक मोड़ बिगहा के समीप 24 अगस्त की रात हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत तथा एक के गंभीर रूप से घायल होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर (संख्या एनएल 01 ए सी -6298) को पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर के समीप खड़ा किया था. इसी बीच देर रात अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर ट्रक की चोरी कर ली. मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस संबंध में चौपारण थाना में कांड संख्या 232/25, दिनांक 25/08/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजित कुमार विमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की और चोरी हुए ट्रक को बरामद कर लिया.



सांसद ने चुरचू प्रखंड के ग्राम जरबा का किया दौरा

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और जल्द समाधान का दिया भरोसा

**शुभम संदेश। चुरचू**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मंगलवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के सघन दौरे पर थे. इस दौरान उन्होंने चुरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत जरबा का भ्रमण किया. लगातार बारिश के बाद जब तेज धूप निकली, तब भी सांसद ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के विभिन्न पथों का पैदल निरीक्षण किया.

सांसद के ग्राम पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने जरबा शिव मंदिर प्रांगण में उनका हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत किया. यहां ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में शेड और लाइट लगाने की मांग रखी, जिसे सांसद ने ध्यानपूर्वक सुना. इसके बाद उन्होंने पंचायत की अन्य जन समस्याओं का भी जायजा लिया. सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा. ग्राम भ्रमण के दौरान सांसद ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री स्व. योगेंद्र साव के आवास पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके समर्पण को याद किया.

इस अवसर पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, पूर्व मुखिया रामदुलार साव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता रामचंद्र साव, महेंद्र कुमार माली, राजेश्वर राम, शिव प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

सांसद का यह दौरा ग्रामीणों के बीच उत्साह व उम्मीद की लहर लेकर आया, जहां उन्होंने विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया.

गणेश चतुर्थी को लेकर हजारीबाग में निषेधाज्ञा लागू, 26-29 अगस्त तक रहेगा प्रभाव

# सौहार्दपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का पूजा समितियों को दिए गए दिशा-निर्देश



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर हजारीबाग सदर अनुमंडल क्षेत्र में 26 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त रात तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. यह आदेश अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) बैद्यनाथ कामती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किया है.

पर्व के दौरान लोगों की बड़ी भागीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक तनाव न उत्पन्न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे.

### आदेश में पूजा समितियों और आयोजकों को निर्देश दिए गए हैं कि

- सभी समितियों को अनिवार्य रूप से अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) लेना होगा.
- सीसीटीवी कैमरे या पंडाल की वीडियोग्राफी सुनिश्चित करनी होगी.
- भड़काऊ गीत व भाषण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे.
- ध्वनि सीमा 70 डीबी से अधिक नहीं होनी चाहिए.
- पंडालों में अग्निशमन की व्यवस्था, साफ-सफाई, और भीड़ नियंत्रण के उपाय अनिवार्य होंगे.
- जुलूस या आर्केस्ट्रा की स्थिति में आयोजकों को वीडियोग्राफी अनिवार्य करनी होगी.
- 20 वॉलंटियर्स की सूची मोबाइल नंबर सहित संबंधित थाना में जमा करनी होगी.
- पुरुष और महिलाओं के लिए प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग होंगे.
- आयोजन क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र, लाठी, आग्नेयास्त्र आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.
- सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या संदेश साझा करने पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.
- बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का जुलूस या प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा. आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## जेपीएससी में चरही के सौरव शशि ने लहराया परचम 158वीं रैंक हासिल कर अपने गांव का बढ़ाया मान

**सांसद मनीष जायसवाल ने दी बधाई, बताया ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा**

**शुभम संदेश। चुरचू (हजारीबाग)**

चरही प्रखंड के जरबा गांव निवासी सौरव शशि ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में 158वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. किसान पिता जागो साव और आंगनबाड़ी सहायिका मां कुंती देवी के पुत्र सौरव ने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में हासिल की है.

सौरव ने अपनी प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा गांव के ही आदर्श उच्च विद्यालय, कारुखाफ से प्राप्त की. आगे की पढ़ाई उन्होंने संत कोलंबा कॉलेज, हजारीबाग से भूगर्भ शास्त्र विषय में स्नातक और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की. परीक्षा की तैयारी के दौरान वे हजारीबाग के ग्राम मंडई में अपनी बहन शोभा शशि और जीजाजी रामचंद्र साव के घर रहकर कड़ी मेहनत करते रहे.



सौरव की इस उपलब्धि पर मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उनके गांव पहुंचकर बधाई दी. उन्होंने सौरव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. सांसद ने कहा कि सौरव की यह सफलता ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करता है कि समर्पण व लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है.

सांसद के आगमन पर सौरव की मां ने उन्हें आरती उतारी और परिजनों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया. इस दौरान सांसद ने सौरव से कहा, "आप चाहे जितने बड़े अधिकारी बनें, अपने अंदर की इंसानियत को जीवित रखें और जरूरतमंदों की मदद करना न भूलें. यही आपकी सफलता का असली अर्थ होगा."

मौके पर मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, प्रखंड प्रमुख निरंजन नायक, पूर्व मुखिया रामदुलार साव, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

हजारीबाग की सुरक्षा और सड़क व्यवस्था पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाई आवाज

## जनता की समस्या का होगा शीघ्र समाधान राज्य सरकार ने दिए सकारात्मक संकेत

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में क्षेत्र की जनता से जुड़ी सुरक्षा और सड़क अव्यवस्था के मुद्दे को मजबूती से उठाया. उन्होंने नगवां टोल से मासीपीढ़ी तक के बायपास मार्ग पर फैली बदहाली, अंडरपास सिंघानी चौक, ओरिया, चानों और फोरलेन जंक्शन तक की जर्जर स्थिति को सदन में प्रमुखता से उठाया.

विधायक ने कहा कि इस मार्ग पर भारी यातायात दबाव और अधूरी व्यवस्थाओं के कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जिससे आम जनता की जान-माल को नुकसान पहुंच रहा है. उन्होंने विशेष रूप से बारिश के समय जल-जमाव की गंभीर समस्या का उल्लेख किया, जो



दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है.

प्रश्न के उत्तर में पथ निर्माण मंत्री ने माना कि हजारीबाग–बरही (एनएच-33) और रांची–हजारीबाग (एनएच-100) के जंक्शन पर बने फ्लाईओवर व छोटे पुल (एलवीयूपी) से जुड़ी सेवा सड़क का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कराया जा रहा है.

वर्तमान में इन सड़कों की मरम्मत और रखरखाव डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के तहत किया जा रहा है. वहीं कठोर फर्श (पीक्यूसी) निर्माण हेतु निविदा की अंतिम प्रक्रिया भी एनएचएआई द्वारा की जा रही है.

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, "हजारीबाग की जनता की सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता है. सदन में उठाई गई हर आवाज़ का समाधान होगा. सरकार की ओर से सकारात्मक जवाब मिलने से जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान अब शीघ्र संभव होगा."

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की आवाज़ को वे हमेशा विधानसभा में उठाते रहेंगे.

## एक नजर

### गावां बीडीओ ने की आवास योजनाओं की समीक्षा

**गावां (शुभम संदेश)।** गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं, जैसे पीएम आवास, अबुआ आवास, अंबेडकर आवास, 15वें वित्त और मनरेगा की प्रगति की समीक्षा की गई. बीडीओ महेंद्र रविदास ने बताया कि पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण प्रखंड की कई पंचायतों में मिट्टी और खपरैल से बने घर गिरने की सूचना मिली है. उन्होंने संबंधित पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गिरे हुए घरों की सूची तुरंत उपलब्ध कराएं. इसके साथ ही, यह भी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के घर गिरे हैं, उनका नाम आवास योजना की सूची में है या नहीं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए. इस बैठक में बीपीओ विपिन कुमार, बीपीआरओ संजय कुमार, राकेश कुमार, अरविंद सिंह, मुकेश पासवान, दीपक कुमार, कार्तिक विश्वकर्मा, एई संतोष कुमार, जेई मो रिजवान, पन्नालाल, सतीश चौधरी, संतोष रविदास और रविन्द्र बरनवाल सहित कई अन्य कर्मी भी उपस्थित थे.

### सखी मंडल महिलाओं के लिए चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**दुमका (शुभम संदेश)।** दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के रांगा पंचायत स्थित कठलिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सखी मंडल की महिलाओं को आगामी पांच वर्षों के लिए एक विकासोन्मुखी वार्षिक कार्य योजना तैयार करने की प्रक्रिया सिखाना था. प्रशिक्षण का संचालन मसलिया और दुमका सदर प्रखंड से आए प्रशिक्षक लखि चांद और माकू सोरेन द्वारा किया गया. सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि वे विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार की आय को कैसे बढ़ा सकती हैं और समृद्धि की ओर बढ़ सकती हैं. चार दिवसीय इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, हक-अधिकार और सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. सहभागी महिलाओं ने सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करके वार्षिक कार्य योजना, गतिविधि कैलेंडर और बजट प्रस्ताव तैयार किया. इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन कुमार श्रीवास्तव, सामुदायिक समन्वयक सुबोध मंडल, ब्लॉक एंकर पर्सन श्रीकांत शर्मा और कठलिया संकुल संगठन की ओबी तथा ईसी सदस्य भी उपस्थित थे.

### खाद्य आयोग की सदस्य ने की समीक्षा बैठक

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो परिसदन सभागार में झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन ने अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. शबनम परवीन ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें. उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आम जनता को इस कोष के बारे में जागरूक करना आवश्यक है. उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन केवल रसोई गैस का उपयोग करके ही बनाया जाए, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में बच्चों को नियमित रूप से अंडे वितरित करने का निर्देश दिया गया. जो बच्चे अंडे नहीं खाते, उन्हें मौसमी फल देने को कहा गया. आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि लोग अपनी शिकायतें सीधे व्हाट्सएप नंबर 9142622194 पर दर्ज करा सकते हैं. उन्होंने अत्यंत जरूरतमंद लोगों (मेडिकल इश्यू वाले) को राशन कार्ड जारी करने के लिए पोर्टल पर जिला स्तर से अनुशंसा करने की सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया. प्रखंड और पंचायत स्तरीय निगरानी समितियों की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया, जिनकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी करेंगे. शबनम परवीन ने कहा कि आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के हर पात्र परिवार को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिले और सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ. अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के प्रतिनिधि, विपणन पदाधिकारी, बीडीओ और सीओ मौजूद थे. इससे पहले, उपायुक्त अजय नाथ झा ने शबनम परवीन से भेंट कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया.

### स्क्रैप लदा ट्रक जब्त, पुलिस कर रही जांच

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोमवार की देर रात्रि स्क्रैप लदा 12 चक्का ट्रक जब्त किया है। पुलिस स्क्रैप सहित ट्रक के कागजातो की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक डब्लू बी-11k-0799 केटीपीएस बांझेडीह से एमएस स्क्रैप लोड कर बिहार जा रहा था। इसी क्रम में तिलैया पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने ले आई। स्क्रैप की जांच पड़ताल को लेकर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने केटीपीएस से संपर्क कर स्क्रैप की हुई नीलामी को लेकर अभियंता से बातचीत के बाद पुलिस का एक दल को जांच के लिए केटीपीएस भेजा. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### बजरंगबली मंदिर में चोरी, सीसीटीवी भी तोड़ा गया

**मरकच्चो (कोडरमा)।** गरडीहा स्थित बजरंगबली मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखा बड़ा बैटरी, इन्वर्टर, बाजा, साउंड सिस्टम समेत कई कीमती सामान चोरी कर लिए. साथ ही, चोरी के दौरान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया. सुबह जब पुजारी संजय यादव मंदिर पहुंचे तो यह हालात देख सदमा लगा. घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में इकट्ठा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई.

### एनएसयूआई ने विवि प्रशासन को दी चेतावनी, जल्द नहीं खुले हॉस्टल, बस व छात्र संघ चुनाव तो होगा आंदोलन

**हजारीबाग ।** एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि कुलपति के कार्यभार संभालने के तीन महीने बाद भी छात्रों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का बॉयज हॉस्टल, एससी-एसटी गर्ल्स हॉस्टल, जिम, बस सेवा, बास्केटबॉल कोर्ट, मल्टीपरपज भवन, टीआरएल विभाग सभी बंद पड़े हैं. वहीं छात्र संघ चुनाव भी ठप हैं. दूसरी ओर, विश्वविद्यालय प्रशासन नए भवन निर्माण में व्यस्त है, जबकि पुराने भवन उपेक्षा की शिकार हैं. अभिषेक राज ने कहा कि छात्रों की बुनियादी सुविधाएं बहाल करना प्राथमिकता होनी चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो एनएसयूआई विश्वविद्यालय में जोरदार आंदोलन करेगी.

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन 28 अगस्त को हजारीबाग पहुंचेगा

# गुरुद्वारा समिति ने भावपूर्ण स्वागत की पूरी की तैयारी

**मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंचेगी शोभा यात्रा**

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर निकाली जा रही ऐतिहासिक नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) 28 अगस्त को हजारीबाग पहुंचेगी. यह यात्रा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर द्वारा आयोजित की गई है, जो घुबड़ी साहिब, असम से आरंभ होकर 21 राज्यों से गुजरते हुए श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब पहुंचेगी.

करीब 30 गाड़ियों का भव्य काफिला और 500 से अधिक



श्रद्धालु संगत इस धार्मिक यात्रा में शामिल हैं. हजारीबाग में शोभा यात्रा रांची-रामगढ़ मार्ग से होकर बुढ़वा महादेव, आनंदा चौक होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचेगी. यहां शबद-कीर्तन और अरदास का आयोजन होगा, जिसके बाद यात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना होगी.

**समिति के प्रमुख पदाधिकारी हैं**

- अध्यक्ष : परमवीर सिंह कालरा,
- उपाध्यक्ष : गुरप्रीत सिंह गांधी, नितिन बावा,
- सचिव : आनंद राज सिंह कालरा,
- कोषाध्यक्ष : कुलतार सिंह लाम्बा,
- सह कोषाध्यक्ष : जसमीत सिंह,
- मीडिया प्रभारी : रोहित बजाज.
- मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि यह शोभा यात्रा धार्मिक आस्था, भाईचारे, और बलिदान की परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जो संगत को प्रेरित और एकजुट करती है.

हजारीबाग गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने स्वागत की तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंजाम दिया है.

# बच्चों के कल्याण के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति की बैठक

**शुभम संदेश। दुमका**

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एजाज आलम की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में प्रखण्ड स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की क्षमतावर्धन बैठक का आयोजन किया गया. बीडीओ एजाज आलम ने कहा कि यह समिति जनभागीदारी के माध्यम से बच्चों के संरक्षण और कल्याण के लिए काम करती है. उन्होंने सभी मुखिया और पंचायत सचिवों से देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवानंद मिश्रा ने बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए पारिवारिक स्तर पर पहल करने की बात कही. उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए हमें संवेदनशील माता-पिता और पड़ोसी बनना होगा. अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने कहा कि बचपन मानव विकास का एक महत्वपूर्ण चरण है. बच्चों को यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी कुरीतियों से बचाने के लिए सभी अधिकारियों और पदधारियों को सक्रिय रहना चाहिए. प्रवाह संस्था के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने पीपीटी के माध्यम से मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों, समिति के कार्यों और किशोर न्याय अधिनियम-2015 व पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधानों की जानकारी दी. उन्होंने बच्चों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में भी बताया. चाइल्ड हेल्पलाइन के निक्कू कुमार साह ने मानव तस्करी से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने हेतु विभागीय पहल को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया. जिला परियोजना सहायक (नीति आयोग) ने सुझाव दिया कि बाल विवाह और मानव तस्करी को रोकने के लिए पंचायत स्तर पर विवाह एवं पलायन पंजी का रख रखाव किया जाना चाहिए. किशोरी सदस्यों के अनुरोध पर मुखिया और शिक्षकों ने गांवों में सुरक्षित और असुरक्षित स्थानों की पहचान कर सामुदायिक निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि स्कूल जाते समय लड़कियों को छेड़खानी का सामना करना पड़ता है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है.

## न्यूज अपडेट

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद जब्त

**इंफाल ।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में सुरक्षा बलों ने तीन प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता को रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के ताओथोंग खुनोउ इलाके से गिरफ्तार किया गया. उग्रवादी की पहचान ओइनम सोमेनचंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो दुकानों और आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था. पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की गई है. प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक उग्रवादी को रविवार को इकाप माखा लेइकाई से गिरफ्तार किया गया.

### बांग्लादेश मूल के शरीफुल अमेरिकी वायु सेना में ब्रिगेडियर जनरल बने

**ढाका (बांग्लादेश) ।** ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने आज फेसबुक पोस्ट में घोषणा की कि शरीफुल एम खान को ब्रिगेडियर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया है. वह अमेरिकी वायुसेना में यह पद हासिल करने वाले पहले बांग्लादेशी-अमेरिकी हैं. पोस्ट में लिखा गया है, ब्रिगेडियर जनरल शरीफुल एम खान को बधाई. वह अमेरिकी उत्कृष्टता के उदाहरण और बांग्लादेशी-अमेरिकी समुदाय के लिए एक पथप्रदर्शक हैं. द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने यह भी लिखा, अमेरिकी वायु सेना में यह पद हासिल करने वाले पहले बांग्लादेशी-अमेरिकी के रूप में ब्रिगेडियर जनरल खान मातृभूमि की रक्षा और अमेरिकी सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण और सेवा के मूल्यों के प्रतीक हैं.

### चेन्नई के शहरी स्कूलों में भी मुख्यमंत्री नाश्ता योजना शुरू

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि राज्य में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली नाश्ता योजना का अनुसरण अन्य राज्यों ने भी करना शुरू कर दिया है. बच्चों के साथ नाश्ता करने से मुझे शक्ति मिली है. मुख्यमंत्री स्टालिन चेन्नई के शहरी क्षेत्रों के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' के विस्तार का शुभारंभ के बाद संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के साथ चेन्नई के शहरी क्षेत्रों के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' के विस्तार का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री स्टालिन, उदयनिधि और भगवंत मान ने मायलापुर के आयोजित एक समारोह में साथ बैठकर नाश्ता भी किया.

### मंत्री को घोषणा- गणेश पूजा पंडालों को मुफ्त बिजली देगी आंध्र सरकार

**कर्नाटक ।** आंध्र प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जी रवि कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य भर में 15,000 गणेश पंडालों को मुफ्त बिजली देने के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. कुमार ने कहा कि राज्य भर में गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान आध्यात्मिक कार्यक्रमों को बिना किसी असुविधा के संपन्न कराने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं. कुमार ने सोमवार देर रात सत्ताधारी पार्टी टीडीपी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'एनडीए गठबंधन सरकार ने कुल 15,000 गणेश पंडालों को मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए विशेष रूप से 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं.'

### आरएसएस गीत विवाद पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ने माफी मांगी

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का गीत गाने पर हुई आलोचना के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने माफी मांगी है. शिवकुमार ने अपना और गांधी परिवार के रिश्ते को भक्त और भगवान जैसा बताया. बेंगलुरु में मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि अगर मेरे किसी कृत्य या शब्दों से किसी को ठेस पहुँची है, तो मैं माफ़ी माँगने को तैयार हूँ. मेरी मंशा किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाने की नहीं है. मैं सभी से माफ़ी मांगूगा. उन्होंने अपनी ही पार्टी के उन लोगों पर भी नाराजगी जताई जिन्होंने उनके खिलाफ आवाज़ उठाई. उन्होंने कहा कि उनकी बातों पर सवाल उठाने वाले मूर्ख हैं. पूर्व मंत्री केएन राजन्ना ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें जिसे सलाह देनी है, दे दें.

### सीबीआई ने एक लाख रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को यहां एक लाख रुपये की रिश्वत लेते दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया. आरोपी कांस्टेबल का नाम राजकुमार मीणा है और वह अशोक विहार थाने में तैनात था. सीबीआई को शिकायत मिली थी कि एक सब-इंस्पेक्टर और यह हेड कांस्टेबल मिलकर एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये की मांग कर रहे हैं. बाद में मामला दो लाख रुपये में तय हुआ और शिकायतकर्ता से कहा गया कि वह पहले एक लाख रुपये दे. कांस्टेबल को 25 अगस्त को शिकायतकर्ता जब पैसे देने गया तो सीबीआई टीम ने पहले से जाल बिछा रखा था.



अगरतला में 'गणेश चतुर्थी' उत्सव से पहले लोग भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते हुए.

### परमाणु ऊर्जा पर किए वादे संसद में भूली सरकार: जयराम रमेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर संसद के हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम न उठाने का आरोप लगाया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार ने बजट 2025-26 में परमाणु ऊर्जा को लेकर बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन संसद सत्र में उनसे जुड़ा एक भी विधेयक पेश नहीं किया गया. साथ ही उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय लाए गए परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 के संशोधन पर भी आपत्ति जताई. जयराम रमेश में कहा कि बजट भाषण में वित्त मंत्री ने दो प्रमुख सुधारों की घोषणा की थी. पहला, परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 में संशोधन और दूसरा, परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन कर निजी कंपनियों को परमाणु संयंत्र स्थापित करने और उनका संचालन करने की अनुमति देना. उन्होंने कहा कि क्या यसरकार इन विधेयकों को तीन महीने बाद होने वाले शीतकालीन सत्र में पेश करेगी या इन्हें भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि उस प्रस्तावित विधेयक का क्या हुआ जो एक स्वतंत्र नियामक निकाय की स्थापना से संबंधित है. ऐसा निकाय जो परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान का हिस्सा न हो और जो नियमन की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित कर सके.

# डोडा में किश्तवाड़-धराली जैसी तबाही, 10 घर बहे, 4 की मौत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई है. इस प्राकृतिक आपदा के कारण 10 से ज्यादा मकान तबाह हो गए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों के बीच दहशत का माहौल है. बीते दिन से आए फ्लैश फ्लड की वजह से अब तक चार लोगों की मौत हो गई है. प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है.

**डोडा में पहाड़ों से आया सैलाब :** प्रशासन ने शाम तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. ऐसे में राहत कार्य में भी बाधा आ सकती है. बादल फटने की घटना के बाद इलाके में सैलाब दिख रहा है, जिससे रास्ते में आने वाले पेड़ और मकानों को भारी नुकसान हुआ है. डोडा में बादल फटने के बाद कई घर पानी में बह चुके हैं और कुछ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं. स्थानीय लोगों के जीवनभर की कमाई प्रकृति के प्रकोप की भेंट चढ़ चुकी है. जिले के ऊपरी इलाके में तबाह हुए मकानों से स्थानीय लोग अपना कीमती सामान निकालकर किसी सुरक्षित स्थान पर जाने को मजबूर हैं.

**शहर में घुसा नदी का पानी :** वीडियो में पानी का तेज बहाव देखा जा सकता है. इलाके की नदियां उफान पर हैं और बाजारों तक में पानी घुस चुका है. ऐसे में कई रास्तों को बंद करना पड़ा है ताकि किसी हादसे से बचा जा सके. प्रशासन ने प्रभावित इलाके से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना भी शुरू कर दिया है. रामबन इलाके में भी भारी भूस्खलन की वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बंद कर दिया गया है. भारी बारिश के साथ-साथ पूरे जम्मू में तेज हवाएं चल रही हैं और तवी नदी से आया सैलाब रिहायशी इलाकों में घुस रहा है. जम्मू में नदी किनारे बसे कई इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं और प्रशासन ने नुकसान से बचने के लिए इन इलाकों को खाली करा लिया है.


**धराली और किश्तवाड़ में तबाही :** इससे पहले उत्तराखंड के धराली में बादल फटने की घटना से पूरे गांव में तबाही मच गई थी और पांच से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई थी.

**बारहमासी राजमार्ग पर रोकी गई आवाजाही**



### ट्रंप ने फेडरल रिजर्व बोर्ड की गवर्नर लिसा कुक को हटाया

**एजेंसी । वाशिंगटन (अमेरिका)**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि उन्होंने फेडरल रिजर्व बोर्ड की गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त कर दिया है. इसे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दरों में कटौती से इनकार करने पर उसकी स्वतंत्रता पर हमलों का अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट बर्खास्तगी पत्र में फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के निदेशक बिल पुल्टे के आरोपों का हवाला दिया कि लिसा कुक ने गृह ऋष्ण के आवेदनों में झूठे बयान दिए.

सीएनबीसी की खबर में इस घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई है. बताया गया है कि यह पत्र न्याय विभाग के पुल्टे के दावे के कारण कुक की जांच करने की बात कहने के चार दिन बाद आया है. कुक ने सोमवार को एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने मुझे 'कारण बताकर' बर्खास्त करने का दावा किया है, जबकि कानून के तहत कोई कारण मौजूद नहीं है और उनके पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है. फेडरल रिजर्व गवर्नर के रूप में सेवा करने वाली पहली अश्वेत महिला कुक ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी. मैं 2022 से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद के लिए अपने कर्तव्यों का पालन कर रही हूं. सनद रहे कुक की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की थी. उन्होंने अदालत में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए हाई प्रोफाइल वकील एब्बे लोवेल को नियुक्त किया है. वकील लोवेल ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर 'हमला' करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है और एक बार फिर उनकी धमकाने की प्रतिक्रिया दोषपूर्ण है और उनकी मांगों में किसी भी उचित प्रक्रिया, आधार या कानूनी अधिकार का अभाव है. लोवेल ने कहा, हम राष्ट्रपति की अवैध कार्रवाई को रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे. फेडरल रिजर्व के प्रवक्ता ने ट्रंप के पत्र पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की.

## शक्ति से ही शांति आ सकती है सेनाएं युद्ध के लिए तैयार: चौहान



- इंदौर के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में भारतीय सेना का दो दिवसीय रण संवाद-2025 कार्यक्रम शुरू

**एजेंसी । इंदौर**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा है, लेकिन वह किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं. भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन दुश्मन गलतफहमी में न रहे. हम शांतिवादी नहीं हो सकते... देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना हर समय तैयार रहती है. उन्होंने एक लैटिन उद्धरण देते हुए कहा, 'अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें, क्योंकि शक्ति से ही शांति आ सकती है. सीडीएस जनरल चौहान मंगलवार को मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में शुरू हुए भारतीय सेना के दो दिवसीय 'रण संवाद-2025' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि शक्ति के बिना शांति केवल एक कल्पना है. इतिहास गवाह है कि असली शांति ताकत के दम पर ही संभव होती है. उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षमा उसी को शोभा देती है, जिसके पास सामर्थ्य हो. उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी में प्रगति और युद्ध की बदलती प्रकृति को देखते हुए भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का जवाब एकजुट, त्वरित और निर्णायक रूप में देना होगा. उन्होंने थल, जल, वायु, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों में युद्ध के विकसित होते स्वरूप पर प्रकाश डाला और तीनों सशस्त्र बलों- थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच अधिक समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया. सीडीएस ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है और इससे कई अहम सबक सीखे गए हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संघर्ष का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा, जिसमें थल, जल, नभ के साथ-साथ अंतरिक्ष और साइबर डोमेन की निर्णायक भूमिका होगी. हमें गीता, महाभारत और चाणक्य नीति से प्रेरणा लेकर शक्ति, उत्साह और युक्ति -इन तीनों का संतुलन बनाना होगा. युद्ध में शस्त्र और शास्त्र दोनों समान रूप से जरूरी हैं. उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध अत्यंत खतरनाक और तकनीकी रूप से जटिल होंगे, जहां तीनों सेनाओं का समन्वय निर्णायक होगा. इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषित 'सुदर्शन चक्र मिशन' का भी जिक्र किया.

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच जवान, सात आतंकी व तीन नागरिकों की मौत

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के विभिन्न इलाकों में सप्ताहांत और सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी सशस्त्र संघर्ष में पांच सुरक्षाकर्मियों और एक दो साल के बच्चे समेत तीन नागरिकों की मौत हो गई. इस संघर्ष में कम से कम सात आतंकवादी भी मारे गए. डान अखबार ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से प्रसारित खबर में जानकारी दी कि ऊपरी दीर और निचले दीर जिलों में रविवार देररात सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बीच भीषण संघर्ष में पांच संदिग्ध आतंकवादी मारे गए और सात पुलिसकर्मी घायल हो गए. इस गोलीबारी में फंसे हतनार दारा के दो नागरिकों की जान चली गई. मारे गए आतंकियों के संबंध सीमा पार अफगानिस्तान से हो सकते हैं. बताया गया है कि निचले दीर के लाजबुक दारा इलाके में पुलिस और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई. स्थानीय लोगों ने बताया कि हमलावरों ने दो सैन्य ट्रकों और एक कार सहित पुलिस वाहनों को आग लगा दी. टीटीपी ने सोशल मीडिया पर फुटेज साझा करते हुए दावा किया कि लड़ाकों ने वाहनों को कब्जे में लेने के बाद फूंक दिया.

**ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया का मामला**

## वारंट लेकर गई पुलिस पर हमला, दो की मौत



**एजेंसी । मेलबर्न (विक्टोरिया)**

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में मंगलवार सुबह वारंट तामील कराने गई पुलिस पर घात लगाकर किए गए हमले दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई. इस गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी घायल भी हुआ है. द एज अखबार की खबर के अनुसार यह खूनखराबा मेलबर्न से लगभग 300 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और ब्राइट से सात किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित पोरेपुंका के ग्रामीण इलाके में आज सुबह लगभग 10:30 बजे हुआ. हमलावर बंदूकधारी फरार हैं. विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि 10 अधिकारी एक वारंट की तामील कराने गए थे. उन पर घात लगाकर हमला किया गया. घायल अधिकारी की हालत गंभीर है.

विक्टोरिया पुलिस के अनुसार इस दौरान हमलावर दो पुलिस अधिकारियों के हथियार भी छीन ले गए. पुलिस ने पोरपुंका के स्थानीय लोगों को अपने घरों के अंदर रहने की सलाह दी है. सारे इलाके को घेर लिया गया है. स्थानीय लोगों ने बताया है कि इलाके में भारी पुलिस बल मौजूद है. हमलावरों की तलाश में हथियारों से लैस हेलीकॉप्टरों को लगाया गया है.मेलबर्न से दो पैरामेडिक विमानों ने इलाके के लिए उड़ान भरी है. पुलिस इस गोलीबारी के संबंध में शाम 6 बजे वांगारट्टा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी. विक्टोरिया पुलिस आयुक्त माइक बुश ने दो पुलिस अधिकारियों की हत्या पर शोक व्यक्त किया है.

### पाकिस्तान में विवादास्पद धार्मिक विद्वान इंजीनियर मो अली मिर्जा गिरफ्तार

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के धार्मिक विद्वान इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा को आज पंजाब प्रांत के झेलम शहर में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उनकी गिरफ्तारी लोक व्यवस्था बनाए रखने (3 एमपीओ) की धारा 3 के तहत की गई है. द नेशन अखबार की खबर के अनुसार मौलवी मोहम्मद अली मिर्जा को झेलम के उपायुक्त के आदेश पर सिटी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने हिरासत में लिया और बाद में जेल भेज दिया. गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने उनकी अकादमी भी सील कर दी. यह कार्रवाई धार्मिक समूहों की औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद की गई. इससे पहले मौलवियों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर इंजीनियर मिर्जा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा के यू-ट्यूब चैनल पर 31 लाख सब्सक्राइबर हैं. वह धार्मिक मुद्दों पर ऑनलाइन व्याख्यान देने के लिए जाने जाते हैं. उनकी बेबाक शैली विवादों में रही है. इससे पहले मई 2020 में झेलम पुलिस ने एक विवादास्पद व्याख्यान के सिलसिले में उन्हें हिरासत में लिया था. मार्च 2021 में मिर्जा पर जानलेवा हमला भी हुआ था.

**समीक्षा बैठक** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह वीवीपी की समीक्षा बैठक में बोले-

# सीमाएं 30 किमी के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) की समीक्षा बैठक में सीमावर्ती जिलों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने पर जोर देते हुए कहा कि सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए.उन्होंने कहा कि ये अतिक्रमण एक सुनियोजित डिजाइन के तहत किए जा रहे हैं, जिन पर सख्ती से रोक लगाना आवश्यक है. अमित शाह ने यहां मंगलवार को गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित वीवीपी पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया. इस अवसर पर उन्होंने वीवीपी का लोगो भी लॉन्च किया. उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-1 में प्रशासन कार्यक्रम तक सीमित रहा, लेकिन वीवीपी-2 में दृष्टिकोण बदलना होगा. उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे सीमावर्ती इलाकों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने की दिशा में कदम उठाएं. सीमा से कम से कम 30 किलोमीटर दायरे तक सभी अतिक्रमण समाप्त होने चाहिए. गुजरात का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य ने समुद्री और भू सीमा से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाकर सराहनीय कार्य किया है. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतिम गांव को



"देश का पहला गांव" की उपाधि देकर सीमावर्ती इलाकों को देखने का दृष्टिकोण बदल दिया है. वीवीपी की परिकल्पना सीमांत गांवों से पलायन रोकना, हर नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना और इन गांवों को देश और सीमा की सुरक्षा का उपकरण बनाना जैसे तीन बिंदुओं पर आधारित है. शाह ने कहा कि आने वाले वर्षों में वीवीपी से जुड़े गांव देश और सीमाओं की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. इस कार्यक्रम के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया जा रहा है तथा पर्यटन और रोजगार सृजन के नए अवसर खोले जा रहे हैं. गृहमंत्री ने कहा कि जिला कलेक्टरों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) को केवल वीवीपी की सीमाओं में नहीं रुकना चाहिए, बल्कि इसे आगे बढ़ाकर और उपाय तलाशने चाहिए. उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभाग मिलकर सीमांत गांवों को सुरक्षा का उपकरण बनाएं. शाह ने कहा कि अगर होम-स्टे जैसी योजनाओं को हर सीमांत गांव तक ले जाया जाए और राज्यों के पर्यटन विभाग बुकिंग की उचित व्यवस्था करें, तो सीमावर्ती गांवों का कोई भी घर खाली नहीं रहेगा और हर परिवार को रोजगार मिलेगा. जिला कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि नागरिक गांव न छोड़ें और आबादी में वृद्धि हो. अरुणाचल प्रदेश में वीवीपी लागू होने के बाद कई सीमावर्ती गांवों में आबादी बढ़ी है, जो सकारात्मक संदेश है.शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से स्पष्ट कहा था कि जनसांख्यिकीय बदलाव चिंता का विषय है. उन्होंने कहा कि सीमांत जिलों के कलेक्टर इस मुद्दे को गंभीरता से देखें.

## पूर्व मंत्री सौरभ के घर ईडी ने मारे छापे

### दिल्ली में आप सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे भारद्वाज के 13 ठिकानों को खंगाला

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर ईडी छापेमारी की है. आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी ने जुलाई में केस दर्ज किया था. अब रेड की जा रही है, जिसपर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है और ये कि आप को टारगेट किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि, यह मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है. मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है. जिस



तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया. "आप" को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि मोदी सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज "आप" की है. मोदी सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है. ये कभी नहीं होगा. आप के कार्यकाल के दो स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका 5,590 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में जांच के दायरे में है. ईडी के मुताबिक, 2018-19 में आम आदमी पार्टी सरकार ने 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी थी. योजना थी कि छह महीने के भीतर आईसीयू अस्पताल तैयार कर दिए जाएंगे, लेकिन दावा है कि अब तक काम पूरा नहीं हुआ, जबकि 800 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुके हैं. अब तक सिर्फ 50% काम ही पूरा हुआ है. ईडी ने यह भी पाया कि दिल्ली सरकार के लोक नायक अस्पताल में निर्माण लागत 488 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. एजेंसी का आरोप है कि कई अस्पतालों में बिना सही मंजूरी के ही निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए. एसीबी ने अपने बयान में कहा था कि साल 2018-19 में अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, जिनमें 11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट शामिल थे.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.